# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

सोमवार, 24 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 171, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## कंपनियों की पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। } 14

## शाह ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। } 16



### संक्षेप

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के जमानत देने के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने वकीलों के जरिए इस मामले में सोमवार ही सुनवाई की मांग की है। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा निचली अदालत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अपनी आखिरी सांस ले रहा है आतंकवाद : सिन्हा

रियासी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है और हालिया आतंकवादी घटनाएं 'दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। रियासी जिले के तलवाड़ा में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 16वें बुनियादी भर्ती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बैच की पासिंग आउट परेड में सिन्हा ने कहा,' हमें आतंकवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले उनके सहयोगियों का पता लगाना चाहिए। कुल 860 कांस्टेबल ने प्रशिक्षण पूरा होने पर परेड में भाग लिया। उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई। उपराज्यपाल ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और इसने हमारे पड़ोसी (आतंक के निर्यातक को) हताश कर दिया है। हालिया आतंकी घटनाएं हमारे दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। सिन्हा ने कहा कि उनके प्रशासन का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कानूनी इतिहास को समझने की जरूरत

चेन्नई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को देश के सही कानूनी इतिहास को समझने की जरूरत पर जोर दिया क्योंकि देश की कानूनी प्रणाली औपनिवेशिक शासकों के नजरिए से स्थापित की गई थी। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मेघवाल ने यहां एक सम्मेलन में कहा कि औपनिवेशिक काल के दौरान भारत में बनाए गए कानूनों में तत्कालीन भारतीय लोकाचार और सामाजिक वास्तविकताओं की अनदेखी की गई तथा वे औपनिवेशिक शासकों की आवश्यकताओं के नजरिये पर आधारित थे। केंद्रीय मंत्री ने आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील मार्ग विषय पर आयोजित सम्मेलन में यह टिप्पणी की। यह इस श्रृंखला का चौथा सम्मेलन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इसरो ने करायी आरएलवी पुष्पक की तीसरी बार सफल लैंडिंग

एजेंसी



बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि उसने पुनः उपयोग में लाये जा सकने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) पुष्पक की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग करायी है।इसरो के अनुसार, उसने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की लैंडिंग कराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

इस मिशन में अंतरिक्ष से लौटने वाले यान को तेज हवाओं के बीच उतारने का अभ्यास किया गया, जिससे अंतरिक्ष एजेंसी की आरएलवी के विकास के लिए आवश्यक अहम प्रौद्योगिकियों को हासिल करने में विशेषज्ञता को बल मिला है।लैंडिंग एक्सपेरिमेंट (एलईएक्स-03) की श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) से भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 10 मिनट पर किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से, हंगामे के आसार

### महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाने पर नाराज है विपक्ष, सदन में मोदी सरकार को घेरने की पूरी तैयारी

एजेंसी।



नयी दिल्ली। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद, 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सत्र के दौरान लोकसभा में शोरगुल होने के आसार हैं। महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने कहा कि सुरेश 1998 और 2004 में चुनाव हार गए थे, जिस कारण उनका मौजूदा कार्यकाल निचले सदन में लगातार चौथा कार्यकाल है। इससे पहले, वह 1989, 1991, 1996 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थाई अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। कार्यवाही की शुरुआत में, कुछ क्षणों के लिए मौन रखा जाएगा। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे जो 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही चलाने में उनकी सहायता करेगी। राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टी आर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है। अध्यक्षों की समिति के बाद प्रोटेम स्पीकर मंत्रिपरिषद के सदस्यों को लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ दिलाएंगे। ये सदस्य अपने-अपने नाम के पहले अक्षर के क्रम में अगले दो दिनों में शपथ लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष पद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नीट मामले की सीबीआई जांच शुरू

### दर्ज की पहली प्राथमिकी,जांच के लिए गोधरा और पटना जायेंगे विशेष दल

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी विभिन्न राज्यों में पुलिस द्वारा दर्ज मामलों को भी अपने दायरे में लाने के लिए कदम उठा रही है।यह प्राथमिकी केंद्र द्वारा एजेंसी को परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच सौंपने की घोषणा के एक दिन बाद दर्ज की गयी है। केंद्रीय जांच ब्यूरो का कहना है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले कीजांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें बिहार के पटना और गुजरात के गोधरा भेजी जा रही हैं। दरअसल पटना और गोधरा में स्थानीय पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं। इस बीचएनटीए द्वारा जिन 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक देने पर विवाद हुआ था, उनकी परीक्षा आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत एक नया मामला दर्ज किया है। परीक्षा 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की जांच के लिए कई शहरों में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग मानते हुए शनिवार को जांच सीबीआई को सौंप दी। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितता, धोखाधड़ी और कदाचार के कुछ मामले सामने आए हैं। एक समीक्षा के बाद परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए यह निर्णय लिया गया कि मामले को व्यापक जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया जाए। गौरतलब है कि 5 मई को देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। परीक्षा आयोजित होने के बाद से ही इसका पेपर लीक होने के आरोप लगने शुरू हो गए।

6 मई को पेपर लीक की आशंका पर पटना पुलिस ने इस मामले में एक एफआईआर भी दर्ज की। केंद्रीय एजेंसियों की सूचना पर पटना पुलिस ने शास्त्री नगर थाने में इसको लेकर एक प्राथमिकी भी दर्ज की। पेपर लीक की जांच का मामला 10 मई शुक्रवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) को सौंप दिया गया। कार्यवाही में पटना पुलिस की ईओयू इकाई ने 11 मई को चार परीक्षार्थियों और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन भारत की एकता के लिए समर्पित था: आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। मुखर्जी पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1953 में 'एक देश, एक प्रधान, एक विधान और एक निशान' के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा, देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में भारत ने अपना संविधान लागू किया।

लेकिन संविधान लागू करने के साथ ही तत्कालीन कांग्रेस नीत सरकार ने देश के संविधान में अनुच्छेद 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार की मंशा को ध्यान में रखते हुए डॉ. मुखर्जी, जो उस समय केंद्र सरकार में मंत्री थे, ने अपना पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा और अखंडता के लिए कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए एक बड़ा आंदोलन शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कश्मीर सत्याग्रह के लिए अपना जीवन बलिदान करना पड़ा, जिसे उन्होंने भारतीय जनसंघ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शुरू किया था। कश्मीर में धारा 370 हटाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए योगी ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का जो सपना था वह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान की उन भावनाओं का सम्मान करने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लिए, देश की अखंडता और सीमाओं की सुरक्षा के लिए त्याग और बलिदान देने वालों को यह एक श्रद्धांजलि है। इसके पहले योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार ने नौजवानों का भविष्य किया बर्बाद

### भाजपा ने 10 साल में शिक्षा तंत्र को किया चौपट : अखिलेश

विशेष संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर नौजवानों का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि इस सरकार ने शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को नकल माफिया के हवाले कर दिया है। यादव ने यहां एक बयान में राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा (नीट) को लेकर उठे विवाद की तरफ इशारा करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उसने शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर नकल माफिया के हवाले कर दिया है।

यह सरकार एक भी परीक्षा पारदर्शिता से करने की क्षमता नहीं रखती है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में सराबोर है। भ्रष्टाचारियों की गिरफ्त में है। उन्होंने कहा, भाजपा ने 10 वर्ष के कार्यकाल में पूरे तंत्र को खोखला कर दिया है। यह सरकार छात्रों और युवाओं के साथ-साथ देश के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। छात्रों की मेहनत पर पानी फेर रही है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। यादव ने आरोप गया कि भाजपा की सरकार पूरी तरह से झूठ और लूट पर चल रही है और महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है, कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। बलिया, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर के बाद शाहजहांपुर के तिलहर में भी कर्जदारों ने आत्महत्या कर ली है। बरेली में जमीन पर कब्जे को लेकर दिनदहाड़े गोलियां बरसाई गई।सपा प्रमुख ने कहा, सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। खुलेआम हत्याएं हो रही हैं। पुलिस प्रशासन और भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह से बेलगाम हैं। कानून-व्यवस्था पर सरकार का नियंत्रण खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हालात शर्मनाक हैं। यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद जिस तरह प्रदेश के कन्नौज, फिरोजाबाद और अलीगढ़ में प्रशासनिक विफलता की वजह से हत्या और फसाद हुआ है, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार ने किया शिक्षा व्यवस्था को माफिया के हवाले

### देश के काबिल युवा अपना बेशकीमती समय गंवा रहे हैं : प्रियंका

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने नीट-यूजी सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए एक समिति गठित की है।

केंद्र सरकार ने शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) में अनियमितताओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नीट-यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट रद्द करदिए गए। उन्होंने पोस्ट में कहा कि आज, देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। प्रियंका ने पोस्ट में कहा कि लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है। उन्होंने कहा कि हालत यह हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। पोस्ट में कहा गया है, आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी है। देश के काबिल युवा अपना बेशकीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गंवा रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- डिजिटली एक्टिव होंगे प्रदेश के परिषदीय विद्यालय (पृष्ठ-02)
- यूपी में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य (पृष्ठ-02)
- एफपीआई ने शेयरों में 12,170 करोड़ डाले (पृष्ठ-14)
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** वर्तमान में 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र संचालित, 968 गांव बाढ़ से जलमग्न

## असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 1.17 लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है और 10 जिलों में 1.17 लाख से अधिक आबादी प्रभावित है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इन जिलों के 27 राजस्व क्षेत्र के 968 गांव बाढ़ से जलमग्न हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी वर्तमान में 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहे हैं, जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। शर्मा ने यह भी कहा कि बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी वर्तमान में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।



असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी (एएसडीएमए) के अनुसार, हालांकि दो लोगों की मौत हो गई, लेकिन शनिवार को बाढ़ प्रभावितों की संख्या घटने के साथ स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

## ईटानगर में फटा बादल, कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति, भारी बारिश से कई घर तबाह

ईटानगर। ईटानगर में बादल फटने से कई जगह भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थितियां पैदा होती जा रही हैं. अधिकारियों ने बताया कि बीते कुछ हफ्तों से अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो रही है। मानसून के आगमन के बाद अब कुछ राज्यों में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में बादल फटने से कई जगह भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थितियां पैदा होती जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि बीते कुछ हफ्तों से अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो रही है। हालांकि, पिछले दो दिनों में स्थिति में तो सुधार आया है, लेकिन रविवार को बादल फटने से कई इलाकों में भूस्खलन के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी की आज सुबह करीब 10.30 बजे बादल फटा, जिसके बाद ईटानगर और उसके आसपास के इलाकों के कई हिस्सों से भूस्खलन की खबरें आईं, जबकि ठल्-415 के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति देखी गई. उन्होंने बताया कि राजधानी के लोगों के लिए लाइफ लाइन कहे जाने वाले राजमार्ग पर कई गाड़ियां खड़ी रही। बादल फटने के बाद बनती स्थितियों को देख के जिला प्रशासन ने लोगों को नदियों और भूस्खलन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में दो जवान शहीद

एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

संक्षेप

## केशव मौर्य ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद् और महान विचारक थे। राष्ट्र की एकता और विकास में योगदान के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे उपासक थे। प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान-एक निशान-एक प्रधान के नायक थे। उनका जीवन दर्शन आज भी अनुकरणीय है। हम सबको उनके जीवन दर्शन और सुकृत्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए।

## सपा प्रतिनिधिमंडल आज जायेगा कन्नौज

**लखनऊ।** सपा का प्रतिनिधि मण्डल 24 जून को कन्नौज जायेगा। कन्नौज के अकबरपुर ब्लाक मुगरापुर थाना कन्नौज निवासी अरबाज व उनके चाचा तथा अन्य 4-5 लोग गुरसहायगंज के पास इंदुइयागंज मार्ग पर बने स्वमिंग पूल में नहाने गये थे वहां पर बिच्छू गैंग के लगभग 24-25 लोगों ने हमला कर दिया जिसमें कई लोग घायल हो गये जब कि अरबाज गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें कानपुर रेफर किया गया। अरबाज की रास्ते में ही मृत्यु हो गई जिसकी जांच एवं जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधि मण्डल ग्राम अकबरपुर, कन्नौज पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल में अरविन्द यादव पूर्व विधायक छिबरामऊ कन्नौज, अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी विधान सभा क्षेत्र तिर्वा, ताहिर सिद्दीकी पूर्व विधायक, कल्याण सिंह दोहरे पूर्व विधायक, मो. कलीम जिलाध्यक्ष सपा कन्नौज, आकाश मौर्या प्रदेश सचिव सपा, कुक्कू चौहान तिर्वा कन्नौज, छोटे ठाकुर पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन गुरसहायगंज, यश दोहरे (अंशुल) कन्नौज शामिल है।

## सीएम के सचिव के नाम से अफसरों को धमकाने वाला शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव के नाम से फोन करके प्रशासनिक अधिकारियों पर धौंस जमाकर ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि आरोपी विवेक शर्मा उर्फ बन्टू चौधरी को बस्ती जिले में गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने कहा कि पूछताछ के दौरान विवेक ने बताया कि वह आगरा जिले के बाह क्षेत्र का रहने वाला है और अधिकारियों व आम लोगों को झांसा देने के लिये फोन पर सचिव माननीय मुख्य मंत्री जी उत्तर प्रदेश के यहां से बोल रहा हूं कहकर बात शुरू करता था, जिससे दूसरा व्यक्ति तत्काल उसके प्रभाव में आ जाता था।

# डिजिटली एक्टिव होंगे प्रदेश के परिषदीय विद्यालय

## परिषदीय विद्यालयों में अगस्त माह से लागू हो जायेगी सभी रजिस्टर्स को डिजिटल भरे जाने की प्रक्रिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को डिजिटली एक्टिव करने को लेकर अपनी मुहिम को आगे बढ़ाने जा रही है। इस क्रम में प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों के सभी

- 12 तरह के रजिस्टर्स को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की अटेंडेंस भी होगी डिजिटल
- 15 जुलाई से शिक्षकों को टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम के माध्यम से दर्ज करानी होगी उपस्थिति

12 तरह के रजिस्टर्स को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल मार्क किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम (चेहरा दिखाकर) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 15 जुलाई से यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार बीते काफी समय से परिषदीय स्कूलों में सभी तरह के कार्यों को डिजिटली किए जाने पर जोर दे रही है। इसी के तहत इन स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल मॉड्यूल तैयार किया गया है। यही नहीं, डिजिटल अटेंडेंस के लिए भी स्कूलों को टैबलेट और सिम प्रदान किए गए हैं।

**प्रेरणा पोर्टल पर विकसित किया गया 'डिजिटल रजिस्टर्स' मॉड्यूल :** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह परिषदीय स्कूलों के सभी रजिस्टर डिजिटल माध्यम से ही भरवाएं। स्कूलों में उपस्थिति, प्रवेश, कक्षावार छात्र उपस्थिति, मिड डे मील, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण, स्टाक, आय-व्यस्क एवं चेक इश्यू, बैठक, निरीक्षण, पत्र व्यवहार, बाल गणना और पुस्तकालय एवं खेलकूद रजिस्टर को डिजिटल किया गया है। पंजिकाओं के सरलीकरण तथा टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल माध्यम से उपयोग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स नाम से नया



मॉड्यूल विकसित किया गया है। वर्तमान में उपयोग की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही पंजिकाओं का डिजिटल फॉर्मेट तैयार किया गया है। इसके अनुरूप अब सभी एंट्री डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही अंकित की जाएंगी।

**विद्यालयों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं टेबलेट :** 12 डिजिटल रजिस्टर्स में टीचर अटेंडेंस रजिस्टर भी शामिल है। ऐसे में विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं कार्मिकों को प्रतिदिन अपनी उपस्थिति डिजिटली दर्ज करानी होगी। इसमें विद्यालय आगमन से लेकर जाने तक का समय अंकित किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार समस्त अध्यापक 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक आगमन उपस्थिति प्रातः 7.45 से 8 बजे तक और प्रस्थान दोपहर 2.15 से 2.30 बजे तक लगाएंगे। वहीं एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8.45 बजे से सुबह नौ बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3.15 बजे से 3.30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। हालांकि फिलहाल, अग्रिम आदेश तक शिक्षक सुबह 7.15 बजे से 7.30 बजे तक उपस्थिति लगाएंगे और प्रस्थान उपस्थिति दोपहर 1.30 बजे से 1.45 बजे तक लगा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद उपस्थिति मान्य नहीं होगी। विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक/कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोग के लिए 2,09,863 टेबलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए टेबलेट उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। इन विद्यालयों में समस्त अध्यापकों एवं कार्मिकों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराए गए अपने मोबाइल नंबर/स्मार्टफोन से अपनी उपस्थिति प्रतिदिन अंकित की जाएगी। इसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति प्रमाणित की जाएगी। टैबलेट व स्मार्टफोन को जियोफेंसिंग के माध्यम से पहचाना जाएगा तथा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करते समय अध्यापक और प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

**छात्रों का पूरा डाटा भी होगा डिजिटल :** इसी तरह कक्षावार स्टूडेंट अटेंडेंस रजिस्टर पर अध्ययनरत समस्त छात्रों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जाएगी। छात्रों के लिए उपस्थिति का समय एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह आठ बजे से नौ बजे तक और एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ बजे से 10 बजे तक दर्ज होगी। अभी अग्रिम आदेश तक सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक हाजिरी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त बच्चों के नामांकन के दौरान डिजिटल रजिस्ट्रेशन रजिस्टर में उनकी पूरी डिटेल दर्ज कराई जा सकेगी। इसमें छात्र का नाम, लिंग, जन्मतिथि, माता-पिता का विवरण, आधार संख्या आदि होगी। नामांकन करने पर सिस्टम द्वारा एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे प्रधानाध्यापक द्वारा डिजिटल रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। छात्र की डिटेल को प्रेरणा पोर्टल/प्रेरणा डीबीटी एप के माध्यम से भरा या अपडेट किया जाएगा। अंतिम कक्षा उत्तीर्ण व अन्य विद्यालय के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी किए जाने का विवरण भी डिजिटल रजिस्ट्रेशन डिटेल्स रजिस्टर में अंकित होगा।

# योजनाओं का लाभ जनता को मिलेगा : जितिन प्रसाद

विशेष संवाददाता (vol)

*लखनऊ* /पीलीभीत में आयोजित वीएलई संवाद कार्यक्रम में राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार जितिन प्रसाद ने लगभग सौ सीएससी वीएलई के साथ मुलाकात की और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल और स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा ने राज्यमंत्री का बुकें और अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया।

स्टेट हेड सीएससी, राजेश मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश में 1 लाख 62 हजार से अधिक सीएससी केंद्र जनता को सेवा दे रहे हैं, जबकि पीलीभीत जनपद में दो हजार से अधिक सीएससी वीएलई सक्रिय रूप से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र नागरिकों के पंजीकरण में सहयोग कर रहे हैं। ये केंद्र पीएम स्कीम पंजीकरण, डीबीटी भुगतान, बैंकिंग और आधार सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल ने आश्वासन दिया कि सीएससी योजना को स्थानीय नागरिकों तक पहुँचाने में सीएससी केन्द्रीय तथा राज्य कार्यालय त्वरित भूमिका निभाएंगे। अपने उद्बोधन में राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत का जिक्र करते हुए कहा कि उनका यह पहला कार्यक्रम उनके कर्मभूमि पीलीभीत में हो रहा है। उन्होंने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के अधीन सीएससी कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने, नौजवानों को रोजगार के नए अवसर देने और सीएससी केंद्रों की सेवाओं को बिना किसी कष्ट के जनता को उपलब्ध कराने पर बल दिया।

# फिरोजाबाद में कांच निर्माण की एक समृद्ध विरासत है : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप्र सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज रविवार को फिरोजाबाद स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में 47.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले ग्लास

- पर्यटन मंत्री ने फिरोजाबाद जनपद को 47.47 करोड रुपये की सौगात दी
- सुहाग नगरी में ग्लास म्यूजियम एवं पर्यटन सूचना केन्द्र का किया शिलान्यास

म्यूजियम एवं पर्यटन सूचना केन्द्र का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री का जनपद के कांच से जुडे. उद्योगपतियों, गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया।

पर्यटन मंत्री ने शिलान्यास के उपरान्त अपने सम्बोधन में कहा कि फिरोजाबाद कांच उद्योग का केंद्र है,




जिसे भारत का कांच शहर भी कहा जाता है, अपने जीवंत कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। फिरोजाबाद में कांच निर्माण की एक समृद्ध विरासत है, जो कई शताब्दियों पुरानी है। इसकी कांच फैक्ट्रियां विभिन्न प्रकार के कांच उत्पादों का उत्पादन करती हैं, जिनमें उत्तम झूमर और लैंप से लेकर जटिल चूड़ियाँ और सजावटी वस्तुएँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यापक परियोजना का उद्देश्य न केवल फिरोजाबाद में कांच बनाने की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित करना है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं भी प्रदान करना है। प्रदर्शन क्षेत्रों, दीघाओं, ऑडिटोरियम और एक पर्यटन केंद्र का एकीकरण आगंतुकों के लिए एक बहुउद्देशीय अनुभव ही सुनिश्चित नहीं कराएगा बल्कि फिरोजाबाद के कांच उद्योग के महत्व और सुंदरता को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेगा।

पर्यटन मंत्री ने इस परियोजना के बारें में विस्तार से बताया कि 450 सीटिंग क्षमता का एक ऑडिटोरियम हॉल, 150 व्यक्ति की क्षमता का एक बहुउद्देशीय हॉल, एक प्रदर्शनी कक्ष, 50-75 व्यक्ति की क्षमता का कार्यशाला क्षेत्र, एक वॉच टावर, 120 व्यक्ति की क्षमता का कैफेटेरिया, 150 व्यक्ति की क्षमता का ओपन एयर थिएटर, बडी क्षमता वाले सम्मेलन कक्ष का पर्यटक सूचना केंद्र का बैठक कक्ष, कार्यालय के साथ ही ठहरने की सुविधाएं, चाहरदीवारी और अन्य साइट विकास कार्य किए जाएगें। उन्होंने मौके पर ही पर्यटन के एम डी को म्यूजियम के कार्य पूर्ण होने का समय तय कराते हुए पूंछा कि यह परियोजना जनपद वासियों को कबतक सौंप दी जाएगी, जिस पर एमडी ने बताया कि आगामी एक वर्ष में जून 2025 को परियोजना पूरी कर फिरोजाबाद की जनता को सौंप दी जाएगी।

मंत्री ने मंच से ही कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में परियोजना पूरी करने में कोई कोताही न बरती जाए, उन्होंने कहा कि इसके लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर उन्हांने यह भी बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में फिरोजाबाद के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 165 करोड़ के विभिन्न कार्य हुए हैं। उन्होने कहा कि आगे भी वह फिरोजाबाद के विकास में कोई कोताही नही छोडेंगें। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियां को स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास की चाबी, विद्यार्थियों को टेबलेट, कृषि विभाग के लाभार्थियों को चेक आदि वितरण किया।

# यूपी में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में 35 करोड़ पौधों को रोपने और उनके संरक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। इसमें कहा गया कि सरकार ने सबके साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को नौ फीसदी से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए प्रदेशव्यापी अभियान के तहत सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। बयान के मुताबिक, इस लक्ष्य के तहत वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग को 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि विभाग को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग को 1.55 करोड़, पंचायती राज विभाग को 1.28 करोड़, राजस्व को विभाग को 1.06 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

इसी तरह नगर विकास विभाग को 35 लाख, उच्च शिक्षा विभाग को 18 लाख, रेशम विभाग को 14 लाख,



लोक निर्माण, रेलवे व जलशक्ति विभाग को 13-13 लाख, बेसिक शिक्षा विभाग को 12 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 11 लाख, उद्योग विभाग को नौ लाख, औद्योगिक विकास व माध्यमिक शिक्षा विभाग को आठ-आठ लाख, गृह-पशुपालन विभाग को सात-सात लाख, ऊर्जा व सहकारिता विभाग को छह-छह लाख, आवास विकास, रक्षा व प्राविधिक शिक्षा को पांच-पांच लाख, श्रम व परिवहन विभाग को तीन-तीन लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। अभियान के तहत राज्य के सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊमंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली दिखे। इस निर्देश में कहा गया है कि वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के आसपास की भूमि, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर की भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि और कृषकों की सहमति से उनकी निजी भूमि पर पौधरोपण कर राज्य को हरा-भरा किया जाए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे : भूपेन्द्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बहराइच में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर अपने श्रद्धा सुमन

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बहराइच में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण कर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

अर्पित किये, वहीं पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेशभर के सभी सांगठनिक जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम



आयोजित किये एवं गोष्ठी कर उनके विचारों को सुना।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, भारतीय राजनीति को उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर रविवार को बहराइच में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण किया एवं महसी विधानसभा अंतर्गत बूथ संख्या 361 पर आयोजित कार्यक्रम में उनके छाया चित्र पर पुष्पार्चन कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रहित में किया गया अकल्पनीय कार्य एवं उनका आदर्श व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रख्यात चिंतक, विचारक, शिक्षाविद और महान देशभक्त थे। उन्होंने कहा कि डा. मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए लगा दिया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया था। इसी विरोध के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के एक माह बाद उनकी जेल में ही संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। चौधरी ने कहा जिस जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने और वहां जाने के लिए परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया उस लड़ाई को भाजपा ने आगे बढ़ाया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 6 अगस्त 2019 को धारा 370 को खत्म कर एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के नारे को स्थापित किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग और विचारो को आत्मसात करते हुए कार्य करें और देश को मजबूत करने में अपना योगदान दें।

# अब दुनिया चखेगी दशहरी और लंगड़े का स्वाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत के प्रसिद्ध दशहरी आम की धूम अब अमेरिका में भी मचने जा रही है। अमेरिका के लोग भी अब दशहरी (मलिहाबादी) आम का स्वाद चख पाएंगे। यूपी सरकार ने अमेरिका के लिए 4 टन दशहरी आम भेजा है। ये आम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी शहरों के लिए रवाना

- योगी सरकार ने यूएस को भेजी आमों की खेप

किए गए हैं। फिलहाल आमों का यह कंसाइनमेंट बेंगलुरु भेजा गया है, जहां से फ्लाइट के जरिए उसे अमेरिकी शहरों में भेज दिया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक यूपी सरकार की ओर से आमों की यह खेप लखनऊ के सेंट्रल इंस्टिट्यूट फॉर सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर की ओर से भेजी गई है। संस्थान की ओर से इसके लिए मलिहाबाद में आमों के बाग के 15





मालिकों से संपर्क किया गया था। उनसे आम हासिल करने के बाद उन्हें अब बेंगलुरु भेजा गया है, जहां पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर रिसर्च उस खेप की जांच करेगी। इस इंस्टिट्यूट को अमेरिका के फडीए की ओर से मान्यता प्राप्त है।

अमेरिका में खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता पर बहुत ध्यान दिया जाता है। इसीलिए कई स्तर पर आम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद उसे हवाई मार्ग के जरिए अमेरिका पहुंचाने का फैसला लिया गया है, जिससे वे खराब न हो पाएं। उन्होंने बताया कि यूपी में आम की बड़े पैमाने पर खेती होती है। पश्चिमी यूपी में जहां लंगड़ा और चौसा आम प्रसिद्ध हैं, वहीं पूर्वी यूपी में लखनवा सफेदा और दशहरी आम प्रसिद्ध हैं। अपने लजीज स्वाद के बावजूद भारत से निर्यात होने वाले आमों में यूपी की हिस्सेदारी बहुत कम है। फिलहाल यह हिस्सा महज 2 प्रतिशत है। इसलिए यूपी सरकार अब अपने आमों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग करके आम के निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहती है। यूपी के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह कहते हैं कि दुनियाभर में उगने वाले आम के उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है, जब निर्यात में भागीदारी केवल 6 प्रतिशत है। भारत में भी आम का सबसे ज्यादा उत्पादन यूपी में होता है, जो देश के कुल उत्पादन का 35 प्रतिशत है। वहीं निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। इसका सीधा सा मतलब है कि अगर यूपी देश के आम निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाता है तो इससे मुल्क का निर्यात भी दुनिया में बढ़ जाएगी।

**जेवर में बनाया जा रहा टेस्टिंग-ट्रीटमेंट सेंटर :** उन्होंने बताया कि इसी सोच के साथ यूपी के आमों को विदेशी बाजारों में बेचने के लिए योगी सरकार नोएडा हवाई अड्डे के पास 50 एकड़ भूमि में एक टेस्टिंग और ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण कर रही है। इसके लिए किसानों से भूमि अधिग्रहण का काम चल रहा है। नोएडा हवाई अड्डे के पास गुणवत्ता जांच केंद्र होने से खरीदार देशों को आम निर्यात करने को भारी प्रोत्साहन मिलेगा।

# कार्यकर्ता पार्टी जनाधार को आगे बढ़ायें : मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली केंद्र की मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार किसी भी वक्त अस्थिर हो सकती है लिहाजा पार्टी कार्यकर्ता पूरे देश में अपने मिशन से जुड़े लोगों को आगे बढाकर बसपा के जनाधार को युद्धस्तर पर बढ़ाएं। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में बसपा की पराजय के बाद मायावती ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों, राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई।

बैठक में मायावती ने कहा, वर्तमान में केंद्र की भाजपा एवं उसकी राजग सरकार पूर्ण रूप से स्थिर नहीं है। उसके कभी भी अस्थिर होने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में पार्टी के लोगों को पूरे देश में संगठन में मिशनरी लोगों को आगे करके पार्टी के जनाधार को युद्धस्तर पर बढ़ाना है, ताकि हर स्तर पर पार्टी मजबूत हो सके। मायावती ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने संविधान बचाने तथा अन्य मुद्दों को लेकर गलत प्रचार करके मतदाताओं को गुमराह किया जिससे बसपा को जबरदस्त नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, चुनाव में खासकर गरीब और कमजोर वर्गों के लोग

- मायावती ने भतीजे आकाश आनन्द को फिर बनाया उत्तराधिकारी
- विधानसभा उपचुनाव लड़ेगी बसपा

किसी न किसी मुद्दे को लेकर गुमराह हो जाते हैं और अपनी एक मात्र हितैषी पार्टी बसपा को नुकसान पहुंचाकर उनका ही शोषण करने वाली पार्टी को सत्तासीन करा देते हैं। यह कतई उचित नहीं है। उन्हें बार-बार गुमराह होने की अपनी आदत छोड़नी होगी। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा राज में संविधान को खतरा बताने वाली कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को भारतीय संविधान सभा में आने से रोकने के लिये तरह-तरह के हथकंडे अपनाये थे, वह उनके द्वारा बनाये गये संविधान को बचाने की बात कैसे कर सकती है? इसके साथ बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज के वर्गों को एकजुट होकर अपनी अलग से राजनैतिक पार्टी बनाकर केंद्र और राज्यों की सत्ता भी अपने हाथों में लेने की सलाह दी थी ताकि वे संविधान में दिये गये कानूनी अधिकारों का पूरा लाभ ले सकें। उन्होंने निकट भविष्य में देश के कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाने की हिदायत दी। बैठक के बाद पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया, बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आकाश आनन्द को पूरी परिपक्वता के साथ पार्टी में कार्य करने के लिए फिर से मौका दिया है। यह पूर्व की तरह ही पार्टी में अपने सभी पदों पर बने रहेंगे। अर्थात यह पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) के साथ-साथ मेरे एकमात्र उत्तराधिकारी भी बने रहेंगे।

# फैंस ने बहुत सपोर्ट किया, आज हम उनकी वजह से इस मुकाम पर खड़े हैं : गौरव शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कलर्स टीवी के शो 'डांस दीवाने' सीजन 4 को उसका विनर मिल गया है। फरवरी में शुरूआत हुए इस शो में 27 कंटेस्टेंट और 5 वाइल्ड-कार्ड कंटेस्टेंट शामिल थे। जिनमें से पांच कंटेस्टें फाइनल तक पहुंचे। 25 मई 2024 को हुए इस ग्रैंड फाइनल में इन सभी कंटेस्टेंट को पीछे छोड़कर गौरव शर्मा और नितिन ने डांस दीवाने सीजन 4 की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की, और इसके साथ हीं लाखों का इनाम भी अपने नाम किया। आइये जानते हैं इन दो विजेताओं से जीत के बाद कैसा महसूस कर रहे हैं।

**आप डांस दीवाने सीजन 4 के विजेता बन चुके हैं। जीत की ट्रॉफी उठाकर कैसा महसूस हो रहा है ?**

गौरव- बहुत हीं अमेजिंग फील हो रहा है स्टेज पर खड़े रहना और फिर जब आपका नाम विनर के तौर पर अनाउंस हो तो वो फीलिंग हीं बहुत अलग होती है। बहुत खुशी हो रही है।

नितिन- मै अनाउंसमेंट सुनकर इतना खुश हो गया कि मै स्टेज पर हीं लेट गया।

**क्या कोई ऐसे कंटेस्टेंट थे जो आपके हिसाब से आपको टफ कम्पटीशन दे रहे थे ?**

गौरव- हर्ष और देवांश हमें टफ कम्पटीशन लगते थे।

**उनके डांस की खास बात आपको क्या लगती थी ?**

गौरव- वो भी हमारी तरह हीं थे, वो हमेशा से अपने डांस में नयी नयी चीजें लेकर आते थे।

नितिन- वह कई तरह के डांस फॉर्म करते थे और मेहनती भी थे।

गौरव- काफी तरह के डांस तो नहीं, अलग-अलग तरह के डांस तो सबसे ज्यादा हम हीं करते थे। लेकिन वो लोग चुप रहकर भी जो चीजें कर जाते थे वो कोई और कर नहीं पाता शो में, इसलिए मुझे वो डिजर्विंग लगता था।

**दोनों जजेज माधुरी दीक्षित और सुनील शेट्टी को कितना मिस करेंगे ?**



गौरव- सिर्फ उनको हीं नहीं सबको मिस करेंगे क्योंकि एक वीक में हमारा एक शूट होता था, तो हम सबकुछ मिस करेंगे।

**माधुरी दीक्षित और सुनील शेट्टी की कोई ऐसी बात जो आपको बहुत खास लगती है ?**

गौरव- कोई एक खास बात नहीं है, वो पुरे हीं खास हैं। बहुत हीं प्यारे हैं और बहुत हीं पॉजिटिव कमेंट देते हैं।

नितिन- सुनील सर बहुत हीं हम्बल पर्सन हैं और माधुरी मैम बहुत हीं सुन्दर हैं।

**ऑडिशन से लेकर फाइनल तक आपने जिस स्टेज पर परफॉर्म किया है, उसको कितना मिस करेंगे ?**

गौरव- स्टेज को बहुत मिस करूँगा, उस स्टेज पर हमें कई चोटें भी लगी हैं तो वो हमारे लिए बहुत यादगार रहेगा। अगर इस स्टेज पर लगी किसी भी चोट में अगर दोबारा दर्द होता है तो हमें ये स्टेज हीं याद आयेगा।

**इस शो की इस जर्नी से क्या यादें लेकर जा रहे हैं ?**

गौरव- सबसे खास बात तो यही है कि हम दोनों यहाँ से सबका प्यार लेकर जा रहे हैं। हमारी कभी किसी से कोई लड़ाई नहीं हुई, हम दोनों से सभी लोग बहुत रहते थे।

**शो में कई सेलेब्रिटी गेस्ट भी आये थे जिनके सामने आप लोगों ने परफॉर्म किया था। उनसे जुड़ी किसी मेमोरी के बारे में शेयर करना चाहेंगे ?**

गौरव- जब करिश्मा कपूर मैम आयीं थी वो मोमेंट मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि मै उनका बहुत समय से फैन रहा हूं। हमारा परफॉरमेंस खत्म होने के बाद जब उन्होंने स्टेज पर आकर हमें मेडल पहनाया था तब वो मोमेंट हीं कुछ अलग सा खास बन गया था।

**आपने शो के कंटेस्टेंट के साथ भी काफी समय बिताया है तो आप उनको कितना मिस करने वाले हैं ?**

गौरव- सब लोग फैमिली की तरह हीं थे इसलिए सबको मिस करूँगा लेकिन सबसे ज्यादा नितिन को मिस करूँगा क्योंकि मै सबसे ज्यादा इसी के साथ रहता था।

**आनेवाले समय में डांस को लेकर और क्या प्लान्स हैं आपके ?**

गौरव- डांसिंग को लेकर ऐसा कोई प्लान तो किसी का नहीं होता है। डांस में ट्रेनिंग होती है तो इसके बाद मै अपनी ट्रेनिंग पर ध्यान दूंगा।

नितिन- इसके बाद एक्टिंग क्लास जाना है और एक्टर बनना है।

**बिग बॉस के कंटेस्टेंट अभिषेक कुमार आपको सपोर्ट करने के लिए आये थे, वो एपिसोड कैसा रहा ?**

गौरव- वो एपिसोड तो बहुत हीं अमेजिंग था, उसमें हमारा परफॉरमेंस भी खतरनाक था। बाकी दर्शक तय करेंगे।

**अभिषेक खतरों के खिलाड़ी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, उनको कुछ कहना चाहेंगे ?**

गौरव- आल द बेस्ट, जीत जाओ, हम भी जीत गए।

**फाइनल का परफॉरमेंस कैसा रहा आपके लिए ?**

गौरव- फाइनल का परफॉरमेंस बहुत हीं अमेजिंग रहा।

**इस जर्नी में आपको फैंस का काफी सपोर्ट मिला, उसके बारे में कुछ कहना चाहेंगे ?**

गौरव- फैंस ने बहुत सपोर्ट किया, आज हम उनकी वजह से हीं यहाँ पर खड़े हैं। उन्होंने बहुत प्यार दिया है और यही हमारे लिए सबसे अहम है।

**इस ट्रॉफी को जीतने के बाद अपने फैंस के लिए क्या कहना चाहेंगे ?**

गौरव- आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद, आपने हमें इतना प्यार दिया। ये हमारी ट्रॉफी के साथ साथ आपकी भी ट्रॉफी है क्योंकि आपलोगों ने हीं हमें जिताया है।

# कई विभूतियों को मिला उड़ान लता मंगेशकर सम्मान

## उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में लता मंगेशकर और ऋषि कपूर को गीतों व नृत्य के जरिए दी गयी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** लोक संस्कृति को समर्पित संस्था उड़ान के तत्वावधान में आज उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर एवं फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर की स्मृति में आयोजित ' तुम मुझे यूं ना भुला पाओगे-3' संगीत रूपक कार्यक्रम में अनेक विभूतियां उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित हुईं।

सरिता सिंह के संयोजन में हुए तुम मुझे यूं ना भुला पाओगे कार्यक्रम का शुभारंभ स्वरा त्रिपाठी, आर्या पटेल, अदिति गौतम, जानवी, आशी और दिव्यान्शी ने सरस्वती वंदना पर भाव नृत्य से किया। विद्या की देवी के चरणों में अर्पित इस प्रस्तुति के उपरान्त बरेली ग्रुप के कलाकारों सुनीता गुप्ता, संगीता गुप्ता, उषा, प्रीति जायसवाल, शालिनी द्विवेदी, लक्ष्मी और कल्पना ने लता जी के गाए गीत तेरी बिंदिया मेरी निंदिया पर आकर्षक नृत्य पेश किया।

इसके उपरांत हमजोली ग्रुप के कलाकारों कृतिका पांडेय, समायरा, मिष्ठी केसरवानी, अनुप्रिया शुक्ला, तनिष्का, विकिशा अग्रवाल, आधिरा बिष्ट, आशनी दिनेश, आन्या, स्वास्तिका ने आन मिलो सजना गीत पर मनमोहक नृत्य की छटा बिखेरी। दिल को जीत लेने वाली इस पेशकश के बाद पूजा पांडे ने पायलिया हो हो हो, नीतू शर्मा ने करे करे बदर, शिखा पांडे ने आन मिलो सजना, सविता कनौजिया ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा, ऋतिका सक्सेना ने छाया बरखा बहार पड़े अंगना, निशा आर्य ने कंकरिया मार के जगाया, अर्पिता सिंह ने मैं तेरी दुश्मन, दुश्मन तू मेरा, भारती सिंह ने बलमा सिपहिया, मोहिनी धपोला ने मन भरमेंगे मेरी सुदभुद ख्वे गये, रिंकू ने तेरी बिंदिया मेरी निंदिया, गिरीश कुमारी ने जा रे जा ओ हरजाई, कल्पना त्रिपाठी ने दिल दीवाना बिन सजना के मने ना, सीमा राय ने चक्कू छुरिया तेज करा, आराधना गुप्ता ने यह गलियां यह चौबारा गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इसके अलावा समीक्षा पटेल, आराध्या बाछिल, आकांक्षा, मयंक, वेदांश, श्रेयांस, शाश्वत, शौर्य सिंह, अदिति गौतम, अधीरा, आर्या ने ऋषि कपूर पर फि ल्माये गीतों पर नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी। समारोह में मुख्य अतिथि एम एल सी पवन सिंह चौहान, विशिष्ठ अतिथि पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह, फिल्म अभिनेता डॉ अनिल रस्तोगी और लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने लखनऊ के ख्याति प्राप्त पखावज वादक पंडित राजखुशी राम, प्रसिद्ध साहित्यकार राम बहादुर मिश्र, तबला वादक मनोज मिश्रा, प्रख्यात गजल गायक उस्ताद युगांतर सिंदूर, शास्त्रीय- उप शास्त्रीय गायिका पूनम बाजपेयी, कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह, नाट्य निर्देशिका ज्योति सिंह, गजल गायिका प्रभा श्रीवास्तव और पर्वतीय लोक कलाकार विक्रम बिष्ट को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर तीसरे उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर नम्रता पाठक, मिथिलेश सिंह, गिरीश चंद्र चौबे, राहुल गुप्ता, प्रभुनाथ राय, समीर रंजन पांडा, विकास सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फन फील्ड एक्टिविटी में बच्चों और युवाओं ने खूब की मस्ती




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ का फन रिपब्लिक मॉल इस गर्मी की छुट्टियों में लखनऊवासियों के लिए कुछ खास लेकर आया था। फन रिपब्लिक मॉल ने 9 जून से 23 जून तक युवाओं एवं बच्चों के लिए फन का स्पोर्ट्स चैंपियन नामक एक फन फिल्ड एक्टिविटी का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन प्रियंका शैली मिश्रा पूर्व महिला क्रिकेट अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वर्तमान समय में यूपीसीए की सीनियर महिला चयन समिति की अध्यक्ष.और लखनऊ महिला विंग की अध्यक्ष ने किया था। फन रिपब्लिक मॉल में 9 जून से 23 जून तक प्रतिदिन अलग अलग तरह की प्रतियोगिताएं, फन एक्टिविटीज, गेम्स, क्विज जैसे कई मनोरंजक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया था। सभी कार्यक्रमों में कुछ नौ विजेता घोषित हुए, जिन्हें 5000 रुपए एवं ट्रॉफी भेंट की गई। फन रिपब्लिक मॉल की मार्केटिंग मैनेजर प्रीती पांडे ने इस खास मौके पर बताया कि फन का स्पोर्ट्स चैंपियन अपने आपमें एक अनोखा इवेंट था जहां पर लखनऊ के कोने कोने से आए खिलाड़ियों को मौका दिया गया। 15 दिन के इस आयोजन में लखनऊ वासियों खूब मस्ती की। हम आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे जिससे ग्राहकों का मनोरंजन हो।

# जीवन के उत्थान के लिए आवश्यक हैं संस्कार






- जैन श्रावक संस्कार शिविर का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान और इन्दिरानगर दिगम्बर जैन सेवा समिति द्वारा संचालित जैन श्रावक संस्कार शिविर का समापन बाल्मीकि रंगशाला गोमतीनगर मे रविवार को प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर पीठाधीश रवीन्द्रकीर्ति स्वामी ने आशीष वचन में कहा कि जैन तीर्थंकरों के पाँचों कल्याणक गर्भ से मोक्ष तक सामान्य संस्कार जैन धर्मावलंबियों के लिये संस्कार के प्रेरणा स्त्रोत हैं। मुख्य अतिथि डॉ. महेन्द्र सिंह, सदस्य विधान परिषद ने कहा कि इन्द्रियों और मन पर विजय केवल धार्मिक संस्कारों के द्वारा मिलती है। मन-वचन-काय की शुद्धता हमारे आचार विचारों से होती है।

सभाध्मक्ष उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि समन्वित संस्कारों से जीवन में अनुशासन की वृद्धि होती है। उत्कृष्ट संस्कार जीवन और समाज का उत्थान करते है। आज आवश्यकता है कि बच्चों को संस्कारित किया जाये जिससे विरासत का संरक्षण हो सके। इस अवसर पर जैन संस्थान की सदस्या प्रो. सुधा जैन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रशान्त भाटिया और प्रान्त प्रचारक अनिल ने कहाकि संस्कारों के विना ज्ञान अधूरा है। इसलिए जीवन के हर पथ पर संस्कारित समुदाय आगे बढ़ता है। मंगलाचरण पं. चन्द्र कुमार चन्दर व संचालन अभिषेक जैन ने किया। स्वागत और धन्यवाद निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री ने किया। अन्त में प्रमाणपत्र ई.पी.के.जैन ने किया। कार्यक्रम में ई. धर्मवीर जैन, कैलाश चन्द्र जैन, आदीश जैन, अजय जैन कागजी, अल्पना जैन, सुनैयना जैन आदि अनेक महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# राम नाम रस भीनी चदरिया झीनी रे झीनी...






- लोक चौपाल में गूंजी कबीर की वाणी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कबीर की वाणी गीत और नृत्य के माध्यम से मुखरित हुई। रविवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शिनी कालोनी में आयोजित लोक चौपाल का शुभारम्भ भारतीय वन सेवा के अधिकारी मनोज शुक्ल एवं एन. रवीन्द्र ने सन्त कबीर के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित स्मारिका लोकाभिरामम का औपचारिक लोकार्पण हुआ। साथ ही वरिष्ठ गायिका एवं केजीएमयू नेत्र रोग विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विनीता सिंह को सावित्री देवी संगीत साधना सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अर्चना गुप्ता ने भजो रे मन सत्य नाम सुखदायी से किया। साहित्यकार डा. सुरभि सिंह ने कबीर के विचारों के सकारात्मक तत्वों को ग्रहण करने और उसे अपने जीवन में उतारने पर जोर देते हुए कहा कि कबीर ने राम शब्द को व्यापक स्वरूप दिया है। संस्कृतिकर्मी सौरभ कमल ने कबीर को वैचारिक क्रांति का अग्रदूत बताते हुए कहा कि समान भाव से कबीर ने हर धर्म में फैली हुई सामाजिक विकृतियों को बड़े साहस से उजागर किया और ज्ञान पर प्रेम की विजय पताका फहराई। चौपाल में राम नाम रस भीनी चदरिया झीनी रे झीनी गीत पर निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में गुनाश्री आर., स्नेहा प्रजापति, नेहा प्रजापति, संस्कृति व किंजल ने मनमोहक नृत्य किया। वहीं अंतरा के निर्देशन में सौम्या गोयल, भव्या गुप्ता, मिहिका गांगुली, आराध्या, आद्रिका मिश्रा, कर्णिका सिंह, अव्युक्ता, अविका, अम्या सिंह ने कौन ठगवा नगरिया लूटल हो की सामूहिक प्रस्तुति दी। वरिष्ठ लोकगायिका नीरा मिश्रा ने निर्गुन पिया ऊँची रे अटरिया, डा. विनीता सिंह ने नींद से जाग बन्दे, अरुणा उपाध्याय ने पिया निरमोहिया, चन्द्रेश पाण्डेय ने अभी उमर मोरी, अनीता मिश्रा ने कोयलिया बोले रे सुनाया। आकाशवाणी कलाकार सन्तोष, देवाश्री पवार, ज्योति गुप्ता ने भी प्रस्तुति दी। मौके पर सर्वश्री राजनारायण वर्मा, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, शैलेन्द्र मौर्य, शम्भूशरण वर्मा, इंजी. सुनील बाजपेयी, डा. एस.के.गोपाल, भावना शुक्ला, नीलम वर्मा, कैप्टन प्रखर गुप्ता, प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

# एक बन्द के गीत ' गीतों के क्षेत्र में नया प्रकाशपुंज : राम नरेश

- 'एक बन्द के गीत ' पुस्तक लोकार्पण समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** साहित्यिक संस्था अमृतायन के तत्वावधान में आज यूपी प्रेस क्लब में गीतकार एवं साहित्यकार डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत संग्रह ' एक बन्द के गीत ' पुस्तक के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम नरेश, विशिष्ठ अतिथि साहित्यकार पंडित आदित्य द्विवेदी, रमा शंकर वर्मा, डॉ सर्वेश अस्थाना, राजेन्द्र वर्मा और दिनेश उन्नावी ने गीतकार डॉ अशोक अज्ञानी के गीत संग्रह पुस्तक ' एक बन्द के गीत ' का लोकार्पण किया।

पुष्पेन्द्र प्रेमी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना के पश्चात डॉ सर्वेश अस्थाना ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य में अनेक नवीन शोध और प्रकाशन होते रहते हैं। अज्ञानी जी की कई नई विधायें प्रकाश में आयी हैं। एक बन्द के गीत कृति मील का पत्थर साबित होगी। साहित्यकार दिनेश उन्नावी ने कहा कि आज का आदमी कम समय में अधिक प्राप्त करना चाहता है। इस दृष्टि से ' एक बन्द के गीत ' सर्वथा समीचीन रहेगी।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. राम नरेश ने कहा कि अशोक अज्ञानी द्वारा लिखित ' एक बन्द के गीत ' संग्रह गीतों के क्षेत्र में एक नया प्रकाशपुंज है। इस नये आयाम को समाज में स्वीकृति मिलेगी। मुख्य वक्ता रामशंकर वर्मा ने बताया कि ₹ एक बन्द के गीत' पुस्तक का हर गीत गीतात्मक संवेदना का माइक्रो स्वल्प है। अज्ञानी की यह पहल नवोन्मेशी है। विशिष्ट अतिथि पं. आदित्य द्विवेदी ने कहा कि अशोक अज्ञानी साहित्य के सच्चे साधक हैं, उनकी यह साधना उन्हें उच्च सोपानों पर स्थापित करेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि ' एक बन्द के गीत ' का प्रकाशन, गीत के क्षेत्र में एक अभिनव प्रयोग है। समारोह में लोकगायिका डॉ. रंजना अग्रहरि ने ' एक बन्द के गीत ' का सस्वर वाचन किया। इस अवसर पर यशोधरा यादव, निशा सिंह सहित तमाम साहित्यसुधी श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया।

# शहर की कई हस्तियों को शिरोमणि अवार्ड से किया गया सम्मानित

- दिव्यांगों की प्रतिभा को सलाम करने के लिए दिए अवार्ड
- प्रेमचंद सभागार में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के सहयोग से विकलांग साथी ट्रस्ट ने कवि सम्मेलन-मुशायरा व सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्रेमचन्द सभागार में हुए समारोह में में मुख्य अतिथि राज्य उपायुक्त दिव्यांगजन आयोग शैलेन्द्र कुमार सोनकर थे। दिव्यांगम शिरोमणि अवार्ड से आरके राजू, नारायण यादव, केपी मिश्र, प्रमोद कुमार, चन्द्रशेखर, अजय सिंह व एसएन लाल को नवाजा गया। वहीं दुर्गा शक्ति अवार्ड से अंजलि श्रीवास्तव, प्रिया चतुवेर्दी व प्रिया श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। दिव्यांगजनों के 3 बच्चों को भी शैक्षिक परिणाम में अच्छे नम्बर लाने के लिए अभिभावक गौरव अवार्ड मिला। दिव्यांगम्क्रिएटिव अवार्ड सुधा सिंह, रिजवान मंसूरी, सरवत खान, बसंत विश्नोई, प्रवीण सिन्हा व विशाल राजपूत को दिया गया। इस मौके पर विकलांग कवि व शायरों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आलोक सीतापुर, कमलेश मौर्य मुदु, मनोज मिश्रा शीत, साबिर इमरानी, सगीर भारती, डा मनोज गुप्ता, दिव्यांशु ह्यदिव्य, रफीक नागौरी, सुधा सिंह, बिन्दु प्रभा, राम प्रकाश बेखुद, जावेद सिद्दीकी, प्रदीप गंगवार ने रचनाएं सुनाईं।

# 18 ट्रेनें निरस्त, 11 के मार्ग बदले, यात्रियों की परेशानी बढ़ी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु लखनऊ मण्डल के टिनिच स्टेशन पर एन.सी.एम.एल. गतिशक्ति साइडिंग कनेक्टिविटी कार्य हेतु 25 तथा 26 जून को नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन तथा नियंत्रणकिया जायेगा।

जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें प्रयागराज संगम एवं बस्ती से 25 एवं 26 जून को चलने वाली 14231/14232 प्रयागराज संगम-बस्ती-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा कचहरी से 24 जून को चलने वाली 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 25 जून को चलने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नकहा जंगल एवं गोमतीनगर से 25 एवं 26 जून को चलने वाली 15081/15082 नकहा जंगल-गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. एवं पाटलीपुत्र से 26 जून को चलने वाली 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र-लखनऊ जं0 एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 24 जून को चलने वाली 04058 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। मुजफ्फरपुर से 25 जून को चलने वाली 04057 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

दिल्ली से 25 जून को चलने वाली 04068 दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। दरभंगा से 24 जून को चलने वाली 04067 दरभंगा-दिल्ली विशेष गाड़ी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 25 जून को चलने वाली 04010 आनन्द विहार टर्मिनस-जोगबनी विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। जोगबनी से 27 जून को चलने वाली 04009 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। लालकुंआ से 24 जून को चलने वाली 05055 लालकुंआ-बरेली सिटी विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बरेली सिटी से 25 जून को चलने वाली 05056 बरेली सिटी-लालकुंआ विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नई दिल्ली से 25 जून को चलने वाली 04004 नई दिल्ली-सीतामढ़ी विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतामढ़ी से 24 जून को चलने वाली 04003 सीतामढ़ी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें छपरा से 24 जून को चलने वाली 05323 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 25 एवं 26 जून को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 25 एवं 26 जून को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 25 एवं 26 जून को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। गुवाहाटी से 24 जून को चलने वाली 05656 गुवाहाटी-जम्मू तवी विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। गुवाहाटी से 24 जून को चलने वाली 04679 गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। छपरा से 25 जून को चलने वाली 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 26 जून को चलने वाली 04309 गोरखपुर-देहरादून विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। बड़ोदरा से 24 जून को चलने वाली 09111 बड़ोदरा-गोरखपुर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-गोमतीनगर के रास्ते गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 26 जून को चलने वाली 09112 गोरखपुर-बड़ोदरा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोमतीनगर-ऐशबाग-मानकनगर के रास्ते गोरखपुर के स्थान पर गोमतीनगर से चलाई जायेगी।

## गुवाहाटी-श्रीगंगानगर के चलेगी विशेष ट्रेन

लखनऊ।रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही 05636/05635 गुवाहाटी-श्री गंगानगर-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन गुवाहाटी से 25 सितम्बर तक प्रत्येक बुधवार को तथा श्री गंगानगर से 29 सितम्बर तक प्रत्येक रविवार को 13 अतिरिक्त फेरों के लिये किया जायेगा।

05636 गुवाहाटी-श्री गंगानगर-ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 25 सितम्बर तक प्रत्येक बुधवार को गुवाहाटी से 18.15 बजे प्रस्थान कर, कामाख्या, गोलपारा टाउन, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, अलीपुर द्वार, दूसरे दिन दलगांव, न्यू जलपाई गुडी, किशनगंज, बरसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या धाम, अयोध्या कैण्ट, तीसरे दिन लखनऊ, कानपुर सेण्ट्रल, कन्नौज, फरूर्खाबाद, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर, जयपुर, रिंगस, सीकर, चुरू, सादुलपुर, तहसील भादरा, नोहर, चौथे दिन ऐलनाबाद, हनुमानगढ़, तथा सादुलशहर होते हुए श्री गंगानगर 03.30 बजे पहुंचेगी।

05635 श्री गंगानगर-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 29 सितम्बर तक प्रत्येक रविवार को श्री गंगानगर से 12.30 बजे प्रस्थान करचौथे दिन गुवाहाटी 00.32 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 12, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा जी.एस.एल.आर के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## आदर्श बिजली घर पर उपभोक्ताओं को नही मिल रहा है पीने का पानी

**लखनऊ।** लेसा के 50 से अधिक बिजली घरों को लाखो रुपये खर्च कर आदर्श बिजली घर बनाया गया था। जिसपर उपभोक्ता को पानी से लेकर बैठने की कुर्सी भी रखने का निर्देश पूर्व एमडी ने दिया था। राजभवन, अमीनाबाद, वृदांवन, नादरगंज, सहित ज्यादातर बिजली उपकेन्द्रो पर भीषण गर्मी में पानी तक पीने को नही मिल रहा है। जिस बिजली घर पर पानी की मशीन लगाई गयी है वहां पर आरो मशीन का फिल्टर तक नही बदला गया है। दो वर्ष पहले लगाया गया पानी की मशीन पूरी तरह से खराब हो गयी है। जहां पर पानी की मोटर भी खराब हो गयी है। जिसे बदलने के लिए संविदा कर्मी लिखित भी देते है तो उनकी कोई सुनवाई नही होती है। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने बताया कि जिस उपकेन्द्र पर पानी की समस्या होगी वहां पर पानी को उपलब्ध कराया जायेगा।

## सिविल में पहली बार हुआ घुटने का प्रत्यारोपण

**लखनऊ।** सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग महिला के घुटने का सफल प्रत्योरापण किया है। डॉक्टरों का दावा है कि पहली बार अस्पताल में घुटना प्रत्यारोपण किया गया है। रोगी का आयुष्मान कार्ड बना होने की वजह से उपचार में कोई शुल्क नहीं लगा। निजी अस्पताल ने प्रत्यारोपण में ढाई लाख रुपये बताये थे। अब महिला स्वस्थ है। सरोजनीनगर के गौरी बाजार निवासी 65 वर्षीय चंद्रावती को 10 वर्ष से घुटने में दर्द था। वो बिना सहारे चल नहीं पा रही थी। घरवालों ने चंद्रावती को सिविल अस्पताल की ओपीडी में आथोपैंडिक सर्जन डॉ. जीपी गुप्ता को दिखाया। डॉक्टर ने जांच करायी, जिसमें दाहिना घुटने का ऑपरेशन कर बदलने की बात कही। घरवालों ने महिला का आयुष्मान कार्ड दिखाया। परिजनों की सहमति पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर महिला के घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया। ऑपरेशन टीम में डॉ. जीपी गुप्ता के अलावा डॉ. मनोज, डॉ. अतुल और डॉ. एसके सिंह व डॉ. प्रेमप्रकाश शामिल रहे। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया सिविल अस्पताल में पहली बार सफल घुटना प्रत्यारोपण करने पर डॉक्टर टीम को बधाई दी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए भंडारा सामग्री रवाना



**लखनऊ।** 29 जून से चालू होने जा रही अमरनाथ रथ यात्रा में श्री गौरी शंकर मंदिर पहलगाम में भंडारे का स्टाल भक्तो के लिए लगाया जाता हैं। सुबह 10 बजे भंडारे का समाना लखनऊ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के समाने मौनी बाबा मंदिर बाबा का दाबा पर नन्दी श्री गौरी शंकर अमरनाथ सेवा संस्थान द्वारा खाद्य एवं रसद समाग्री से भरे वाहन को भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से झंडी दिखाकर श्री गौरी शंकर मन्दिर पहलगाम (कश्मीर) के लिए रवाना किया। इस अवसर पर शिवकुमार बाबा, अश्वनी सिंह छोटू, हरसरन लाल गुप्ता, बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# 24 घंटे जांच करने वाले लैब टेक्नीशियन की मांगों को किया जा रहा नजरअंदाज

- उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक हुई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरकारी अस्पतालों में लैब टेक्नीशियन हर मुश्किलों में काम कर रहे हैं। कोरोनाकाल में संक्रमितों का नमूना लेने से लेकर जांच की। ज्यादातर बड़े अस्पतालों में 24 घंटे पैथोलॉजी संचालित की जा रही है। ताकि मरीजों का इलाज पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट के इंतजार में न रूके। इसके बावजूद लैब टेक्नीशियन की जायज मांगों को अफसर नजरअंदाज कर रहे हैं। इससे हीनभावना ग्रस्ति हो रही है। यह बातें उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक उठी। बलरामपुर अस्पताल के प्रेक्षागृह में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। उसके बाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत व महामंत्री कमल श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता में बताया कि लैब टेक्नीशियन लगातार मरीज हित में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद हमारी जायज मांगों पर अफसर व सरकार विचार नहीं कर रहे हैं। हम लोगों की वेतन विसंगति लंबे समय से दूर नहीं हो रही है। कैडेट रिव्यू करने में भी अफसर हिचक रहे हैं। वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन का पद बढ़ाने जैसी मांग को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। खाली पद तक भरने की जहमत कोई नहीं उठा रहा है। हालात यह है कि रिजेंट (जांच में इस्तेमाल होने वाला रसायन) खरीद में सीनियर लैब टेक्नीशियन को शामिल नहीं किया गया है। इससे गुणवत्तापरक व जरूरत के हिसाब से रीजेंट की खरीद में अड़चन आ रही है। प्रवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि लैब टेक्नीशियन ओपीडी व भर्ती मरीजों की डॉक्टर की सलाह पर जांच कर रहे हैं। जल्द से जल्द रिपोर्ट मरीजों को मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौजूदा समय में किसी भी प्रकार की जांच की कोई वेटिंग नहीं चल रही है। यह सब टेक्नीशियन साथियों की मेहनत का नतीजा है। बैठक में सचिव अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, राम नरेश पटेल, रमेश यादव, एके मौर्या समेत अन्य टेक्नीशियन शामिल हुए।

# उत्तराखंड महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा का आज दो दिवसीय 17 वां राष्ट्रीय सम्मेलन लखनऊ के जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में संपन्न हुआ। इस 17 वे सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों से आये कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आज मुख्य चुनाव अधिकारी मनमोहन दुदपुडी और राधा बिष्ट एवं मोहन जोशी जी देखरेख में चुनाव करवाया गया। जिसमें सिर्फ एक पद राष्ट्रीय महासचिव पद हेतु चुनाव हुआऔर जिसमें राष्ट्रीय महासचिव पद हेतु जनार्दन बुडाकोटी निर्वाचित हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भावन सिंह रावत निर्विरोध, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान एवं धमानंद रतूड़ी निर्विरोध, राष्ट्रीय महासचिव जनार्दन बुडाकोटी, राष्ट्रीय सलाहकार वीरेंद्र दत्त सेमवाल निर्विरोध, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजेंद्र ध्यानी निर्विरोध, राष्ट्रीय प्रवक्ता महावीर सिंह पुण्डीर निर्विरोध चुने गए। आज मुख्य रूप से महासभा के संरक्षक महंत योगी राकेश नाथ ने सभी निर्वाचित सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया और बधाई दी। आज मुख्य रूप से प्रेम सिंह बिष्ट, हेमंत गडिया, जगदीश बुटोला, अशोक असवाल, बहादुर सिंह बिष्ट, अवधेश कोठारी, राजेंद्र प्रसाद जुयाल, प्रताप सिंह जंगलिया, चन्द्र दत्त जोशी, मदन मोहन बिष्ट, बलवतं वांणगी, जे एस राणा, विजय सिंह रावत अमिता अधिकारी, शशि जोशी आदि कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## शिक्षकों का चरित्र निर्माण मार्च 29 को

**लखनऊ।** सीएमएस के तीन हजार से अधिक शिक्षक व कार्यकर्ता भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगाने के लिए आगामी 29 जून को विशाल चरित्र निर्माण मार्च निकाल रहे हैं। शिक्षकों का यह विशाल मार्च 29 जून, शनिवार को सुबह 7.15 बजे सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से शुरू होकर सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम तक जायेगा। यह जानकारी स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के मार्च का नेतृत्व स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी, स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन एवं स्कूल के सभी कैम्पस की प्रधानाचार्यों के साथ ही शिक्षा, समाज, साहित्य व पत्रकारिता आदि क्षेत्रों की विभिन्न हस्तियां करेंगे एवं भावी पीढ़ी के नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगायेंगे।

# पांच दिवसीय होगा श्री माधव मंदिर का वार्षिकोत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डालीगंज स्थित 63 वा श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव व श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने हेतु डालीगंज कार्यालय पर बैठक आयोजित किया गया। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कार्यक्रम की शुरूआत 4 जुलाई को सामूहिक हवन यज्ञ, 5 जुलाई को श्री कृष्ण लीलाओं पर नृत्य नाटिका, 6 जुलाई को सुंदर कांड, भजन संध्या, 7 जुलाई को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा, 8 जुलाई को संत सम्मेलन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि 7 जुलाई को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा सायं 4 बजे श्रीमाधव मंदिर से प्रारंभ होकर, नजीरगंज, शंकरनगर, श्री राम कृष्ण मठ, अयोध्या रोड रामाधीन सिंह लान, चरही, पन्ना लाल चौराहा, डालीगंज पुल होते हुए डालीगंज बाजार, हसनगंज कोतवाली, मंदिर पर सम्पन्न होगी। बैठक में अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमकार जायसवाल, भारत भूषण गुप्ता मौजूद रहे।

# अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा टावर पर चढ़ा बस ड्राइवर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रोडवेज बस चालक रविवार सुबह कैसबाग अवध डिपो के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। ड्राइवर के कूदने की धमकी पर हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस पहुंची। ड्राइवर ने आरोप लगाया कि अप्रैल में वेतन काट लिया गया और मारमीट की फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी गई। बस में डीजल खपत ज्यादा बताकर ड्यूटी से हटा दिया। पुलिस और परिवहन अधिकारियों ने छह घंटे की मशक्कत के बाद उसे उतारा।

अलीगढ़ क्षेत्र के अतरौली डिपो में तैनात संविदा चालक राजू सैनी रविवार सुबह पत्नी भावना, बेटी खुशबू, बेटा अमन के साथ कैसरबाग डिपो पहुंच गया। सुबह करीब आठ बजे वह डिपो के पास लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया और रोडवेज अफसरों पर भ्रष्टाचार, मनमानी का आरोप लगाने लगा। यह देखकर कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस पर रोडवेज अफसर और पुलिस हरकत में आए। वजीरगंज पुलिस ने रोडवेज अधिकारियों को सूचना दी। रोडवेज मुख्यालय के जीएम और पीआरओ अजीत सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी, अवध डिपो के एआरएम सत्य नारायण पहुंचे। बस चालक को उतारने की कोशिश में उसे भरोसा दिया गया कि उसकी मांग एमडी तक पहुंचा दी जाएगी। कोई अन्याय नहीं होगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद बस चालक उतरकर परिवार के साथ चला गया।



**अब तक चार बार चढ़ चुका है:** पीड़ित संविदा चालक राजू अब तक चार बार मोबाइल टावर पर चढ़कर खुदकुशी की धमकी दे चुका है। इसके पहले अलीगढ़ में दो बार टावर पर चढ़ चुका है। लखनऊ में इसके पहले 2022 में इसी टावर पर चढ़ा था। रविवार को फिर अवध डिपो के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पीआरओ यूपीएसआरटीसी अजीत सिंह ने बताया कि बस चालक राजू सैनी के अप्रैल के वेतन का भुगतान तत्काल करा दिया गया है। अन्य आरोपों की जांच के लिए अलीगढ़ क्षेत्र से रिपोर्ट मंगाई है। शिकायत पर जांच के बाद कार्रवाई होगी। चालक को समझाकर परिवार के साथ भेज दिया गया है।

**मृतक आश्रितों के धरने में हंगामे के आसार:** छह दिनों से परिवहन निगम मुख्यालय गेट पर धरने पर बैठकर मृतक आश्रितों की भर्ती करने की मांग पर सोमवार को हंगामे के आसार हैं। रविवार को मृतक आश्रित शिवम ने बताया कि छह दिन बीत चुके हैं। भीषण गर्मी में लोग बेहाल है। अब तक तीन लोग हॉस्पिटल में भर्ती हो चुके हैं। इसके बावजूद निगम प्रबंधन से मृतक आश्रित भर्ती के संबंध में कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला है। सोमवार को प्रदेश भर से मृतक आश्रिक धरने में हिस्सा लेंगे।

## नेशनल साइंस ओलम्पियाड में छात्रों ने जीते तीन गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज द्वितीय कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों एकाग्र मिश्रा, आराध्या शर्मा एवं अक्षार्श ने नेशनल साइंस ओलम्पियाड में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन साइंस ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है।

## हॉकी मैच में गांधी क्लब को मिली सफलता




**लखनऊ।** ओलंपिक दिवस के अवसर पर स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हॉकी मैच स्टेडियम ट्रेनीज व गांधी क्लब के बीच खेला गया। दोनो टीमों ने अच्छे खेल का प्रर्दशन किया। दोनो टीमों ने एक दूसरे के ऊपर जवाबी हमले किये लेकिन सफलता गांधी क्लब को मिली। उसके खिलाड़ी इब्राहिम ने मैदानी गोल कर के अपनी टीम को बढ़त दिलवा दी जो अंत तक कायम रही। इस अवसर पर हॉकी सचिव मजहर अजीज खान, जिला क्रीड़ा अधिकारी नरेश यादव, टेनिस बाल क्रिकेट के सचिव धनंजय शर्मा, यूथ ब्रिगेड सपा के राष्ट्रीय सचिव दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, जय प्रकाश गुप्ता, चंदा रानी, विवेक प्रकाश, अंजू रानी, जमीरूल हसन, रियाज अहमद, राम आशीष वर्मा आदि खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# देश के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका : श्याम लाल

- समाजवादी शिक्षक सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में बतौर मुख्य अतिथि बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष
- प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल ने सभी पदाधिकारियों से आगामी चुनाव के लिए दिया मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल की वृंदावन योजना शाखा, लखनऊ में समाजवादी शिक्षक सभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का सम्मान समारोह प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन प्रमुख महासचिव डॉ. कमलेश यादव ने किया। नेताजी मुलायम सिंह यादव एवं संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के बाद विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मिली अपार सफलता के लिए धन्यवाद और बधाई दी गयी। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने समाजवादी शिक्षक सभा के सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और देश के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। देश और समाज में सही राजनीतिक चेतना जागृत करने में शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षकों से अपेक्षा है कि देश में और प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन कर जनता और शिक्षक हितैषी सरकार बनाने में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मानसिंह यादव ने समाजवादी शिक्षक सभा की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल ने सभी पदाधिकारियों से 2026 में आगामी विधान परिषद के चुनाव तथा 2027 के विधानसभा के चुनाव में विधिवत रणनीति बनाकर जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम में उमा शंकर चौधरी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम, कौशल किशोर भदौड़ा, जंग बहादुर पटेल, प्रो. निर्भय गुर्जर, प्रदेश कोषाध्यक्ष वंदना वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश महासचिव राम सजीवन रावत, दिग्विजय पटेल, डॉ. शाकिब, जितेन्द्र प्रसाद, प्रमोद यादव, राम लाल विश्वकर्मा। प्रदेश सचिव डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. आकिल हुसैन, डॉ. शरद वर्मा आदि ने उल्लेखनीय कार्य किये। इस अवसर पर प्रदेश भर से आये सैकड़ों जिला अध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष एवं जिला महासचिव/महानगर सचिव आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डांस पे चांस पर खूब झूमे प्रतिभागी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डांस और गायन में सामान्य बच्चों के साथ ही दिव्यांग बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पीकॉक डांस अकादमी की ओर से बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह में अब बोलेगा इंडिया डांस पे चांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की हौसला अफजाई करने के लिए फिल्म फाइटर समेत कई फिल्मों में भूमिका निभाने वाले अभिनेता आकर्ष अलघ मौजूद रहे। कार्यक्रम में 70 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल में एडी, समीर कुमार और यॉक्सी रॉक मौजूद रहे। आयोजक मेराज कुरैशी और सलमान कुरैशी ने बताया कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को मंच के उद्देश्य से निशुल्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## अपनी मौसी के घर पुरी विदा हुए जगन्नाथ स्वामी

**लखनऊ।** पक्का पुल स्थित लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में श्री जगन्नाथ स्वामी, बलदाऊ व सुभद्रा जी रविवार को सज-धज कर अपनी गुड़िचा मौसी के घर पुरी धाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर प्रदेश के होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जगन्नाथ स्वामी को अपने कंधे पर बैठा कर विदा किया। अब मंदिर में जगन्नाथ स्वामी के दर्शन सात जुलाई को जगन्नाथ रथयात्रा के दिन होंगे। मंदिर के रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि इस बार जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के दिन मां गोमती में यात्रा करेंगे। इस दौरान घाटों पर स्थित मंदिरों पर उनका स्वागत व आरती होगी। इस मौके पर सेवादास डॉ. विवेक तांगडी, डॉ. पंकज सिंह भदौरिया, अनूप मिश्रा, प्रहलाद अग्रवाल, ओजस के संग कई भक्त उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बाइकों की भिड़त में दो लोग घायल

**शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र अंतगर्त मोहनीपुर के समीप आमने-सामने से आ रही दो बाइकें आपस में भिड़ गईं। घटना के बाद दोनों बाइकों पर सवार दो लोग घायल हो गये। इसमें एक पुलिस कर्मी भी है ।मैयामई निवासी कांस्टेबल वीरपाल सिंह (32) कासगंज थाने में तैनात है। वह किसी मामले के सिलसिले में रविवार सुबह साढ़े दस बजे के करीब बाइक से शिकोहाबाद आ रहे थ। जबकि कृष्णगोपाल शिकोहाबाद से एटा की तरफ अपनी बाइक से जा रहा था।

जब दोनों की बाइकें मोहनीपुर के समीप पहुंची, तभी दोनों बाइकें आमने-सामने से भिड़ गईं। हादसे में दोनों बाइक चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उन्हें सरकारी ट्रामा सेंटर में ना लेजाकर प्राइटवे ट्रामा सेंटर ले गये। जहां उनका उपचार चल रहा है।

# चोरी की, 6 मोटरसाइकिलें बरामद, 5 अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol

**देवरिया ।** कोतवाली पुलिस द्वारा पिपर पाती पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान 05 मोटर साइकिल पर सवार 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में किशन उपाध्याय पुत्र संजय उपाध्याय निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना बिजयीपुर जनपद गोपालगंज बिहार, आर्यन यादव पुत्र सिकंदर यादव निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना बिजयीपुर ,सोनू कुमार पुत्र मैनेजर शाह निवासी रिखईबारी कल्याणपुर थाना भोरे जनपद गोपालगंज (बिहार) गोबर्धन कुमार शाह उर्फ गोबर उर्फ संतोष पुत्र कोकिल शाह निवासी रिखईबारी कल्याणपुर थाना भोरे जनपद गोपालगंज (बिहार) तथा . अमन खरवार पुत्र स्व0 कन्हैया खरवार निवासी रजला सेंटर चौराहा थाना कोतवाली जनपद देवरिया बताये गए हैं । अभियुक्तों की निशानदेही पर रेलवे मालगोदाम के पास में झाड़ियों में छिपाकर रखी गयी एक और मोटर




साइकिल को बरामद किया गया , वाहनों के सम्बन्ध में कागजात मांगने पर नहीं दिखा पाए । पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से पूंछताछ के क्रम में बताया गया की हम लोगों द्वारा विगत दो-तीन माह में देवरिया व उसके आस-पास स्थानों से मोटर साइकिलों को चोरी किया गया था । बरामद मोटर साइकिलों के सम्बन्ध में जांच से पाया गया कि सुपर स्पेलण्डर नं0 वढ52अव0689 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 516/24 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली जनपद देवरिया, एचएफ डीलक्स वढ52अछ4854 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 517/24 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली जनपद देवरिया, स्पेलण्डर प्लस नं0 वढ52इत्र4478 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 303/24 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली जनपद देवरिया, सुपर स्पैलण्डर नं0 वढ52अख5897 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 173/24 धारा 379 भादवि थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया,एचएफ डीलक्स नं0 वढ52इट3120 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 278/24 धारा 379 भादवि थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया तथा स्पेलण्डर प्लस वढ52ह6691 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 274/24 धारा 379 भादवि व 179(1) एमवी ऐक्ट थाना सलेमपुर जनपद देवरिया में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए बरामद मोटर साइकिलों को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है ।इस प्रकार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी से मोटरसाइकिल चोरी के संबन्ध में थाना कोतवाली जनपद देवरिया में पंजीकृत 03 अभियोगों क्रमश- 1. मु0अ0सं0 516/24 धारा 379 भादवि, 2. मु0अ0सं0 517/24 धारा 379 भादवि व 3. मु0अ0सं0 303/24 धारा 379 भादवि एवं थाना रामपुर कारखाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 173/24 धारा 379 भादवि, व थाना गौरीबाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 278/24 धारा 379 भादंवि तथा थाना सलेमपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 274/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट का सफल अनावरण किया गया ।अभियुक्तबअमन खरवार के खिलाफ भी थाना कोतवाली में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं ।गिरफ्तार अभियुक्त गोबर्धन उर्फ गोबर शातिर किश्म का अपराधी है इसके के विरुद्ध थाना फुलवरिया जनपद गोपालगंज (बिहार) ।मु0अ0सं0- 356/2022 धारा 30(ए) बिहार मद्यनिषेद एवं उत्पाद अधि0 थाना भोरे जनपद गोपालगंज (बिहार) ।.मु0अ0सं0- 172/2023 धारा 30(ए) बिहार मद्यनिषेद एवं उत्पाद अधि0 थाना भोरे जनपद गोपालगंज (बिहार) ।.मु0अ0सं0- 120/2023 धारा 30(ए) बिहार मद्यनिषेद एवं उत्पाद अधि0 थाना भोरे जनपद गोपालगंज (बिहार) में दर्ज है ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 सदानन्द यादव ,उ0नि0 संजय सिंह चंदेल , कुमार यादव, का0 रामभुवन पटेल,का0 कविन्द्र सिंह,का0 विमलेन्द्र यादव, का0 अनिल कुमार, का0 अंगद यादव , का0 आदित्य पटेल, औरका0 संतोष यादव, थाना सदर कोतवाली शामिल थे ।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में मरीजों की जांच कर दवा वितरित

जिला संवाददाता(vol

**कुशीनगर।** जिले के विकासखंड कप्तानगंज के बोदरवार बाजार स्थित न्यू पीएससी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया ।मेला में शंकर कान्दू असना जस्मीना देवी बोदरवार रीता देवी असना बेईला देवी गंगराई कैलाश उम्र 76 वर्ष बोदरवार गोपी निषाद रीताराम राजकुमार अवरही जगदीश उम्र 42 वर्ष मनोज उम्र 25 वर्ष अगया प्रभुनाथ अगया किताबी देवी उम्र 62 वर्ष अवरही सहित कुल 42 मरीजों का जांचकर इनमें दवा वितरित किया गया। गम्भीर रूप से बीमार मरीजों को डाक्टरों द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया ।मेला में ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त तथा गठिया आदि के थे।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर संजय भारद्वाज ने मरीजों को धूप में न निकलने तथा ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी। डॉक्टर भारद्वाज ने मरीज को बिना जरूरत धूप में न निकलने को कहा । उन्होंने ने कहा इस तपती धूप में लोग वायरल फीवर तथा मौसमी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं । किसी को बुखार सर्दी जुकाम खांसी तथा उल्टी की समस्या हो तो तुरंत डॉक्टर से मिले । अधिक मात्रा में पानी पिए कोई काम ना हो तो घर से बाहर न निकले। डॉ भारद्वाज ने बताया अगर किसी को चक्कर घबराहट जैसी दिक्कत मौजूद हो तो तुरंत निजी या सरकारी अस्पताल पर जाकर डॉक्टर से सलाह ले, ताकि गंभीर बीमारियों से बचाए जा सके। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी।

इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय भारद्वाज फार्मासिस्ट शैलेश पांडे इम्तियाज अहमद स्टाफ नर्स रंजना अनीता आर्या मेवा देवी सुरेंद्र शक्ति प्रकाश राकेश राव आदि के अलावा आयुष चिकित्सक डा, प्रदीप कुमार डा, प्रीति राय फार्मास्टि राकेश कुमार अशोक कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी आयुष मेले में उपस्थित रहे है।

# बलिदान दिवस पर याद किये गये डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



**कुशीनगर।** देश की अस्मिता और अखड़ंता कि रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जन संघ के संस्थापक सदस्य डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस कुशीनगर बूथ पर भाजपाईयों ने मनाया ।आयोजित कार्यक्रम में स्व. डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन करते हुए पूर्व विधायक रजनी कांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत की अखंडता, अस्मियता, संस्कृति और चिरयौवन के लिए बलिदान हुए अमर बलिदानी डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी संपूर्ण भारत वासियों के आशा, उत्साह और लक्ष्य प्राप्ति तक चलते रहने की प्रेरणा देते हैं। एक राष्ट्र में दो संविधान, दो प्रधान, दो निशान चलाने वाले शेख अब्दुल्ला जैसे पथ भ्रष्ट शासको को ऐतिहासिक चुनौती देने वाले डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी शब्द "एक देश देश में दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेगा, नहीं चलेगा।

आज कश्मीर में धारा 370 हट गया। हम कहते थे जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, संस्कृति के गंगोत्री के गोमुख बन चुके डा0 साहब के जीवन का एक-एक क्षण और एक - एक आचरण अनुकरणीय है। कार्यक्रम में सभासद केशव सिंह, मंडल मंत्री तेज प्रताप पाठक, शक्ति केंद्र प्रमुख गुड्डू गुप्ता, ऋषि कांत मणि त्रिपाठी, रोशन तिवारी, अनिल मल्ल, सभासद पी.एन. सिंह सहित पार्टी जनों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पत्र पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**कुशीनगर।** रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बलिदान दिवस के तौर पर मनाया गया ।इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने प्रत्येक बूथ पर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये डॉ मुखर्जी के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर डा मुखर्जी के विचारों को अंगीकार कर देश और समाज की एकता व अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया ।भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ कर जनपद के विभिन्न बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया ।इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए लगातार काम किया। उनका जीवन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए अनुकरणीय है। आज यदि कश्मीर में 370 नहीं है, दो झंडे नहीं हैं, दो विधान और दो प्रधान नहीं हैं तो उसका श्रेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जाता है जिन्होंने 52 वर्ष की आयु में इतिहास रचा। डॉ. मुखर्जी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी। साथ ही कश्मीर में परमिट व्यवस्था, दो निशान, दो विधान, दो प्रधान को लेकर एक आंदोलन का नेतृत्व किया और लखनपुर के पास पठानकोट के आगे पहुंचने के बाद जैसे ही उन्होंने जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया, तो जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। जेल में ही रहस्यमय परिस्थितियों में डॉ मुखर्जी की मौत हो गई ।मुखर्जी की मृत्यु का रहस्य आज तक शोध का विषय बना हुआ है, जिसकी जानकारी सही रूप में नहीं मिल पाई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनके दो अनुयायी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने धारा 35अ तथा 370 का सफाया कर मुखर्जी को राष्ट्र की सार्थक श्रदांजलि अर्पित की। आज न वहां दो झंडे हैं, न दो विधान, न दो प्रधान।

## सामाजिक न्याय के प्रहरी थे डॉ. श्यामा प्रसाद

**देवरीया ।भारतीय** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा न्यू कालोनी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी फिटनेस पार्क में उनकी प्रतिमा पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उन्होंने उनकी प्रतिमा को फूलों की माला पहनाकर नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा प्रभारी श्रीनिवास मणि ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जीवन भर देश की एकता और अखंडता के लिये संघर्ष करते रहे, उन्होंने एक देश मे दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नही चलेंगे के नारे को लेकर सत्याग्रह किया ।किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन एक देशभक्त, एक शिक्षाविद और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता के रूप में जाना जाता है ।उन्होंने कहा कि मुखर्जी जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू करने के खिलाफ थे और इस कानून को हटाने के लिये जम्मू-कश्मीर में अपने प्राणों की आहुति दे दी ।केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2023 में धारा 370 हटाकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है ।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पार्क में भारत माता के नाम पर पौधरोपण भी किया ।इस अवसर पर पूर्व मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अजय दुबे, हिमांशु कुमार, सुमन्त चतुर्वेदी, राकेश सिंह, नित्यानंद कुमार, बबलू मिश्र, सूरज, सत्येंद्र पाण्डेय उपस्थित रहे।

## एसएसपी कार्यालय जन सूचना अधिकारी आयोग में तलब

**टूंडला।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग टास्क फोर्स की एक आवश्यक बैठक ब्रज क्षेत्र कार्यालय अहाता शोभाराम पर राजू चंद्रनाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश सचिव डॉ बी एस गौतम ने बताया की सूचना अधिकार आम जनता के लिए एक अचूक हथियार है सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए एक ब्रह्मास्त्र है साथ ही उन्होंने बताया कि संगठन के जिला प्रभारी एवं पूर्व महानगर संयोजक नवेद आलम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय फिरोजाबाद से रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2024 को जनहित में जेल में निरुद्ध बन्दी साईबर घोटाले बाजो के द्वारा ठगी आदि से सम्बंधित सूचनाएं माँगी जिन्हे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जनसूचना अधिकारी ने तय समय में नही दी गयी तो प्रथमअपील की गई तत्पश्चात की सूचना न देने पर मामला राज्य सूचना आयोग में दर्ज कराया गया जिस पर आयोग द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार कर संबंधित सूचनाओं की दो प्रतियो के साथ जन सूचना अधिकारी को दिनांक 25 जून 2024 को अपने समक्ष उपस्तिथि होने के आदेश दिये हैं। बैठक में सोनीलाल सिंह अनिल उपाध्याय अफरुद्दीन राजुद्दीन जीतू शर्मा अजय यादव खालिद कैस अब्दुल जब्बार उजाला जैन राजीव शिवम धर्मेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने चौपाल लगाकर जनता की सुनी समस्यायें

रुदौली-अयोध्या ।विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को रुदौली स्थित डाक बंगला(नहर कोठी)के परिसर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास, अधिक बिजली बिल, जमीनी विवाद, राजस्व व पुलिस से संबंधित कई मामले आये ।जिनमें से कुछ मामलों को विधायक ने संबंधित अधिकारियों को फोन से वार्ता कर अविलंब निस्तारो प्राथमिकता के आधार पर दूर की जाय ।साथ ही इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

## राष्ट्रीय अधिवेशन पुणे में विज्ञान भारती के विभिन्न आयामों का हुआ जागरूक प्रदर्शन



जिला संवाददाता(vol

फिरोजाबाद। विज्ञान भारती के 6 वें राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन 23 जून 2024 को एम आई टी- ए टी डी विश्वविद्यालय, विश्व शान्ति प्रार्थना गुम्बद, विश्वराज लोनी कालभोर, पुणे में हुआ। जिसमें देश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, पर्यावरणविद एस.सोमनाथ इसरो चेयरमैन, डॉ आर.ए. मशेलकर पूर्व महानिदेशक सी एस आई आर, प्रोफेसर मंजुल भार्गव, डॉ बी के सारस्वत, प्रोफेसर मंगेश कराड, प्रोफेसर दिनेश पी सखलानी निदेशक एन सी आर टी, डॉ आर कृष्णन, डॉ गजानन डंगे, डॉ जे आर भट्ट, डॉ शेखर मांडे आदि ने विभिन्न विषयों पर देश को एक नवीन दिशा प्रदान करने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए गए ।अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि द्वितीय दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की भूमिका, मौसम परिवर्तन और जीवन के लिए पर्यावरण के साथ संघटनात्मक पर विस्तृत चर्चा की जानकारी प्राप्त होने के साथ विज्ञान भारती के विभिन्न आयामों भारतीय विज्ञान सम्मेलन, ग्लोबल इंडियन साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोक्रेट्स, इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वेस्ट मैनेजमेंट, मंडला, नेशनल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट डेवलपमेंट, नेशनल आयुर्वेद स्टूडेंट्स एंड युथ एसोसिएशन, शक्ति- ए नेशनल मूवमेंट फॉर वीमेन, शिक्षा शिल्पी, साइंस इंडिया, साइंस इंडिया फोरम, स्पेस ऑन व्हील्स, टेक सेवा, विभा वाणी, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, विश्व वेद विज्ञान सम्मेलन, वास्तु कला, वर्ल्ड ओसियन साइंस कांग्रेस आदि आयामों की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यरत आयामों पर जनपद में भी अति शीघ्र कार्य भी किया जाएगा ।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री श्रेयांस मांडलोई, डॉ मनोज रावत, डॉ संध्या अग्रवाल, डॉ अमित अग्रवाल, अमित तायल, मानवी गुप्ता, गुप्ता, सुमित गुप्ता, यशस्विता चौहान, राजीव गर्ग, उपमा अग्रवाल, ममतेश अग्रवाल, रितु सिसोदिया आदि की प्रतिभागिता रही।

## नहर में मिली युवक की लाश, नहाते समय डूबने की आशंका

**कुशीनगर।** रानीकाप के सामने बहने वाली देवरिया राजवाहा की बड़ी नहर में नहाते समय बच्चों ने एक लाश देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया, मौके पर पहुंची कप्तानगंज थाना की पुलिस ने लाश को बाहर निकलवाया। जिसका शिनाख्त महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के धमौर्ली गांव निवासी रामाश्रय यादव के पुत्र नन्द किशोर यादव उर्फ नंदू उम्र 35 के रुप में हुई।

रविवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रानी काप के सामने बहने वाली देवरिया राजवाहा की बड़ी नहर में गांव के कुछ बच्चे स्नान कर रहे थे कि तभी नहर में गिरे पेड़ की शाखाओं में एक लाश देखकर शोर मचाना शुरू कर दिए। इसकी जानकारी रानी काप के चौकीदार को हुई। उसने तत्काल इसकी सूचना थाने पर की। मौके कप्तानगंज की पुलिस पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से लाश को बाहर निकलवाया। इधर शुक्रवार को दो बजे के आसपास धमौर्ली निवासी नंदकिशोर यादव नहर में स्नान करते समय डूब गए थे, जिसकी तलाश उनके परिजन और गांव वाले ढूंढ रहे थे। लाश मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गांव वालों ने लाश की शिनाख्त नंदकिशोर उर्फ नंदू के रूप में की। गांव वालों ने बताया कि नंदू शुक्रवार को नहर पार करके अपने खेत में गया और लौटते समय पानी का बहाव तेज होने के कारण डूब गया। अपने पीछे नंदू चार बेटियां और एक बेटा, पत्नी और बूढ़े मां-बाप को छोड़ गया है। विदेश से लौटने के बाद गोरखपुर में रहकर काम करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कप्तानगंज थाने से एस आई सूर्यभान यादव, रमेश पाल, अविनाश, सत्येन्द्र चौबे, पीआरवी की टीम मौके पर मौजूद रहकर बड़ी मशक्कत से लाश को बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विरोधियों नेकी छवि खराब करने की साजिश: राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम

**देवरिया।** जिले की सलेमपुर सुरक्षित विधानसभा से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने विकास भवन के गांधी सभागार में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने वायरल आडियो को फेक बताया और विरोधियों द्वारा छवि खराब करने की साजिश बताया। आइए बताते हैं क्या है पूरा मामला जिले के सलेमपुर विधानसभा से विधायक और प्रदेश सरकार में ग्राम्य विकास और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की मंत्री ने वायरल आडियो को फेक बताया और कह कि उनके विरोधियों द्वारा साजिश कर उनकी छवि और सरकार की छवि बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि इस संबंध में कई यूट्यूब द्वारा कापी पेस्ट करके और बयान को तरोड़ मरोड़ कर खबर प्रसारित किया जा रहा है। यह गंभीर अपराध है। इसमें एआई तकनीकी का इस्तेमाल करके मेरी तस्वीर लगाकर अलग अलग समय की बातचीत जोड़कर सोशल मीडिया पर फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर प्रसारित किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा है कि उन्होंने पुलिस कप्तान से इस संबंध में बात की है और सलेमपुर कोतवाली में इस संबध में कार्रवाई के लिए तहरीर दिया है।

## लम्बित समस्याओं के निस्तारण एवं मांगों को लेकर गरजे वन कर्मी

ललितपुर। न्यूनतम वेतन/दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के तत्वाधान में कर्मचारियों की लम्बित मांगों को लेकर दैनिक कर्मियों ने प्रदेश संरक्षक दयाराम यादव, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण सिंह घोष, प्रदेश संगठन मंत्री उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रदेश संयुक्त मंत्री प्रमोद कुमार सेन, मण्डल अध्यक्ष बलवान सिंह, मण्डल मंत्री जयहिन्द सिंह, जिलाध्यक्ष करतार सिंह, जिला मंत्री अनवर खां, जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव ने अपने अपनें विचार रखे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि वन विभाग में अधिकारियो द्वारा दैनिक कर्मियो का शोषण किया जाता है वह बर्दास्त नही किया जायेगा अन्यथा की स्थिति में भीषण अन्दोलन किया जायेगा यदि हमारी मांग नही मानी गयी तो वन विभाग की काली करतूतो का काला चि-ा मुख्यमंत्री के समक्ष लाया जायेगा। मांगों को लेकर उन्होंने बताया कि वन विभाग ललितपुर में कार्यरत 2001 के पूर्व कार्यस्त दैनिक श्रमिको को नियावली 2016 के तहत तत्काल विनिमितीकरण किया जाये। वर्ष 2002 से वर्ष 2004 वर्तमान तक कार्य श्रमिको को न्यूनतम वेतन 18,000/रु0 दिया जाये। विभाग से हटाये गये कर्मियो को तत्काल कार्य पर लगाया जाये। कार्यरत कर्मिको को तत्काल लम्बित भुगतान कराया जाये। कार्यरत कर्मिको को वर्दी, बिल्ला परिचय पत्र आदि तत्काल उपलब्ध कराये। इस दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।

## अमेरिका स्थित वेक फारेस्ट विश्वविद्यालय से जिगिना मिश्र की अंजली करेंगी शोध

**भटनी ( देवरिया)।** क्षेत्र के जिगिना मिश्र निवासी शिक्षक राजेन्द्र मिश्र की बेटी अंजली अमेरिका स्थित वेक फारेस्ट विश्वविद्यालय में शोध कार्य में आमंत्रित की गयी हैं। छह माह तक वह इस विश्वविद्यालय में अपना शोध कार्य पूर्ण करेंगी। उनके इस

- स्वीडन में भी तीन माह के लिए हुई थीं आमंत्रित
- बीएचयू के अकार्बनिक रसायन विभाग से कर रही हैं शोध

सफलता पर गांव में हर्ष का माहौल है। अंजली मिश्र का परिवार गोरखपुर में रहता है। इसके पूर्व भी वह तीन माह के लिए स्वीडन में शोध कार्य के लिए आमंत्रित हो चुकी हैं। पेशे से शिक्षक राजेन्द्र मिश्र का परिवार गोरखपुर में ही रहता है। उनकी बेटी अंजली मिश्र बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के अकार्बनिक रसायन विभाग में डॉ कमलेश कुमार के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। वह पिछले साल स्वीडन स्थित एक विश्वविद्यालय में तीन माह के लिए शोध कार्य करने गयी थीं। अमेरिका स्थित वेक फारेस्ट विश्वविद्यालय से उन्हे 1 जुलाई से 31 दिसम्बर 2024 तक शोध के लिए आमंत्रित किया गया है। 28 जून को वह वाराणसी से अमेरिका के लिए रवाना होंगी। अंजली मिश्र की प्रारम्भिक पढ़ाई गोरखपुर से हुई। बीएससी तथा एमएससी की पढ़ाई बीएचयू से पूरी की। जेआरएफ की परीक्षा पास करने के बाद वह बी एच यू से ही डॉ कमलेश कुमार के निर्देशन में वह शोध कार्य कर रही हैं। अंजली मिश्र के पति डॉ गौरव मिश्र भी अमेरिका से ही शोध कर रहे हैं। भाई आशुतोष मिश्र मदनमोहन इंजी विश्वविद्यालय गोरखपुर से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। अंजली की इस सफलता पर दादा रमेश मिश्र, दादी सीता मिश्र, श्रीश मिश्र, शिवाकान्त मिश्र, कृष्णाकान्त मिश्र, संजय मिश्र, मृत्युन्जय कुमार मिश्र, बैजनाथ मिश्र, अमरनाथ मिश्र, अविनाश कुमार, प्रदीप मिश्र, मुक्तिनाथ मिश्र, विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, जिलापंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह, उपेन्द्र त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, सोहन मिश्र, मुक्ति नाथ मिश्र आदि ने बधाई दी है।

# पुलिस प्रशासन ने सपा नेताओं को नहीं जाने दिया विट्ठलपुर , मुर्दाबाद के लगे नारे



**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के विठ्ठलपुर में दीपू निषाद की हत्या के बाद सियासत गरमाने लगी है। इस मामले को लेकर रविवार को भी रुद्रपुर में गहमा गहमी रही । रुद्रपुर में प्रवेश करने के प्रत्येक मार्ग पर पुलिस ने पहरा बैठा दिया। बता दें कि रविवार को विठ्ठलपुर में पीड़ितों का हाल-चाल लेने सपा का एक प्रतिनिधि मंडल जाने वाला था। नव निर्वाचित सांसद व सपा नेता राम भुआल निषाद के नेतृत्व में सपाई प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने नाथ बाबा मंदिर के पास शांति भंग की आशंका के कारण रोक दिया। सपा नेता गांव में जाने की जिद करने लगे किंतु पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर उन्हें जाने से मना कर दिया। गुस्साए सपा नेताओं ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए और अपनी गिरफ्तारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने लगभग एक दर्जन सपाइयों को गिरफ्तार कर लिया और जिला मुख्यालय लेकर चले गए। जहां निजी मुचलके पर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया। सपा नेताओं के विठ्ठलापुर जाने की आशंका को देखते हुए चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे। विठ्ठलापुर में हो रही सियासत को देखते हुए आला अफसरों ने शनिवार को ही यह रणनीति बना ली थी कि सपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। बहरहाल विठ्ठलपुर गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। गांव में तनाव किंतु शांति बनी हुई है।

### प्रधान के घर तोड़-फोड़ करने वाले 19 नामजद सहित 69 के खिलाफ मुकदमा

रूद्रपुर, देवरिया। कोतवाली क्षेत्र के विठ्ठलपुर गांव में शनिवार को निषाद पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के पहुंचने के बाद गुस्साई भीड़ ने ग्राम प्रधान के घर जमकर बवाल काटा था। कोतवाली पुलिस ने बवाल करने वालों के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही शुरू कर दिया। पुलिस ने ग्राम प्रधान चंद्रभान सिंह की पत्नी शालिनी सिंह की तहरीर पर आसपास के गांव के 19 नामजद सहित 69 लोगों के खिलाफ मारपीट बलवा व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ भी कर रही है। गांव में चार थानों की फोर्स और पीएसी की तैनाती कर दी गई है। विदित हो कि बीते 14 जून को गांव निवासी दीपू निषाद की मौत हो गई थी। परिजनों ने ग्राम प्रधान के परिजनों पर दीपू निषाद को मार डालने का आरोप लगाया था। इसके बाद से गांव में सियासत गर्म हो गई। पहले चौरी चौरा के विधायक श्रवण निषाद ने घटनास्थल का जायजा लिया। उसके बाद शनिवार को उनके पिता डॉ संजय निषाद ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और प्रशासन पर जमकर बरसे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि




**बांदा।** देश की अखंडता के लिए संघर्ष करने वाले जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी और वृक्षारोपण किया। तिंदवारी मण्डल के संतोषी नगर में भाजपा कार्यकताओं ने डॉ मुखर्जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने एक निशान एवं एक विधान, एक प्रधान का नारा देकर जम्मू-कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने के संघर्ष में अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। उन्होने पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने की लड़ाई में बनाए रखने की वैचारिक व व्यवहारिक लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा के सदस्य के रूप में उन्होने भाषा व संस्कृति संबंधी परिवर्तनकारी सुझाव दिए। उन्होने जनसंघ की स्थापना से देश को एक विचार दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, अतुल दीक्षित, प्रीतम गुप्ता राजा, विनोद नामदेव, कृष्णा सोनी, रजत कुशवाहा, मोती कोटार्य, गोविन्द तिवारी, दीपक श्रीमाली, शिवम द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# कल्याणकारी योग

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एक बार फिर दुनिया ने वैश्विक कल्याण के संकल्प के साथ यूएनओ की थीम 'योग स्वयं और समाज के लिए' पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कुछ समय पहले तक योग को लेकर धार्मिक विवाद भी होते रहे हैं जिससे इसकी चर्चा अधिक होती थी। लेकिन इस बार चुनाव के तुरंत बाद योग दिवस पड़ा, इसलिए कोई धार्मिक और राजनीतिक विवाद भी सामने नहीं आया। प्रधानमंत्री ने खुद श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हजारों लोगों के साथ योग किया और कश्मीर की बेटियों के साथ उनकी सेल्फी पूरी दुनिया में वायरल हुई। योग जोड़ने का ही नाम है और अगर प्रधानमंत्री ऐसे प्रयासों से कश्मीर वासियों का दिल जीतने का प्रयास करते हैं, तो यह एक राजनेता के तौर उनका अच्छा प्रयास माना जायेगा। योग एक विज्ञान है और अब इसे पूरी दुनिया स्वीकार भी कर रही है। तभी तो पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। सऊदी अरब में तो योग वहां की शिक्षा प्रणाली में शामिल हो चुका है। योग को लेकर दुनिया आकर्षित है और इसलिए यह भारत का दायित्व बनता है पूरी दुनिया में योग को पहुंचाने के लिए सरकार प्रयास करे। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में वैदिक योग प्रथाओं की प्रभावकारिता को वैज्ञानिक रूप से मान्य करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता भी है। विश्व में भारत का बढ़ता गौरव, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत की छवि पिछले एक दशक में वैश्विक लीडर के रूप में उभरी है। जब वैश्विक महामारी कोविड के दुष्परिणामों से जूझ रहे साधन संपन्न पाश्चात्य देश आर्थिक मंदी और औद्योगिक असंतुलन से गुजर रहे थे, ऐसे मुश्किल हालात में भारत चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगातार वृद्धि कर रहा था, वहीं उसने देश के 140 करोड़ लोगों के साथ-साथ अमेरिका समेत दुनिया के बड़े और दिग्गज देशों को कोविड वैक्सीन, चिकित्सीय उपकरण एवं स्वास्थ्य सेवाएं देकर मिसाल कायम की। आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है। इस नए भारत में वर्तमान सरकार की विदेश नीति, नई शिक्षा नीति-2020, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, एक दर्जन से अधिक एम्स, 200 से ज्यादा चिकित्सा संस्थानों के निर्माण, सड़क यातायात, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फ्रैंडली नीतियों की वजह से निवेश तथा उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। हमारा भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों के साथ विकास की नई पटकथा लिख रहा है। अब सब चलता है वाला दृष्टिकोण भूतकाल के गर्त में है। यह प्रधानमंत्री मोदी ही थे जिन्होंने 2014 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विजन दिया था और उनके नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया कि हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाये। योग शरीर, मन, मानवता, प्रकृति और दुनियाभर में लाखों लोगों को एकजुट करता है, जिनके लिए यह शक्ति, सद्भाव और शांति का स्रोत है। एक खतरनाक और विभाजित दुनिया में, इस प्राचीन अभ्यास के लाभ बहुत ही मूल्यवान हैं। योग शांति प्रदान करता है, यह चिंता को कम कर सकता है और मानसिक कल्याण को बढ़ावा दे सकता है। यह हमें अनुशासन और धैर्य विकसित करने में मदद करता है। यह हमें हमारे साथ जोड़ता है। योग सामान्य मानवता को प्रकट करता है। हमें यह समझने में मदद करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक हैं। योग दिवस पर भारत ने यही संदेश पूरी दुनिया को दिया है। योग आज बड़ी आर्थिकी, भारतीय कूटनीति में साफ्ट पॉवर और विश्व कल्याण का माध्यम बन गया है। इसलिए भारत को योग के प्रचार-प्रसार और अनुसंधान की दिशा में हर स्तर पर प्रयास करना चाहिए और इसके लाभों को पूरी दुनिया तक पहुंचाना चाहिए।



**योग दुनिया को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसलिए पूरी दुनिया में योग का प्रसार होना जरूरी है।**

### विचार

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।
-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।
-बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।
-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।
-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।
-शेक्सपियर.

# देश का नाम डुबोने वाले ये 'कलंक एंबेसडर'



लोकमित्र

**हिंदुजा परिवार के इन नौकरों में घर के रसोईये और दूसरे घरेलू नौकर थे, जो अक्सर हर दिन 18-18 घंटे काम करते थे। बावजूद इसके उनके साप्ताहिक अवकाश का कोई दिन निश्चित नहीं था और साप्ताहिक अवकाश मिलेगा भी, यह भी तय नहीं था। अदालत में इस अमीर परिवार पर आरोप लगाया गया कि वह अपने नौकरों को स्विस कानून के मुताबिक दसवें हिस्से से भी कम वेतन दे रहा था और सुविधाओं के नाम पर क्रूरतापूर्ण व्यवहार कर रहा था।**

सालों पहले गीतकार शैलेंद्र ने राजकपूर की फिल्म 'जिस देश में गंगा बहती है' में भारतीयों की शान में एक गाना लिखा था, 'हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है।' इस गाने की हर पंक्ति भारतीयता के बखान से ओतप्रोत थी और विदेशों में रह रहे भारतीयों के लिए उनकी गर्व से भरी पहचान बन गई थी। इसी गाने में एक पंक्ति है, 'कुछ लोग जो ज्यादा जानते हैं, इंसान को कम पहचानते हैं... ये पूरब है, पूरब वाले, हर जान की कीमत जानते है..।' इसका आशय था कि पश्चिमी दुनिया के लोग भले इंसान की कद्र करना न जानते हों, लेकिन हम भारतीय इंसान की कद्र करना खूब जानते हैं। लेकिन ये गाना अपनी जगह है और वास्तविकता अपनी जगह। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज पूरी दुनिया में बसे विदेशी लोगों में सबसे ज्यादा अनिवासी भारतीय और भारतीय मूल के लोग ही हैं। मगर जहां तक इंसान की कद्र करने और उसकी कीमत जानने का सवाल है, तो हम इसका दावा नहीं कर सकते। क्योंकि अगर ऐसा होता तो गुजरे 21 जून 2024 को स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को अपने ही घर के नौकरों का शोषण करने और उन्हें कुत्तों से ज्यादा बदतर स्थिति में रखने के लिए चार और साढ़े चार सालों की सजा न सुनाई होती। जबकि ये नौकर कोई विदेशी नहीं बल्कि मालिकों के अपने ही देश के गरीब लोग थे।

स्विट्जरलैंड स्थित जेनेवा की एक अदालत ने भारतीय मूल के कारोबारी और हिंदुजा ग्रुप (यूरोप) के चेयरमैन प्रकाश हिंदुजा, उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार-साढ़े चार साल की और इनके बेटे अजय हिंदुजा और बहू नम्रता हिंदुजा को चार-चार सालों की सजा सुनाई। इस सजा का कारण हिंदुजा परिवार द्वारा अपने लग्जरी लेक विला में काम करने वाले घरेलू नौकरों का किया गया शोषण था। दरअसल हिंदुजा परिवार अपने घरों के इन नौकरों से हर दिन करीब 18-18 घंटे काम लेता था और इन्हें हर दिन के लिए औसतन 700 भारतीय रुपये का भुगतान ही करता था, जबकि स्विट्जरलैंड के न्यूनतम दैनिक वेतन के आधार पर इन नौकरों का हर दिन का वेतन 2800 भारतीय रुपये या कहें 28 पौंड बनता था। यही नहीं अदालत ने हिंदुजा परिवार के लोगों के विरूद्ध यह भी आरोप लगाया गया कि यह परिवार अपने कुत्तों पर, अपने घर के नौकरों से कहीं ज्यादा खर्च करता है। ब्रिटेन के इस सबसे अमीर कारोबारी परिवार की संपत्ति 47 अरब डॉलर से कहीं ज्यादा है, इस लिहाज से देखें तो इस तरह के आरोप अपराध से ज्यादा जुगुप्सा के द्योतक हैं। हिंदुजा परिवार भारत से लाये गये अपने इन नौकरों का इस कद्र शोषण करता था कि उन्हें स्थानीय मुद्रा स्विस फ्रैंक में वेतन देने की बजाय भारतीय मुद्रा में देता था। घर से बाहर उनकी आवाजाही पर अघोषित प्रतिबंध लगाया हुआ था और इतने कम वेतन पर लंबे समय से काम किये जाने पर मजबूर किया हुआ था।





## हिन्दुजा को सजा

हिंदुजा परिवार के इन नौकरों में घर के रसोईये और दूसरे घरेलू नौकर थे, जो अकसर हर दिन 18-18 घंटे काम करते थे। बावजूद इसके उनके साप्ताहिक अवकाश का कोई दिन निश्चित नहीं था और साप्ताहिक अवकाश मिलेगा भी, यह भी तय नहीं था। अदालत में इस अमीर परिवार पर आरोप लगाया गया कि वह अपने नौकरों को स्विस कानून के मुताबिक दसवें हिस्से भी कम वेतन दे रहा था और सुविधाओं के नाम पर क्रूरतापूर्ण व्यवहार कर रहा था। यहां तक कि घर के नौकरों को कई बार बेसमेंट के फर्श पर सोना पड़ता था। मालूम हो कि हिंदुजा परिवार पर अपने नौकरों के विरूद्ध क्रूरता का यह कोई पहला आरोप नहीं था। साल 2007 में भी इस परिवार पर इसी तरह के आरोप लगे थे। लेकिन इसके बाद भी अभियोजकों के मुताबिक यह परिवार बिना कोई सबक लिए उचित दस्तावेजों के बिना अपने घर पर घरेलू नौकरों का रखना जारी रखा। यह अलग बात है कि इस परिवार पर मानव तस्करी का भी जो आरोप लगा था, अदालत ने उसे खारिज कर दिया। अदालत के मुताबिक घर के नौकरों को इस बात का पता था कि उन्हें काम के लिए देश से यहां लाया गया है। स्विट्जरलैंड में जिस तरह का सख्त कानूनी शासन है, उसके चलते लगता नहीं कि हिंदुजा परिवार को मिली यह सजा आने वाले दिनों में रफा दफा हो जायेगी या जेल की सजा मुआवजें में परिवर्तित हो जायेगी। चूंकि हिंदुजा परिवार पर अपने नौकरों को कम वेतन देने का आरोप तो है ही, उनके पासपोर्ट अपने पास जब्त रखने और घर से बाहर न जाने देने के भी आरोप लगे हैं, जो एक तरह से मजदूरों को बंधुआ बनाये जाने के आरोप हैं जिसके लिए यूरोप में सख्त सजा है। इससे आशंका है कि इस अरबपति परिवार को यह सजा भुगतनी ही पड़ेगी। मालूम हो कि इस परिवार के विरूद्ध स्विट्जरलैंड में यह अदालती कार्यवाई 17 जून 2024 से शुरू हुई थी और 21 जून 2024 को निर्णय भी हो गया। इतने त्वरित रफ्तार से फैसला होना भी एक मानवीय और कानूनप्रिय समाज का द्योतक है।

अदालती कार्यवाई में सरकारी वकील य्वेस बेरतोसा ने इस परिवार पर मानवीय गरिमा का अपमान करने वाला, एक यह आरोप भी लगाया कि यह परिवार अपने स्टाफ को जहां हर दिन औसतन 654 रुपये के हिसाब से सालभर में करीब 2 लाख 38 हजार रुपये देता था, वहीं घर में मौजूद कुत्तों की देखरेख के दस्तावेज बताते हैं कि एक कुत्ते पर सालाना करीब 8 लाख रुपये से ज्यादा खर्च होता था। भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार को भले यह सजा उनकी निजी करतूतों के तहत दी गई हो, लेकिन जब विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीयों या भारतीय लोगों के अच्छे कामों और उनकी उपलब्धियों से हम मानते हैं कि भारत का गर्व बढ़ता है, तो क्यों न मानें कि ऐसे भारतीय मूल के लोगों या अनिवासी भारतीयों की करतूतों से भारत शर्मसार होता है। हाल के दशकों में अनिवासी भारतीयों को भारत के सबसे बड़े ब्रांड एंबेस्डर के रूप में स्थापित किया गया है। हर जगह उन्हें विदेशों में भारत का परचम फहराते दिखाये जाने की कोशिश होती है। इसलिए ऐसी हरकतों से यह मानना चाहिए कि इनकी वजह से भारत का परचम झुक जाता है। भारतीय मूल के लोगों और अनिवासी भारतीयों द्वारा हर साल 1 खरब डॉलर से ज्यादा विदेशी मुद्रा भारत भेजी जाती है और उस मुद्रा का भारत की तेज रफ्तार आर्थिक विकास दर में जबरदस्त योगदान भी है। इस वजह से भी भारत की सरकार हो या कि भारत का औद्योगिक तबका, कारोबारी हों या कि फिल्म निमार्ता-निर्देशक। सब भारतीयों के इस योगदान के एहसान से दबे रहते हैं और इन्हें भारत का सबसे महान एंबेस्डर करार देते हैं। बॉलीवुड ने हाल के दशकों में अपने कथनाकों में किसी वजह से इन अनिवासियों को विशेष तौरपर सम्मान देने की कोशिश करते दिखा है। लेकिन एक दो नहीं, करीब 11 हजार से ज्यादा भारतीय विदेशों में किसी न किसी वजह से जेलों में बंद हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 1858 भारतीय संयुक्त अरब अमीरात और 1346 भारतीय सऊदी अरब के जेलों में कैद हैं, तो हो सकता है इसमें कुछ एक प्रतिशत ऐसे लोगों का हिस्सा भी हो जो वाकई इस मामले में निर्विरोध हों, लेकिन सभी निर्दोष होंगे, ऐसा नहीं माना जा सकता। दो साल पहले लोकसभा सांसद अरविंद धर्मपुरिया के पूछेगये एक सवाल पर विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने बताया था कि विदेशी जेलों में 8280 नागरिक कैद है। इनमें 1297 भारतीय जेलों में कैद हैं और 3580 भारतीयों को विदेशों की स्थानीय अदालतों सजा भी हो चुकी है। इसलिए हमें जहां भारत का मान बढ़ाने वाले भारतीयों के सम्मान में सिर झुकना चाहिए, वहीं भारत को शर्मसार करने वाले इन अनिवासियों को कलंक का एंबेस्डर भी करार देना चाहिए।

### सोशल मीडिया

आ. पीएम मोदीजी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज रांची में अपनी स्व. माता जी के नाम से पौध रोपण किया। शिवराज सिंह चौहान.



सरकार के प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है कि जन समस्याएं और अपेक्षाएं सुनें तथा एक तय समय सीमा में निस्तारण करें, उनको लटकायें नहीं उनका समाधान दें। सीएम योगी.



यूपी के फिरोजाबाद जिले में एक दलित कैदी की जेल में जिस प्रकार से जान ली गयी, यह अति दुखद घटना है, सरकार दोषी पुलिस वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करे। मायावती.



# विचारों में चेतना

### अंतर्दृष्टि

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

# टांग अड़ाने की कला...

### व्यंग्यलोक

चक दे ... चक दे इंडिया .. लो जी अपने देश में हॉकी का विश्व कप शुरू हो चुका है। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं। अब उपयोगी को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है। हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त धौल के शब्दार्थ भिन्न है। एक को शॉट लगाना कहते हैं और दूसरे को लात जमाना। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते। बहरहाल, सामने के मैदान में खेल रहे बच्चों का क्रिकेट चरम पर पहुँच चुका था। मोहल्ले का ध्यानचंद अपने-आप को सचिन सिद्ध करने में लगा था। रन पीटे जा रहे थे, तभी एक बॉल सीधे मेरे सिर पर लगी। मैं गश खाकर गिर पड़ा। मुझे दिन में चीयरलीडर्स नजर आने लगीं। मैंने देखा, एक खूबसूरत चीयरलीडर क्रिकेट के विश्व कप में मीठा काढ़ा भरकर मुझे पिला रही है। काढ़े को जिस चम्मच से बार-बार घुमा रही थी वह बिल्कुल हॉकी के जैसी है। वह चीयरलीडर बाला मेरे ठीक बाजू में घुटने के बल बैठी थी। उसके खूबसूरत टखनों पर मेरा सिर था। उसने काढ़ा पिलाते हुए हॉकीनुमा चम्मच मेरे हाथ में पकड़ा दी। मैं यह देखकर चौंक गया कि चम्मच.. उंह हॉकी घुलकर बोनी हो चुकी है।



राकेश सोहम

# क्या शेयर बाजार के रास्ते दबे पांव आ रहा है संकट



### सामयिक

भले 4 जून 2024 को 18वीं लोकसभा चुनावों के वास्तविक नतीजों के आने के बाद शेयर बाजारों के धड़ाम होने की सूनामी के पीछे कोई षड़यंत्र न देखा गया हो, लेकिन इस एक दिन में जिस तरह शेयर बाजार में 32 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ, क्या वह सब कुछ नॉर्मल था? शायद हम इसे नॉर्मल ही मानें, लेकिन इस बीच दुनिया के दो अर्थशास्त्रियों की ऐसी भविष्य वाणियां सामने आयी हैं, जिन्होंने आम नहीं बल्कि शेयर बाजार के विशेषज्ञ खिलाड़ियों के भी होश ठिकाने लगा दिये हैं। ये दोनों भविष्यवाणियां अमरीका से आयी हैं और हैरानी की बात ये है कि थोड़े बहुत अंतर के साथ ये बिल्कुल एक जैसी ही हैं। पहली भविष्यवाणी अमरीकी अर्थशास्त्री हैरी डेंट की है, जिनका कहना है कि अगले साल तक दुनियाभर के शेयर बाजारों में 92 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। यह हाहाकारी गिरावट साल 1925 से 1929 के बीच आयी मंदी से भी ज्यादा भयानक होगी।

दूसरी भविष्यवाणी हालांकि पहली भविष्यवाणी से थोड़ी कम डरावनी है, लेकिन डराती यह भी है। क्योंकि यह दूसरी भविष्यवाणी भी ऐसे व्यक्ति ने की है, जिसे शेयर बाजार का भगवान कहा जाता है। जी हां, अर्थशास्त्री गैरी शिलिंग की ख्याति ऐसी ही है। इनका मानना है कि अगले साल तक शेयर बाजार 30 से 40 फीसदी तक टूट जायेगा और यह भी दुनियाभर के आर्थिक और वित्त बाजार की कमर तोड़ने वाला होगा। गैरी शिलिंग की भविष्यवाणी में भी काफी कुछ वही तथ्य हैं, जिन्हें हैरी डेंट ने अपनी भविष्य वाणी का आधार बनाया है। यह भी मानते हैं कि पिछले कुछ सालों से लगातार मंदी अंदर ही अंदर गहराती जा रही है, लेकिन शेयर बाजार ऐसा कुछ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, मानो मंदी नहीं बल्कि किसी जबरदस्त उछाल के लिए माहौल बन रहा हो। लेकिन अब यह षड़यंत्र देर तक नहीं चलेगा। हैरी डेंट का मानना है कि आमतौर पर इस तरह की मंदी के बुलबुले 5-6 सालों के अंदर रह रहकर फूटते हैं। लेकिन पिछले 14 सालों से जिस तरह से शेयर बाजार इस वास्तविक गिरावट को दबाते चले आ रहे हैं, उसके चलते अब यह एक साल के अंदर ही किसी ज्वालामुखी के विस्फोट की तरह भी फूट सकते हैं। यह विस्फोट इतना भयानक होगा कि इस स्वनामधन्य अर्थशास्त्री के मुताबिक अगले 14-15 सालों में भी शेयर बाजार उबर नहीं पाएंगे। हालांकि दोनो ही अर्थशास्त्रियों ने मुख्य रूप से यह भविष्यवाणी अमरीकी शेयर बाजारों को ध्यान में रखकर किया है। लेकिन हम सब ये जानते हैं कि दुनियाभर के शेयर बाजार आज की तारीख में अमेरिका के शेयर बाजारों से इस तरह से जुड़े हुए हैं, मानों उनके बीच आपस में गर्भनाल का संबंध हो। बहरहाल हैरी डेंट के मुताबिक अमेरिका का एसएंडपी 46 फीसदी, तो नैस्डेक करीब 92 फीसदी तक टूट जायेगा। यहां तक कि एनवीडिया जैसे शेयर बाजार के बारे में तो हैरी डेंट की कठोर भविष्यवाणी है कि यह 98 फीसदी तक टूट सकता है।

अगर वाकई यह भविष्यवाणी सही हो गई तो अकेले अमरीका के ही नहीं बल्कि दुनियाभर के करोड़ों निवेशकों को खरबों खरबों डॉलर का नुकसान होगा और शेयर बाजार अगले कई दशकों तक उबर नहीं पाएंगे। अगर यह इतनी खतरनाक भविष्यवाणी किसी दूसरे अर्थशास्त्री की होती तो लोग इसकी धज्जियां उड़ा देते। लेकिन यह भविष्यवाणी उस अर्थशास्त्री की हैं, जिसने 1989 में जापान के एसेंट प्राइस बुलबुले के फूटने की सटीक भविष्यवाणी की थी और यही वह अर्थशास्त्री है, जिसने 90 के दशक के मध्य में ही कह दिया था कि 2000 में डॉट कॉम का बुलबुला ध्वस्त हो जायेगा और ठीक ऐसे ही हुआ। 1996-97 तक यह आलम था कि कोई भी डॉट कॉम कंपनी रातोंरात कामयाबी की बुलंदियां छू रही थी, लोग डॉट कॉम के बारे में कुछ कच्चा पक्का जानते थे, मगर डॉट कॉम कंपनियों के शुरू होते ही वह सोने के अंडे देने लगती थीं। लेकिन साल 2000 में यह उठान ऐसी धड़ाम हुई कि एक झटके में डॉट कॉम कंपनियों को पानी देने वाली संस्थाएं तक नहीं बचीं।

हैरानी की बात ये है कि यह अकेली डरावनी भविष्यवाणी तब और खतरनाक हो जाती है, जब शेयर बाजार के गॉड कहलाने वाले गैरी शिलिंग भी इसी की तरफ जाते हुए दिखते हैं। शिलिंग का भी मानना है कि 2008 में अमरीकी अर्थव्यवस्था में जो मंदी आयी थी और फिर कोरोना महामारी के चलते जो अमरीकी शेयर बाजार टूटे, वो खतरे की पूरी तस्वीर नहीं थी, उसके एक हिस्से थे। पूरी तस्वीर तो अब आयेगी, जो बेहद भयानक होगी। **- विजय कपूर.**

## आप की बात

### नीट परीक्षा में धांधली

परीक्षाओं में बढ़ती धांधली गंभीर चिंता का विषय है। एनटीए ने एक साथ कई गलतियां की हैं जिसका दुष्परिणाम युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। बात सिर्फ एक परीक्षा सेंटर्स पर टॉपर्स की भरमार का नहीं है, न ही ग्रेस मार्क्स और अचानक परीक्षा परिणाम घोषित करने का है। दरअसल असल सवाल एनटीए की विश्वसनीयता का, उसके इकबाल का और एनटीए की कार्यप्रणाली में आवश्यक पारदर्शिता का भी है। जिस तरह से नीट का रिजल्ट इस साल हड़बड़ी में बिना किसी सूचना के घोषित किया गया, रिजल्ट में तमाम तरह की धांधलियां सामने आ रही हैं। छात्रों को टाइम लॉस के नाम पर बड़ी मात्रा में ग्रेस मार्क्स देना, एक सीरियल से एक साथ कई-कई छात्रों का 100 पर्सेंट स्कोर, यह सब इशारा करता है इस बार की नीट परीक्षा में छात्रों के साथ न्याय नहीं किया गया। परीक्षा में न सिर्फ सेंटर्स मैनेज करने का गंदा खेल साफ-साफ दिखायी देता है बल्कि ऐसा लगता है कि एनटीए के अधिकारी भी इस धांधली में शामिल हो सकते हैं। इसलिए अब एनटीए को ही सुधारने की जरूरत है।

**पंकज श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### पाकिस्तान के हाथ में कटोरा

पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख्तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा। दरअसल पाकिस्तान की सेना और सियासतदान इतने धूर्त हैं जिसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में जिस विदेश नीति का जिक्र किया है उसमें यह बताया है कि जब राजा की गद्दी पर खतरा आ जाये, तो उसे पड़ोसी देश का भय दिखाकर अपने पीछे एकजुट करना चाहिए। पाकिस्तान के हुक्मरानों ने इसे खूब आजमाया। शहबाज शरीफ ने भी आते की कश्मीर राग छेड़ दिया है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## दो घरों में चोरी कर बदमाशों ने उड़ाया लाखों का माल

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के शेखवापुर मजरे गोविंदपुर वलौली गांव में बदमाशों ने दो घरों में धावा बोलकर हजारों की नगदी सहित लाखों का जेवरात पार कर दिया है। चोरी की घटना की शिकायत पीड़ितों के द्वारा लालगंज पुलिस से की गई है। चोरी की घटना से पीड़ित विनोद कुमार ने बताया कि गर्मी के चलते वे लोग घर के बाहर दरवाजे पर सोए हुए थे। चोरों ने घर के अंदर घुसकर 36हजार रुपए नगद सहित लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया है। वहीं दूसरी चोरी की घटना सुरेंद्र कुमार के घर में हुई है। सुरेंद्र के घर से भी बदमाशों ने20हजार रुपए नगद और जेवरात पार कर दिया है। घटना के बाद सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है और जल्द चोरों का पता लगाने की बात कही है।

## श्रमिक मिक्सर मशीन में घायल

ऊंचाहार, रायबरेली। गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में लगी आईटीडी कंपनी का एक श्रमिक मिक्सर मसीन में फंसकर घायल हो गया। उसको सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस वे में काम करने वाली आईटीडी कंपनी में स्थानीय श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपकरण के काम कराया जा रहा है। जिसका खामियाजा श्रमिक भुगत रहे है। रविवार को एक श्रमिक बड़े हादसे का शिकार हो गया है। निर्माण के लिए सीमेंट गिट्टी मौरंग का मिक्सर तैयार करने वाली मसीन में काम करते समय क्षेत्र के असलाहपुर गांव निवासी हीरालाल मसीन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी श्रमिक तत्काल उसको लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

ऊंचाहार, रायबरेली। दो बाईकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक ही बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक ही हालत खराब है। उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। यह हादसा क्षेत्र के गांव अकोढिया के पास हुआ है। क्षेत्र के मलकाना गांव निवासी सूरज साहू, राजू और सूरज प्रजापति एक ही बाइक से कहीं गए हुए थे। जहां से वापस लौटते समय अकोढिया गांव के पास सामने से आ रहे एक दूसरे बाइक सवार से उनकी आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हे उठाकर एंबुलेंस की माध्यम से सीएचसी पहुंचाया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में सूरज प्रजापति की गंभीर दशा को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## जमीनी विवाद में महिला को निर्वस्त्र कर पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली। जमीनी विवाद में दो पक्षों के मध्य हुई भिड़ंत में एक महिला निर्वस्त्र हो गई और उसको नग्न अवस्था में पीटा गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कोटरा बहादुर गंज का है। गांव की महिला किरण देवी का कहना है कि उसका गांव के कुछ लोगों से जमीनी विवाद है। इसकी जांच के लिए रविवार को न्यायालय के आदेश पर कुछ अधिकारी आए थे। जांच के बाद उसके विपक्षी उसके पुत्र के साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव के लिए महिला पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट हुई। इस दौरान वह निर्वस्त्र हो गई। इसके बावजूद उसको नहीं छोड़ा गया और उसे मारा पीटा गया है। जिससे उसको चोट आई है। घटना के बाद कोतवाली पहुंची महिला ने मामले की लिखित तहरीर दी है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

## दो बदमाश गिरफ्तार

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर पुलिस ने जानलेवा हमले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान प्रदीप सिंह निवासी बरुई थाना गोसाईगंज व दिनेश निषाद निवासी टेकुआ थाना दोस्तपुर के रूप में हुई है। पुलिस को इनके पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी मिले हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व एक युवक पर दोनों ने चाकू से हमला किया था।

# घटिया निर्माण पर भड़के विधायक जेई व ठेकेदार को लगायी फटकार



बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। इसौली से सपा विधायक मोहम्मद ताहिर खान क्षेत्र भ्रमण के दौरान बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बघौना गांव पहुंचे, जहां एक सड़क निर्माण में ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की शिकायत मिली थी। जिसे संज्ञान में लेकर इसौली विधायक ताहिर खान मौके पर पहुंच गए।

इसौली विधायक ने बघौना में सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण की। सूचना की भनक लगते ही ठेकेदार व जेई मौके पर पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान विधायक मो. ताहिर खान ने सड़क पर अपने पैरों से ठोकर मारी तो सड़क की गिट्टिया उखड़ गई।

ये यह देख विधायक का गुस्सा सातवें में आसमान पर पहुंच गया, उन्होंने तत्काल के जेई व ठेकेदार से पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने व घटिया निर्माण कार्य करने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे तत्काल दुरुस्त कराएं। अन्यथा इस निर्माण कार्य का मुद्दा सदन में उठाएंगे। एक तरफ जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने का दावा करती है, लेकिन उन्हीं के मातहत धज्जियां उड़ाने में जुटे हैं।

वहीं बघौना शारदा सहायक खंड-16 नहर पुल की ध्वस्त रेलिंग की शिकायत ग्रामीणों ने इसौली विधायक ताहिर खांसी की। जिसे विधायक ने संज्ञान में लेकर तत्काल एक्सईएन खंड-16 से फोन पर वार्ता की और रेलिंग दुरुस्त कराने की बात कही। जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

# सरकार ने 370 समाप्त कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया साकार : डॉ. आरए वर्मा



सुलतानपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के प्रेरणापुंज व अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 71वां बलिदान दिवस जिले के 26 मंडल केन्द्रों व 1900 बूथों पर मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाइयों ने नगर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता- अखंडता के लिए समर्पित रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 व 35ए को समाप्त कर डॉ. श्यामा मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि डा. मुखर्जी ने राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। संचालन नगर महामंत्री प्रवीण मिश्रा ने किया। इस मौके पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचन्द्र मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेन्द्र प्रताप सिंह राणा, विजय त्रिपाठी, आलोक आर्या, बबिता तिवारी, अजय सिंह लीडर, गांधी सिंह, सभासद अफजल अंसारी, संदीप गुप्ता, रेनू सिंह, माधुरी मिश्रा, विनोद मिश्रा, सौरभ पांडेय आदि रहे।

## आर्थिक सहायता के आश्वासन पर माने परिजन, मृतक लाइनमैन का किया अंतिम संस्कार

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। छह जून को बेलवारी गांव की लाइन ठीक करते समय थाना क्षेत्र दियरा (कोड़रिया) निवासी मोनू गौतम हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया था। गंभीर हालत में उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। शुक्रवार को 15वें दिन ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद रात आठ बजे के करीब शव गांव पहुंचा, तो लोग शिकायत दर्ज करने व परिवार को क्षतिपूर्ति देने की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार अगले दिन करने की बात करने लगे। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ज्ञानचंद शुक्ला द्वारा मृतक के पिता सीताराम, पत्नी राजपति व सगे-संबंधियों को विभाग द्वारा मिलने वाले दुर्घटना लाभ की जानकारी देते हुए फोन पर अधिशाषी अभियंता जयसिंहपुर से बात कराई। अधिशाषी अभियंता संजय कुमार यादव ने फोन पर ही बताया कि विभाग द्वारा 7.50 लाख रुपये दुर्घटना बीमा, पीड़ित के ईपीएफ की जमा धनराशि व परिवार के जीविकोपार्जन के लिए निर्धारित पेंशन का लाभ जल्द ही परिवार को दिया जायेगा। उन्होंने संबंधित जियो की कॉपी मोबाइल पर भेजकर परिजनों को आश्वस्त किया। जेई दियरा अनिल यादव ने विभागीय कर्मियों की तरफ से 50,000 की सहायता राशि मृतक की पत्नी को दी। पत्नी राजपति की तहरीर पर दुर्घटना की प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पीड़ित परिवार ने रात करीब 10:00 बजे दियरा राजघाट पर शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान मोतिगरपुर पुलिस, उपकेंद्र दियरा के सभी विद्युतकर्मी के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



शुकुल बाजार, अमेठी। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थापित आयुषमान आरोग्य मंदिर दारानगर में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी अनामिका मिश्रा को केंद्र से दी जाने वाली उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिलाधिकारी अमेठी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला अधिकारी निशा आनंत ने जनपद में आयुषमान आरोग्य मंदिर पर अच्छा कार्य करने वाले 3 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया जिसमे ब्लॉक बाजार शुकुल के अंतर्गत आयुषमान आरोग्य मंदिर दारानगर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी अनामिका मिश्रा को केंद्र से दी जाने वाली सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य सी एच ओ को इनसे सीख लेने की जरूरत है इसी तरह सभी को अपने कार्य मे सुधार लाना है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय स्तर पर बेहतर बनाया जा सके। ज्ञात हो कि आयुषमान आरोग्य मंदिर से 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती है जिसने प्रमुख रूप से गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग सन्दर्भन एवं फॉलोअप, मुख स्वास्थ्य संबधी सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य, गर्भावस्था एवं नवजात शिशु देखभाल, बाल स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य देखभाल सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है इस सभी सेवाओं में दारानगर आयुषमान आरोग्य मंदिर ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है।

## कराटे ग्रेडिंग बेल्ट टेस्ट सम्पन्न




रायबरेली। कराटे एसोसिएशन ऑफ रायबरेली के तत्वावधान में एक दिवसीय जूनियर कलर बेल्ट कराटे ग्रेडिंग परीक्षा रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी ओम नगर निकट पीएसी कॉलोनी गोरा बाजार में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से दाची, जुकी, ब्लॉक, किहोन, काता, योगा आसन एवं शारीरिक परीक्षा के साथ लिखित एवं मौखिक परीक्षा भी ली गई। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा को एनटीपीसी ऊंचाहार कोच राहुल कुमार पटेल, मुख्य कराटे प्रशिक्षक मास्टर राकेश कुमार गुप्ता के द्वारा संचालित की गई। इस परीक्षा को सफल बनाने में परीक्षक युवराज मौर्य एवं रितिका गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा में विभिन्न कराटेकारों ने भाग लिया। इस कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्हाइट से येलो बेल्ट में अखंड प्रताप सिंह, विराट सिंह, आर्यन जायसवाल, येलो बेल्ट से ऑरेंज बेल्ट में प्रानवी शुक्ला, अथर्व शर्मा, श्रेया कौशल और ऑरेंज बेल्ट से ग्रीन बेल्ट में आकृति भूषण, यक्षित भूषण, आदित्य प्रताप सिंह वहीं ग्रीन बेल्ट से ब्लू बेल्ट में रागी सिंह, अविका वहीं पर्पल से रेड बेल्ट में अनुप्रिया मौर्या, वैभवी केसरी, आराध्या शुक्ला, महरूम बेल्ट से ब्राउन सेकंड बेल्ट में प्रतीक सिंह शामिल हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि




रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सुपर मार्केट श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी सहित सभी पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया व जिला कार्यालय अटल भवन में बलिदान दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने कहा कि अखंड भारत के स्वप्नद्दष्टा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का आज बलिदान दिवस है... आजादी के बाद संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था... तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा और अखंड़ता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने एक व्यापक आंदोलन शुरू किया था।

पुष्पांजलि सभा आज जिला कार्यालय सहित जिले के प्रत्येक बूथ पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया जिसमे सभी कार्यकर्त्ता पदाधिकारी मौजूद रहेद्य अटल भवन सभा में सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, आर बी सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, दल बहादुर सिंह, जन्मेजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, विजय सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह जिला मंत्री विवेक शुक्ला, विश्व प्रकाश पाठक, अनुज मौर्या, सुमित पाण्डेय, आनंद रस्तोगी, राजीव अग्रवाल, दिगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, महिला मोर्चा संगीता पासवान, आकांक्षा शुक्ला, शिल्पी चावला, व जिला मीडिया प्रभारी बिनय शुक्ला सहित सभी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## सर्विलांस टीम ने 16 लाख 20 हजार रुपये के 108 मोबाइल फोन किया बरामद



अमेठी। सर्विलांस सेल टीम के अथक प्रयास से जिले में खोये हुए 108 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन को बरामद कर रविवार को मोबाइल धारकों को अमेठी एसपी द्वारा सुपुर्द किया गया है। जिनकी कीमत लगभग 16 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। रविवार को सर्विलेंस टीम के प्रयास से 108 खोये हुए विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन को बरामद करने के बाद अमेठी एसपी अनूप सिंह द्वारा मोबाइल मालिकों को उनका फोन सुपुर्द किया गया है अमेठी एसपी ने बताया कि बरामद मोबाइल की कीमत लगभग 16 लाख 20 हजार है सभी मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया है।

## निःशुल्क पढ़ाई के लिए 14 बच्चों ने पास की परीक्षा



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। एक गुरु जी के निःशुल्क कोचिंग में परीक्षा की तैयारी कर रहे चैदह बच्चों ने सीबीएसई के आवासीय विद्यालय में निःशुल्क पढ़ाई के लिए उत्तीर्ण होकर परचम लहराया है। गोरसरा (कैथाना) उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार प्रजापति विद्यालय के इतर घूरीपुर गांव में एक किराए के मकान में कई गांव के बच्चों का परीक्षोपयोगी तैयारी वर्षों से कराते आ रहे हैं। इस बार उन्होंने आठवीं में पढ़ रहे गोरसरा, भैरोपुर, खनुहट, हांसापुर, धधुआ गांव के अनुसूचित जाति के 20 बच्चों की तैयारी कराकर श्रेष्ठा परीक्षा में आवेदन कराया था।

11 मई की परीक्षा के बाद 20 जून को रिजल्ट आया तो तो उनमें से आल इंडिया रैंकिंग में 14 बच्चे कोमल, अभय, हिमांशु, शिवांशु, संजना, साक्षी, आकांक्षा, लक्ष्मी कुमारी, सोनाक्षी गौतम, नेहा, श्वेता, उत्कर्ष, राखी व आदर्श ने सफलता अर्जित कर नाम रोशन किया। शिक्षक अरुण कुमार प्रजापति ने बताया कि सभी बच्चे बेसिक विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। पिछली बार की परीक्षा में 11 बच्चों ने सफलता पाई थी। इस बार बच्चों की संख्या बढ़कर 14 हुई है, जिससे प्रसन्नता मिलती है।

## करंट लगने से युवक घायल

### सीएचसी में डॉक्टर ने किया मृत घोषित

जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के कोरारी गिरधर शाह में रविवार की सुबह एक घर मे वायरिंग कर रहे युवक विद्युत करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस कर घायल हो गया। युवक को इलाज के लिए अमेठी सीएचसी लाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने युवक मौत पर विश्वास न जताते हुए अस्पताल में इलाज के लिए हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों को शान्त कराते हुए युवक की मौत की पुष्टि के लिए जिला अस्पताल रेफर करा दिया। कोरारी गिरधर शाह निवासी युवक जितेन्द्र गौतम (28) पुत्र घनश्याम घर की वायरनिंग करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। रविवार को वह अपने गाँव में ही आदित्य गुप्ता पुत्र स्वामी नाथ गुप्ता के घर मे वायरिंग का काम कर रहा था। तभी इनवर्टर करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस कर घायल हो गया।

परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए अमेठी सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही युवक के परिजन मौत की बात स्वीकार करने को तैयार नहीं थे और अस्पताल में हंगामा करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची अमेठी थाने की पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शान्त कराया। अस्पताल में तैनात डॉक्टरों ने बताया कि ईसीजी के बाद भी परिजन मौत की बात स्वीकार करने को तैयार नहीं हो रहे थे। जबकि युवक की मौत हो चुकी है। वही परिजन पुलिस के आने के बाद युवक के शव को लेकर मौत की पुष्टि के लिए जिला अस्पताल चले गए है।

## सरकार ने धारा 370 समाप्त कर डॉ.मुखर्जी के सपनों को किया साकार : राम प्रसाद मिश्रा



गौरीगंज, अमेठी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के प्रेरणापुंज व अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 71 वां बलिदान दिवस जिले के मण्डल केन्द्रों व बूथों पर मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अगुवाई में भाजपाइयों ने जिला कार्यालय पर डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता- अखंडता के लिए समर्पित रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 व 35 अ को समाप्त कर डॉ श्यामा मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी दी कि डॉ मुखर्जी का 71 वां बलिदान दिवस सभी मण्डलों केन्द्रों तथा बूथों पर मनाया गया।

## विद्युत कनेक्शन की जांच करने गयी टीम पर ग्रामीण ने किया हमला

**ऊंचाहार, रायबरेली।** रविवार की प्रातः चार बजे विद्युत कनेक्शन की जांच करने गई टीम पर ग्रामीण ने हमला कर दिया। पूरी विद्युत टीम को दौड़ा दौड़ा कर लाठियों से पीटा गया। जिसमें अवर अभियंता समेत कुल चार कर्मचारी घायल हुए हैं। जेई ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के सरगपुर डिहवा गांव में हुई है। बताया जाता है कि यह पूरा क्षेत्र बकुलाही झील से घिरा हुआ है। क्षेत्र के किसान झील से पानी लेने के लिए बिजली कनेक्शन जोड़कर मोटर द्वारा झील का पानी खेत में लाते है। आरोप है कि बिजली विभाग के लोग रात दिन घूम घूम कर किसानों से वसूली करते हैं। इसी वसूली के चक्कर में यह घटना हुई है। रसूलपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अवनीश कुमार का कहना है कि वह प्रातःकाल पूरी टीम के साथ सरगपुर डिहवा गांव चेकिंग करने गए थे। गांव के चंद्रिका प्रसाद को अवैध विद्युत कनेक्शन संचालित करते पकड़ा गया। इसमें कार्रवाई की जा रही थी कि चंद्रिका, उसकी पत्नी और उसके बेटे राम मूरत व शिव मूरत में विद्युत टीम पर लाठी डंडा लेकर हमला कर दिया। पूरी टीम को दौड़ा दौड़ा कर खूब पीटा गया। इस दौरान विद्युत टीम का मोबाइल फोन तक तोड़ डाला गया। अवर अभियंता ने मामले में चार लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा और मारपीट की तहरीर कोतवाली में दी है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है, आरोपितों की तलाश जारी है।

# अपहृत बेटी को नहीं तलाश रही पुलिस

### मां ने एसपी से लगायी गुहार

ऊँचाहार, रायबरेली। एक गरीब की युवा बेटी का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। बेटी के बदले उससे दो लाख की फिरौती मांगी जा रही है। पीड़िता कोतवाली के चक्कर लगाकर थक चुकी है। पुलिस ने उसकी मदद से इंकार कर दिया है। अब बेटी की मां एसपी की चैखट पहुंची है। उसने पुलिस की शिकायत के साथ बेटी को बरामद करने की मांग की है। मामला कस्बे से जुड़े छोटे मियां का पुरवा गांव का है। गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि मई महीने में उसकी बेटी का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। वह अपनी बेटी के लिए तब से दर दर की ठोकर खा रही है। जिन लोगों ने अपहरण किया उनका पता चलने पर महिला ने उनसे भी संपर्क किया तो उन लोगों ने महिला से बेटी के बदले दो लाख रुपए फिरौती की मांग की है। इसके बाद महिला कोतवाली पहुंची, उसने कोतवाली में कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। आरोप है कि कोतवाली के एसएसआई ने महिला के साथ दुर्व्यवहार करके उसे भगा दिया और कहा है कि हम कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। पुलिस के नकारात्मक रवैए के कारण निरास महिला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची है। उसने पुलिस की सारी करतूत एसपी को बताई है और अपनी बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लड़की आशनाई में अपने आशिक के साथ भाग गई है। उसका पता लगाया जा रहा है।

## घर में घुस गया बरसात का पानी

ऊँचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के भागीपुर गांव में विकास के नाम पर ग्रामीणों के विनाश की लीला रची गई है। गांव में बनाई गई इंटरलॉकिंग सड़क ग्रामीणों की बरबादी का सबब बन गई है। बरसात का पानी घरों में घुसकर पूरी ग्रहस्ती को नष्ट कर रहा है। उपरोक्त गांव के मजरे गोपापुर की रहने वाली राज रानी का कहना है कि गांव में इंटरलॉकिंग सड़क बनाई गई। यह सड़क काफी ऊंचाई पर बनी है। सड़क के दोनो ओर बने घर काफी नीचे है। सड़क के किनारे जल निकासी के लिए कोई नाली नहीं बनाई गई और न ही जल निकासी का कोई प्रबंध किया गया है। जिसका परिणाम यह हुआ कि बरसात का पानी उसके घर में घुस गया और घर में रखा पूरा खाद्यान्न तथा बिस्तर तक पानी में डूब गए है।

## धान की नर्सरी को बर्बाद कर रहे आवारा पशु

बाजार शुक्ल अमेठी। विकासखंड की ग्राम पंचायतों के किसानों की धान की नर्सरी को आवारा पशु बर्बाद कर रहे हैं। जिससे किसान आवारा पशुओं से परेशान है झुंड बनाकर आवारा पशु ना जाने कहां से दिनों रात खेतों की रखवाली करने चले आते है। विकासखंड की ग्राम पंचायतों के किसानों की धान की नर्सरी को आवारा पशु बर्बाद कर रहे हैं जिससे किसान आवारा पशुओं से परेशान है। कुछ पशु पालतू होने के कारण सुबह होते ही किसानों की धान की नर्सरी को बर्बाद करके उप जने नहीं देते हैं और धान की नर्सरी करने वाले किसानों का कहना है कि कुछ आवारा पशु पालतू भी इसी झुंड में खोलकर अपने घरों से कुछ लोग अपने पशुओं को बाहर खेद कर चले जाते हैं ऐसे लोगों को पहचान कर जुमार्ना लगा देना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग अपने पशुओं का सरकार से पैसा ले रहे हैं। उसके बाद भी उन पशुओं को खोलकर खेद देते हैं। जिससे किसानों की धान की नर्सरी आवारा पशु बर्बाद कर रहे हैं और जब धान की नर्सरी किसानों की बर्बाद हो जाएगी तो बिना धान की नर्सरी के धान की रोपाई किसानों की नहीं हो सकती है। इसलिए किसान अपनी धान की नर्सरी को बचाने के लिए काम धंधा छोड़कर धान की नर्सरी तैयार कर रहा है।



## संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने सोते ढाबा कर्मचारी रौंदा, मौत

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा मार्ग बने ढाबा कर्मचारी को सोते समय अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिसके फलस्वरूप कर्मचारी की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया ।मथुरा मार्ग स्थित चैधरी ढाबा पर प्रेमपाल (65) निवासी पिथेर थाना इगलास जिला अलीगढ़ राया स्थित ढाबे पर कार्य करता था शनिवार की रात्रि चारपाई पर सोते समय अज्ञात वाहन ने प्रेमपाल को रौंद दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। आसपास सोते अन्य कर्मचारियों को जैसे ही घटना की जानकारी लगी तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।इस संबंध में मृतक के भाई गुड्डा ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाना राया में तहरीर दर्ज करायी है।

### छत से गिरकर युवक घायल

**मथुरा।** टाउनशिप स्थित कांशीराम कालोनी में बीतीरात तीन मंजिला मकान से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांशीराम कालोनी के ब्लाक संख्या 65टी-3 में रहने वाला सोनू (40) पुत्र विजयपाल बीतीरात लगभग एक बजे अपने कमरे की छत से सड़क पर आ गिरा जिससे कालोनी में जगार हो गई।घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है जहां दशा गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि सोनू ट्रक चालक है और घटना के समय वह शराब के नशे में था।

### ट्रक ने रौंदे मोपेड सवार, एक की मौत,

मथुरा। थाना हाईवे के नरहौली चैराहे के पास मोपेड सवार दो लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी।एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर है ।रविवार सुबह नरहौली चैराहा के पास गोभी से भरे ट्रक ने मोपेड सवारों में टक्कर मार दी।इसमें मौके पर ही 25 वर्षीय इलियास पुत्र हनीफ निवासी भार्गव गली, घीया मंडी की मौत हो गई।दूसरा साथी बबलू घायल हो गया। घटना से अफरा तफरी मच गई। ट्रक चालक अपने ट्रक को छोड़कर सीधे थाने में पहुंच गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस ने जानकारी परिजनों को सूचना दी। सभी परिजन थाने पहुंच गए। शव देखते ही उनमें कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार इलियास और बबलू कबाड़े का काम किया करते थे। मोपेड पर सवार होकर रिफाइनरी से घर की तरफ आ रहे थे।

### लापता किशोर को पुलिस ने बरामद कर सौंपा

शिकोहाबाद। मां की डांट से क्षुब्ध किशोर घर से साइकिल उठा कर चला गया। काफी तलाशने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला।

# पर्यटन मंत्री ने जनपद को 47.47 करोड़ के ग्लास म्यूजियम की दी सौगात






जिला संवाददाता(vol)

**फिरोजाबाद।** उ0प्र0सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को कलैक्ट्रेट परिसर में विधिवत तरीके से पूजन कर 47.47 करोड की लागत से निर्मित होने वाले ग्लास म्यूजियम एवं पर्यटन सूचना केन्द्र का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री का जनपद के कांच से जुडे.उद्योगपतियों, गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एक बडी जन सभा को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि फिरोजाबाद कांच उद्योग का केंद्र है, जिसे भारत का कांच शहर भी कहा जाता है, अपने जीवंत कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। फिरोजाबाद में कांच निर्माण की एक समृद्ध विरासत है, जो कई शताब्दियों पुरानी है। इसकी कांच फैक्ट्रियां विभिन्न प्रकार के कांच उत्पादों का उत्पादन करती हैं, जिनमें उत्तम झूमर और लैंप से लेकर जटिल चूड़ियाँ और सजावटी वस्तुएँ शामिल हैं। उन्होने कहा कि इस व्यापक परियोजना का उद्देश्य न केवल फिरोजाबाद में कांच बनाने की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित करना है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं भी प्रदान करना है।प्रदर्शन क्षेत्रों, दीघाओं, ऑडिटोरियम और एक पर्यटन केंद्र का एकीकरण आगंतुकों के लिए एक बहुमुखी अनुभव ही सुनिश्चित नहीं कराऐगा बल्कि फिरोजाबाद के कांच उद्योग के महत्व और सुंदरता को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेगा।पर्यटन मंत्री ने इस परियोजना के बारें में विस्तार से बताया कि 450 सीटिंग क्षमता का एक ऑडिटोरियम हॉल, 150 व्यक्ति की क्षमता का एक बहुउद्देशीय हॉल, एक प्रदर्शनी कक्ष, 50-75 व्यक्ति की क्षमता का कार्यशाला क्षेत्र, एक वॉच टावर, 120 व्यक्ति की क्षमता का कैफेटेरिया, 150 व्यक्ति की क्षमता का ओपन एयर थिएटर, बडी क्षमता वाले सम्मेलन कक्ष का पर्यटक सूचना केंद्र का बैठक कक्ष, कार्यालय के साथ ही ठहरने की सुविधाएं, चाहरदीवारी और अन्य साइट विकास कार्य किए जाएगें। उन्होने मौके पर ही पर्यटन के एम डी को म्यूजियम के कार्य पूर्ण होने का समय तय कराते हुए पूंछा कि यह परियोजना जनपद वासियों को कबतक सौंप दी जाएगी जिस पर एमडी ने बताया कि आगामी एक वर्ष में जून 2025 को परियोजना पूरी कर फिरोजाबाद की जनता को सौंप दी जाएगी।मंत्री जी ने मंच से ही कार्यदायी संस्था को निर्देष दिए कि पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में परियोजना पूरी करने में कोई कोताही न बरती जाए, उन्होने कहा कि इसके लिए धन की कमी न होने दी जाएगी।इस अवसर पर उन्होने यह भी बताया कि पिछली वित्तीय वर्ष में फिरोजाबाद के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 165 करोड़ के विभिन्न कार्य हुए है।उन्होने कहा कि आगे भी वह फिरोजाबाद के विकास में कोई कोताही नही छोड़ेंगे।इस अवसर पर प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरख योजनाओं के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास की चाबी, विद्यार्थियों को टेबलेट, कृषि विभाग के लाभार्थियों को चेक आदि वितरण किए गए।कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक मनीष असीजा, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, महापौर कामिनी राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेष शंखवार, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेष राजपूत, जिलाधिकारीरमेश रजंन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित व मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने भी जनसभा को सम्बोधित करते हुए इस बडी परियोजना के लिए पर्यटन मंत्री की सराहना करते हुए जनपद वासियों को इसके अनेकों लाभ बताए और जनपद में पर्यटन को बढावा मिलने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के अवसर पैदा होने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा0 मुकेश मणिकंचन ने किया, इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति, कांच से जुडे.कारीगर, व्यापरी एवं बडी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# डीआरएम ने मथुरा-अलवर रेल खंड का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**मथुरा।** आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मथुरा-अलवर रेल खंड का निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अपने निरीक्षण की शुरूवात आगरा से विंडो ट्रेलिंग माध्यम से की गयी। इस दौरान उन्होंने मार्ग में आने वाले रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टालेशनो जैसे सिगनल ओएचई प्लेटफॉर्म पर सफई इत्यादि का चलती हुई गाड़ी मे लगे निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया । उन्होंने अन्य संरक्षा सम्बंधित कार्यों के साथ साथ राइडिंग गुणवत्ता विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैकज्योमेट्री इंडेक्स मे सुधार ओएमएस (औसिलेशन मोनिटरिंग सिस्टम) विवरण ओएचई की स्थिति मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिती पटरी के आस पास स्क्रैप की स्थिति साफ-सफाई वायरिंग या लूज इंस्टालेशन मार्ग में आने वाले माइनर व मेजर ब्रिज के साथ-साथ उक्त खंड में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन में चयनित भूतेश्वर गोविंदगढ़ डीग एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशन तथा इस खंड के गजिका रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाऐ सकुर्लेटिंग एरिया स्टेशन रिकॉर्ड का बारीकी से निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर चल रहे नवनिर्मित कार्यो की समीक्षा की।इस विषय में अधिकारियों से मास्टर प्लान पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मथुरा-अलवर खंड में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण में संरक्षा पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधकध्गति शक्ति एम पी सिंह उप मुख्य विद्युत इंजी. गति शक्ति चन्द्र पाल उप मुख्य इंजी. गति शक्ति होतम सिंह उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता गति शक्ति सुबोध राजपूत वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक हर्षिकेश मौर्य वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (संकेत) प्रदीप सोनी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजी. सामान्य रघुनाथ सिंह वसंरक्षा अधिकारी सिर मोहर सिंह मीना एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु सप्तदेवालयों में मनाया जलयात्रा महोत्सव

मथुरा। ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर वृंदावन ठा. बांकेबिहारी महाराज के दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर प्रातःकाल से ही लाड़ले बांकेबिहारी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को जल यात्रा पर्व के नाम से भी जाना जाता है।ऐसे में वृन्दावन के राधामदनमोहन, राधाश्यामसुंदर, राधा दामोदर, राधागोविंद देव, राधारमण, राधा गोकुलानंद आदि मंदिरों में भी इस पर्व को विशेष श्रद्धा के साथ मनाया गया। वहीं जगन्नाथ मंदिर में भी इस पर्व को जलयात्रा के रुप में मनाया जाता है।बांकेबिहारी मंदिर में प्रातःकाल भव्य फूल बंगला सजाया गया तो अन्य मंदिरों में सायंकाल बंगला का आयोजन हुआ। वहीं मंदिर प्रांगणों को भी भव्यता से सजाया गया। इस फूल अवसर पर ऋतुनुकूल फल, रस तथा मिठाईयों का विशेष भोग भी ठाकुरजी को निवेदित किया गया।इसके साथ ही भक्तों ने सुबह और सायंकाल वृन्दावन धाम की सप्तकोसीय परिक्रमा भी लगाई गई।

## बगीचे में विराजे छोटे राधारमण लाल



**मथुरा।** वृंदावन टेढ़े खंभे के रूप में प्रसिद्ध शाहजी मंदिर में विराजमान ठा. छोटे राधारमण लाल जू ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित दिव्य बगीचे में विराजे जहां भक्ता अपने आराध्य के दर्शन कर निहाल हुए। ठाकुर जी को जहां एक ओर दिव्य प्रसाद निवेदित किए गए। वहीं भव्य फूल बंगले में उन्हें विराजित कर उनके समक्ष दिव्य फव्वारे चलाए गए।गौरतलब है कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का पर्व ब्रज के आराध्य अर्चा विग्रहों को ग्रीष्म ऋतु से निजात दिलाने के लिए स्नान यात्रा के रूप में अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।मंदिर सेवाधिकारी शाह के एस गुप्ता और प्रशांत शाह ने बताया कि ठाकुरजी का यह दिव्य विलास पर्व विगत 155 वर्षों से श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।जिसके दर्शन का अद्भुत आनंद और आह्लाद भक्तों के हृदयों में होता है।

## 1751 किलो भांग सहित चार तस्कर पकड़े

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र में इलाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो मैक्स पिक अप गाड़ियों में बोरों छुपाकर ले जायी जा रही भांग सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी शैलेश पांडे के निर्देशन अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक आदेश कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग यमुना पुल चैकी पर की जा रही थी।

तभी इलाका पुलिस को सूचना मिली की दो मैक्स पिक अप में भांग बोरों में छुपाकर तस्करों द्वारा दूसरे जनपद में ले जायी जा रही है। सूचना पर पुलिस अलर्ट हो गई। तभी अचानक थाना क्षेत्र के दौलतपुर रोड़ ग्राम छिनपारई पर दोनों मैक्स पिकपों को रोककर चेक किया, जिसमें बोरों में भांग भरी हुई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों तस्करों को पकड़ लिया।

जिन्होंने अपना नाम भरत निवासी सी 147-बीएसए रोड़ ज्योति नगर थाना कोतवाली, हर्ष निवासी राधिका विहार फेस-2 थाना हाईवे, कन्हैंया उर्फ कलुआ व देवेन्द्र निवासी सेई थाना शेरगढ़ बताया।इनके पास से दो मैक्स पिक अप गाड़ी बरामद हुई हैं व इन्हीं गाड़ीयों में 36 बोरों में भरी 1751 किलोग्राम भांग को बरामद किया है। यह खादर खेतों में भांग की खेती कर दूसरे जनपद में तस्करी करते थे।प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि दो मैक्स पिक अप गाड़ी, उनमें बोरों में छुपाकर ले जाई जा रही 1751 किलोग्राम भांग व चारों तस्करों को पकड़कर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।टीम में आदेश कुमार चैकी प्रभारी यमुना पुल, दीपक नागर चैकी प्रभारी बरौठ, हैड कांस्टेबल रतन सिंह, कांस्टेबल अंकित, विपिन व पुनीत मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो युवक झुलसे

मिल्कीपुर-अयोध्या।मिल्कीपुर में तेज हवाओं तथा रिमझिम बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से आम की रखवाली कर रहे दो युवक झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों तथा ग्रामीणों द्वारा घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत भिटारी गांव में शनिवार की दोपहर बाद तेज हवा व रिमझिम बारिश के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई।

जिससे आम की रखवाली करने गए भिटारी गांव निवासी 19 वर्षीय सूरज यादव पुत्र राधेश्याम व 30 वर्षीय रामपाल पुत्र रामदास यादव झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो आकाशीय बिजली घायलों से लगभग 10 मीटर दूर खेत में लगे झटका मशीन के तार पर गिरी थी।

# धनगर समाज का 243 दिन से चल रहा है मथुरा में अनिश्चितकालीन धरना



मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्पष्टीकरण आदेश के अनुपालन की मांग को लेकर 243 दिन से मथुरा जिला मुख्यालय पर धरनारत धनगर समाज अब उग्र आंदोलन की रणनीति बनाएगा ।धरना स्थल पर बैठक को संबोधित करते हुए धनगर समाज विकास समिति के अध्यक्ष सतीश धनगर ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर 25 अक्टूबर 23 से मथुरा का धनगर समाज रात दिन धरना दे रहा है और समय-समय पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी कर रहा है परंतु प्रशासनिक अधिकारी धनगर समाज के शक्ति प्रदर्शन को नजर अंदाज करते हुए अधिकारी अपनी तानाशाही का खुलेआम प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तो तानाशाही की सारी हदों को पार करते हुए धनगरों का उत्पीड़न भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा धैर्य जवाब दे गया है और आंदोलन को उग्र करने के लिए जल्द ही रणनीति बनाई जाएगी।बैठक में धनगर समाज विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश धनगर बलवीर प्रधान रणवीर सिंह धनगर बिन्ना प्रधान नरेंद्र सिंह धनगर इंजी. रूपेश धनगर इंजी. मेदाराम धनगर राधेलाल धनगर यादराम धनी वर्मा बनवारी लाल धनगर डॉ. लाखन सिंह धनगर रतन धनगर जय सिंह शैलेंद्र कुमार विवेक धनगर हरि सिंह बीडीसी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी डॉ. श्यामा प्रसाद को श्रद्धांजलि



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस के अवसर पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धाजंलि अर्पित की। रविवार को जिला भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी जिसमें कार्यकताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि संसार मे ऐसे कम लोग हैं जिन्होंने जीवन के केवल 52 साल के अंतिम 14 साल राजनीति में बिताए हों और इसी अल्पावधि में वे महानतम ऊँचाई को छूकर इतिहास में अमर हो गए हों। ऐसे ही थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी। देश की एकता को लेकर उन्होंने एक देशए एक निशान एक विधान का नारा दिया था। उन्होनें कहा कि उनके विचार और लोगों के प्रति उनके सेवा की इच्छाशक्ति हमें प्रेरणा देती रहेंगी, राष्ट्र की एकता के लिए उनके द्वारा किये गए प्रयासों को भुलाया नहीं जाएगा। महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने कहा कि महान राष्ट्रवादी नेता व चिंतक जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एक देश मे दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले और देश की एकता और अखंडता हेतु अपने प्राणो का उत्सर्ग करने वाले श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया ने बताया कि महानगर के सभी बूथों पर कार्यकताओं द्वारा सभा आयोजित कर डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गयी और उनके विचारों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर सुल्तान सिंह तरकर अवधेश उपाध्याय ज्ञानेंद्र राणा राजेंद्र पटेल नितिन शर्मा अनिल खंडेलवाल युद्धपाल माहौर शुभम ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाविद्या कॉलोनी के फ्री होल्ड को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** महाविद्या कॉलोनी विकास एवं कल्याण समिति मथुरा (रजिस्टर्ड) के शिष्टमंडल के अध्यक्ष सुरेन्द्र सक्सैना ने सांसद हेमा मालिनी से महाविद्या कॉलोनी के फ्री होल्ड के सम्बन्ध में उनके वृन्दावन स्थित निवास पर भेंट कर ज्ञापन दिया। उन्होंने 29 वर्ष से लम्बित प्रकरण को गम्भीरता से लिया। उनका ध्यान इस सम्बन्ध मे उनके द्वारा दो वर्ष पूर्व भी मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र की ओर आकृष्ट किया गया। सांसद द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुनः पत्र भेजा जा रहा है तथा मुख्यमंत्री के साथ उनकी प्रस्तावित बैठक में व्यक्तिगत रूप से रखने का अश्वासन दिया। शिष्टमंडल में अध्यक्ष सुरेंद्र सक्सेना, महामंत्री शिव कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यव्रत सिंह, जुगल किशोर अग्रवाल व ओम प्रकाश बंसल थे।

## 25 हजार का इनामी पवन को गिरफ्तार



**मथुरा।** मथुरा जंक्शन की जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के द्वितीय गेट के बाहर से 25 हजार के ईनामी को पकड़ा है। आरोपित के कब्जे से तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है।रेलवे की जीआरपी के अनुसार पकड़ा गया आरोपित संगठित गिरोह बनाकर टेज्नों और स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया करता है।पुलिस अधीक्षक रेलवे, अनुभागआगरा आदित्य लांग्हे के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, सर्किल आगरा के निकट पर्यवेक्षण में जीआरपी थानाध्यक्ष संदीप कुमार तोमर, जीआरपी उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह, शिवपाल सिंह, हैड कास्टेबिल जीआरपी रवि शंकर, जगमोहन सिंह आज जंक्शन पर चैकिंग अभियान चला रहे थे कि मुखबिर की सूचना अनुसार उन्होंने पवन चैहान पुत्र लक्ष्मीनारायन निवासी ग्राम कोह थाना फरह को रेलवे स्टेशन के द्वितीय गेट के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए पवन ने बताया कि उसका एक संगठित गिरोह है जो स्टेशन व उसके आसपास की जगहों पर असलाह के बल पर मोबाइल, सामान लूट लेते है।जिससे उनका जीवनयापन होता है।जीआरपी उससे उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी कर रही है।जीआरपी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपित के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद हुए है।

## फरह पुलिस और एसएसपी टीम ने एक करोड़ की चोरी करने वाला दबोचा, 95 लाख हुए बरामद

**मथुरा।** प्रोप्टी डीलर मुकेश अग्रवाल के यहां हुई एक करोड की चोरी में पुलिस के हाथ बडी सफलता लगी है। फरह पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये आरोपी को चोरी किये हुये रुपयों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मुकेश अग्रवाल ने उस तिजोरी में 28 मई को एक करोड रुपये रखे थे। रुपये रखते समय कृष्णकांत पचैरी की पत्नी ने उनको देख लिया। मुकेश पैसे रख के आगरा चले गये। कल जब वह वापिस आये थे तो टूटी तिजोरी को को देखकर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस हरकत में आयी और पैसे की बरामदगी के लिये तुरंत वहां रह रहे किरायेदारों से पूछताछ की। शक के आधार पर पुलिस ने स्कूल संचालक कृष्णकांत पचैरी को पकड लिया। कडाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने 16 जून को घटना को अंजाम दिया है। गैस कटर से तिजोरी को काटकर उसने रुपये लूट लिये। पुलिस ने उसके घर से भी रुपये की बरामदगी कर ली है। साथ ही पुलिस ने तिजोरी काटने वाले मखदूम रोड, फरह निवासी लीला को भी पकड लिया है। उसके पास से तिजोरी काटने के एवज में लिये गये 5.5 लाख रुपये की बरामदगी भी कर ली है जबकि फरह स्थित फरादेवी मन्दिर के पीछे से कृष्णकांत पचैरी के घर से 89 लाख रुपयों की बरामदगी की है।

## विवाद की शिकायत पर पहुंचे तहसीलदार को बुजुर्ग ने जड़ें थप्पड़

**फिरोजाबाद।** जसराना में विवाद की शिकायत पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार को एक बुजुर्ग ने थप्पड़ जड़ दिया। तहसीलदार के साथ 5-6 पुलिसकर्मी भी खड़े थे। जिसका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। मामला जसराना तहसील के गांव नगला तुर्सी का है। जहां प्रवीण और वीरेश्वर यादव दोनों पड़ोसी हैं। प्रवीण का घर के सामने ढाई बीघा खेत है। उसके बगल में वीरेश्वर का खेत है। प्रवीण अपने खेत में बाउंड्रीवाल बना रहा था, जिसका वीरेश्वर विरोध करता था। प्रवीण ने 5-6 दिन पहले इसकी शिकायत एसडीएम सतेंद्र सिंह से की थी। एसडीएम ने जांच के लिए तहसीलदार लालता प्रसाद को भेजा था। जहां रविवार दोपहर तहसीलदार राजस्व टीम और पुलिसकर्मियों के साथ नगला तुर्सी पहुंचे। तहसीलदार ने बताया कि गांव में पहुंचने के बाद मैंने दोनों पक्षों को बुलाया। जहां वीरेश्वर को समझा रहा था, लेकिन वह मार-पीट पर उतारू हो रहा था ।उसने मेरे साथ बदसलूकी की। मुझे थप्पड़ मारे। जिससे मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई पुलिसवालों ने मुझे उठाया।

## पुलिस पेन्शनर्स समस्या समाधान दिवस आयोजित

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निदेशानुसार जनपद में थानावार ह्लपुलिस पेन्शनर्स समस्या-समाधान दिवसह्ल का आयोजन किया गया ।इस क्रम में रविवार को समस्त थानों पर थाना क्षेत्र के सभी सम्मानित पुलिस पेंशनरों के साथ मीटिंग कर पुलिस पेन्शनर्स द्वारा बताई गयी समस्याओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं का अति शीघ्र निस्तारण कराया जा रहा है।

मीटिंग के दौरान पुलिस पेन्शनरों को उनके आस-पास घटित होने वाली किसी भी घटना के सम्बन्ध में सर्वप्रथम थाना पुलिस के सीयूजी नम्बरों डायल-112 पर कॉल कर जनपद पुलिस को सूचित करने हेतु अवगत कराया गया जिससे तत्काल मौके पर पुलिस सहायता भेजी जा सके तथा पुलिस पेन्शनर्स को ऑपरेशन जागृति में भरपूर सहयोग करने के लिए आग्रहित किया गया।

## आठ छात्राओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने की बड़ी कार्यवाही

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में विगत एक माह पूर्व छात्र के आत्महत्या से जुड़े प्रकरण में छात्राओं द्वारा आंदोलन करना भारी पड़ा ।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र छात्राओं पर बड़ी अनुशासनत्मक कार्रवाई की है ।छात्र आंदोलन के पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था कमेटी की रिपोर्ट पर विगत 21 जून को कृषि विश्वविद्यालय की विद्युत परिषद की 310 में बैठक में अनुशासनहीन छात्रों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।इसी क्रम में 23 जून को अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा पत्र जारी कर आठ छात्रों को उनके छात्रावास से अस्थाई रूप से निष्कासित करते हुए उनका वर्तमान सत्र शून्य करते हुए डिग्री पूर्ण होने के पश्चात 2 वर्षों तक इस किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश न मिलने की दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। छात्र पंकज यादव एमएससी एजी अंतिम विज्ञान, रंजना पीएचडी सामुदायिक विज्ञान छात्र-छात्राओं को दंडित किया गया है।

संक्षेप

## गौतम अदाणी को मिला 9.26 करोड़ वेतन

नयी दिल्ली। भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 9.26 करोड़ रुपये का वेतन (पारिश्रमिक) मिला है, जो उद्योग के उनके अन्य समकक्षों की तुलना में काफी कम है। अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि बंदरगाह-से-ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत समूह की 10 में से केवल दो फर्मों से अदाणी (61) ने वेतन लिया। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से 2023-24 में उन्हें वेतन के रूप में 2.19 करोड़ रुपये और लाभ और अन्य भत्तों के रूप में 27 लाख रुपये प्राप्त हुए। एईएल की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2.46 करोड़ रुपये का उनका कुल वेतन इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा अदाणी को अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईजेड) से 6.8 करोड़ रुपये का वेतन मिला।

## जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

नयी दिल्ली। जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन करने का विकल्प होगा। जीएसटी परिषद ने शनिवार को अपनी बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 ए के जरिए एक नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। अनुपालन के नजरिये से यह एक सकारात्मक बदलाव है और इससे व्यापार करने में आसानी होगी। जीएसटीआर-1 में दिए गए विवरण में संशोधन की अनुमति देने से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

## घरों की आपूर्ति 13 प्रतिशत घटने का अनुमान

नयी दिल्ली। देश में आम चुनाव के कारण बिल्डरों ने कम संख्या में परियोजनाएं शुरू की हैं। ऐसे में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान नौ प्रमुख शहरों में नयी आवासीय इकाइयों की आपूर्ति में 13 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण फर्म प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-जून में नौ प्रमुख शहरों में नए घरों की आपूर्ति घटकर 97,331 इकाई रहने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,11,657 इकाई का था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान पुणे और हैदराबाद में सबसे कम नए घर पेश किए गए। दूसरी ओर दिल्ली-एनसीआर में नयी आपूर्ति लगभग दोगुनी हो गई है। प्रॉपइक्विटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक समीर जसूजा ने आवास इकाइयों की नयी आपूर्ति में गिरावट के लिए इस तिमाही में हुए लोकसभा चुनाव को वजह बताया।

## खरीफ फसल के लिए 9.70 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य

हमीरपुराऊना। हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने इस सत्र में खरीफ फसल उत्पादन का लक्ष्य लगभग 9.70 लाख टन रखा है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, कृषि विभाग ने खरीफ सत्र में 368 लाख हेक्टेयर खेती योग्य भूमि पर मक्का, धान, रागी, दलहन व अन्य खाद्यान्नों की बुवाई का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि खरीफ सत्र में मक्का की बुवाई का लक्ष्य सबसे ज्यादा 272 लाख हेक्टेयर रखा गया है। इसी तरह धान की बुवाई 73 हजार हेक्टेयर, दलहन की बुवाई 18 हजार हेक्टेयर और रागी जैसे खाद्यान्नों की बुवाई 12,700 हेक्टेयर में होनी है। इसके अलावा 87 हजार हेक्टेयर में सब्जियां और तीन हजार हेक्टेयर में अदरक की खेती का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन 19 जून तक समय पर बारिश नहीं होने से प्रदेश में बुवाई धीमी रही है। हिमाचल में अधिकांश खेती बारिश पर निर्भर है लेकिन हर साल खरीफ सत्र में कृषि विभाग द्वारा खाद्यान्न और सब्जियों के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। इस बार विभाग ने खरीफ सत्र में 9.70 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

# कंपनियों की पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 8,321.6 करोड़ रुपये घटकर 13,78,111.45 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 7,261.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,04,262.65 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 7,46,454.54 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।



सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 554 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 831 परियोजनाओं में से 245 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 188 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने से अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 831 परियोजनाओं में विलंब का औसत 35.1 महीने है।

## राज्यों को मुआवजा देने को लिए गये कर्ज को समय से पहले चुका सकता है केंद्र

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था।

## जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन करेगी



नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि शनिवार को जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए।

जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को आयोजित की गई थी। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। जीएसटी से प्राप्त राजस्व के विश्लेषण पर गठित मंत्री समूह में ओडिशा से नए वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है। ओडिशा में भाजपा ने विधानसभा चुनाव जीतकर इसी महीने सरकार बनाई है। हरियाणा से नए वित्त मंत्री का नाम भी परिषद में शामिल किया जाना है। रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह का पुनर्गठन किया जाना है, क्योंकि बिहार के वित्त मंत्री बदल गए हैं। पवार की अध्यक्षता में जीएसटी प्रणाली सुधार पर गठित समूह का पुनर्गठन किया जाना है, जिसमें असम, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से पांच नए मंत्री शामिल होंगे।

## हर कुशल भारतीय पेशेवर एक चेंजमेकर : जयन्त चौधरी




नई दिल्ली। भारतीय नर्सों को ग्लोबल करियर के अवसरों से सशक्त बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने आज जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग के बी1 लेवल को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए 32 हेल्थकेयर प्रोफेशनल को सम्मानित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नर्सों को जर्मनी में सफल करियर और आजीविका के लिए आवश्यक भाषा कौशल से सुसज्जित करना है। यह डेवलपमेंट भारत को कुशल प्रतिभाओं के लिए ग्लोबल हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और स्किल इंडिया मिशन के तहत महत्वाकांक्षी रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करता है।

# विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। सप्ताह के दौरान शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा, मानसून की प्रगति और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी सप्ताह के दौरान निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। इस सप्ताह, बजट से जुड़ी चर्चाओं के बीच क्षेत्र विशेष गतिविधियों की उम्मीद है। मानसून की प्रगति पर सभी की निगाह रहेगी। निकट अवधि में इससे निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि निवेशक समग्र भावना का आकलन करने के लिए एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) और डीआईआई (घरेलू संस्थागत निवेशक) कोष प्रवाह के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजदीकी नजर रखेंगे। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी जीडीपी जैसे आर्थिक आंकड़े 27 जून को जारी किए जाएंगे। बजट से संबंधित घटनाक्रम और वैश्विक बाजार के संकेतक, विशेष रूप से अमेरिकी बाजार से संकेतों पर निवेशकों का ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि जून माह के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 35.5 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़ गया।

कुल मिलाकर बाजार के स्थिर रहने रहने की संभावना है। बजट से संबंधित क्षेत्रों में भी सक्रियता बनी रह सकती है। बाजार सहभागियों की नजर मानसून की आगे की प्रगति पर रहेगी। धीरे-धीरे बजट और कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## एफपीआई ने शेयरों में 12,170 करोड़ डाले

नयी दिल्ली। आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में अबतक (21 जून तक) भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये डाले हैं। नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाली थी।

## ऑनलाइन स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन



लखनऊ। एशियन किड ठाकुरगंज और सिटी इंटरनेशनल स्कूल बालागंज ने मिलकर ऑनलाइन कहानी कहने की कला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने जैसे सिटी मोंटेसरी स्कूल लखनऊ, स्कॉटिश स्कूल नोएडा, लखनऊ पब्लिक स्कूल, सिटी इंटरनेशनल स्कूल लखनऊ और एशियन किड लखनऊ के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की जज श्रीमती रंजीता सचदेवा कथा वाचक और श्रीमती इति माथुर कथा वाचक ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई इस बेहतरीन कला की सराहना की और बताया कि सभी बच्चों ने बहुत ही आकर्षक तरीके से और व्यवस्थित ढंग से सभी प्रॉप्स का इस्तेमाल करके अपनी शानदार कला का प्रदर्शन किया, जिससे उनको विजेता का चयन करने मे मुश्किल हुई। इस कार्यक्रम की मुख्य अथिति सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की संस्थापक भारती गांधी थी। उन्होंने सभी प्रतियोगियों को अपना आशीर्वाद दिया और इस तरह के आयोजन के लिए स्कूल की सराहना की। स्कूल प्रबंधक शहाब हैदर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कहानियाँ बच्चों की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसा कि आजकल देखा गया है।

## सात साल बाद अब ओएनजीसी को भागीदार की तलाश

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब बंगाल की खाड़ी के केजी बेसिन में दीन दयाल गैस क्षेत्र को बचाने के लिए भागीदारों की तलाश कर रही है। कंपनी इस क्षेत्र पर करीब 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर चुकी है और सात साल में उसे काफी सीमित सफलता मिली है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, ओएनजीसी ने 12 जून को इस क्षेत्र में भागीदार के रूप में जरूरी तकनीकी विशेषज्ञता वाली तथा वित्तीय रूप से मजबूत वैश्विक तेल एवं गैस कंपनियों से रुचि पत्र (ईओआई) मांगे हैं। इसके पीछे मकसद क्षेत्र के लिए व्यावहारिक रणनीति को मजबूत करना है। जनवरी, 2017 में ओएनजीसी ने देश के पूर्वी तट पर केजी-ओएसएन-2001I3 ब्लॉक में गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। उसके बाद से यहां नगण्य मात्रा मे गैस का उत्पादन हुआ है।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट

के आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करने के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि वह निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना पर विस्तृत आदेश के लिए मामले को सुरक्षित रख रही है। इसने यह भी कहा कि इस पर दो से तीन दिनों में फैसला सुनाया जाएगा। इस बीच, एकल न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि निचली अदालत के जमानत आदेश के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी। अंतिम आदेश दो से तीन दिनों के बाद पारित किया जाएगा। शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख के जमानत बांड पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था।

## इसरो ने करायी

गया। आरएलवी एलईएक्स-01 और एलईएक्स-02 मिशन की सफलता के बाद इसरो ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरएलवी एलईएक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की लैंडिंग क्षमताओं का पुनः प्रदर्शन किया। इस बार एलईएक्स-02 की 150 मीटर की ऊंचाई के बजाय 500 मीटर की ऊंचाई और अधिक तेज हवाओं के बीच इसकी लैंडिंग करायी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुष्पक को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से छोड़ा गया। पुष्पक रनवे के पास पहुंचा और रनवे पर क्षैतिज लैंडिंग की। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के नेतृत्व में यह मिशन इसरो के कई केंद्रों का एक सहयोगात्मक प्रयास है। इस मिशन को भारतीय वायुसेना, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण से भी काफी सहयोग मिला है। इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने ऐसे जटिल मिशन में सफलता का सिलसिला बरकरार रखने के प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी। इस सफल मिशन के लिए जे. मुथुपांडियन मिशन निदेशक है और बी.कार्तिक यान निदेशक हैं।

## 18वीं लोकसभा

के लिए चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति 27 जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 28 जून को शुरू होगी। प्रधानमंत्री द्वारा दो या तीन जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देने की उम्मीद है।

## अपनी आखिरी

सफाया करना है। सिन्हा ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और हमारी सुरक्षा एजेंसियों पर बहुत भरोसा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हमेशा उच्च स्तर की पेशेवर उत्कृष्टता दिखाई है। उन्होंने कहा कि हम पुलिस बल के आधुनिकीकरण और पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कैडेटों को सम्मानित भी किया और उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किये। पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने भी भर्ती हुए सभी नए कांस्टेबल को शुभकामनाएं दीं और उनसे ईमानदारी से काम करने और लोगों की सेवा के प्रति खुद को समर्पित करने के लिए कहा।

## नीट मामले

उनके परिवार के सदस्यों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पटना हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई और मामला न्यायालय में पहुंचा। याचिका में परीक्षा को रद्द कर इसकी सीबीआई जांच कराने की गुहार लगाई गई। पेपर लीक के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई। उम्मीदवारों के एक समूह ने नए सिरे से नीट-यूजी 2024 परीक्षा की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

4 जून को नीट यूजी की अंतिम उत्तर कुंजी जारी हुई, उसके कुछ घंटों बाद ही एनटीए ने सभी को चौंकाते हुए नीट यूजी का रिजल्ट भी घोषित कर दिया। जारी कार्यक्रम के अनुसार, नीट यूजी का रिजल्ट 14 जून को जारी होने था, जोकि निर्धारित तिथि से 10 दिन पहले 04 जून को ही घोषित कर दिया गया। इस वर्ष रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने रैंक-1 हासिल की। नीट के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि नीट में टॉपर्स की संख्या इतनी अधिक हो। वहीं, ₹छ्ङ्ग२२ ङ्का ळ्रीं₹ क्राइटेरिया के तहत कुछ उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए। रिजल्ट घोषित होने के बाद देशभर से मेडिकल अभ्यर्थियों ने अंकों में अनियमितता का आरोप लगाया। एनटीए ने परिणाम में किसी भी तहर की अनियमितता से इनकार किया। विवाद धीरे-धीरे बढ़ता चला गया और इसने राजनीतिक रूप ले लिया। देशभर से परीक्षा में धांधली के आरोप लगने लगे और मामले की उच्च स्तरीय जांच और परीक्षा पुनःआयोजित कराने की मांगे उठने लगीं। 8 जून को एनटीए की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देशभर से उठ रहे सभी सवालों और आरोपों पर स्पष्टता दी गई, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। विरोध प्रदर्शन बढ़ता गया और विवाद ने विकराल रूप धारण कर लिया। 11 जून को नीट यूजी को रद्द करने और फिर से आयोजित कराने की गुहार के साथ दायर एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पास उम्मीदवारों की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वहीं परीक्षा रद्द करने से भी मना कर दिया। 13 जून को नीट परीक्षा विवाद को लेकर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट-यूजी 2024 के 1,563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स (कृपांक) देने का निर्णय वापस ले लिया गया है। ऐसे उम्मीदवारों को 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया गया। इसके नतीजे 30 जून को आएंगे। इसी बीच एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को आयोजित होने के एक दिन बाद ही रद्द कर दिया गया। परीक्षा 18 जून को आयोजित हुई थी। इसके बाद, एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली सीएसआईआर और एनबीईएमएस द्वारा आयोजित की जाने वाली नीट पीजी परीक्षा को भी स्थगित कर दी गई। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया गया। मामले की जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी गई। सीबीआई ने 23 जून को पहली एफआईआर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी

श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलिउ भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देश वासियों के लिए महान प्रेरणा है। योगी के साथ श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा तथा पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह समेत कई प्रमुख नेताओं ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद व प्रखर राष्ट्रवादी विचारक परम पूज्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी एक्स पर डॉक्टर मुखर्जी को अपनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अपने संदेश में कहा, भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अभिजात देशभक्त व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। देश की एकता-अखंडता की रक्षा हेतु आपके द्वारा किया गया अद्भुत कार्य हम सभी के लिए प्रति प्रेरणा है।

## कानूनी इतिहास

है। इससे पहले यह सम्मेलन दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता में आयोजित हुए थे, जिसमें उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों और छात्रों ने भाग लिया था। मेघवाल ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार ने गुलाम मानसिकता वाले पुराने कानूनों को हटाकर भारतीयता और न्याय की मूल भावना को समाहित करते हुए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - बनाए हैं। ये कानून एक जुलाई से पूरे देश में लागू होंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि आजादी के लगभग आठ दशक बाद राष्ट्र को अपनी न्याय प्रणाली तथा औपनिवेशिक काल के कानूनों को बदलने की पहल की आवश्यकता है।

## सरकार ने नौजवानों

वो निंदनीय है। उन्होंने कहा, दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई में उत्तर प्रदेश की जनता क्यों पिसे पराजय से जन्मा ये प्रतिशोध सामाजिक आक्रोश को ही जन्म देगा। इससे किसी का भला होने वाला नहीं।

## ईटानगर में फटा

वाले इलाकों में जाने से मना किया है। प्रशासन ने खतरे वाले इलाकों में न जाने की सख्त हिदायत दी है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि भारी बारिश को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। वहीं जिला प्रशासन ने राहत शिविरों के रूप में सात निर्दिष्ट स्थानों की स्थापना की है। बीते साल भी बारिश के दौरान कुछ ऐसे ही हालात बने थे। भारी बारिश के कारण भारी भूस्खलन औरक बाढ़ जैसी स्थितियां बन गई थी। आम जनजीवन अस्त व्यस्त सा हो गया था।

## जद (एस) नेता सूरज रेवन्ना के खिलाफ दुराचार मामले की जांच सीआईडी को सौंपी

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता की ओर से दर्ज कराए गए दुराचार मामले की जांच का जिम्मा आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया गया है।

रेवन्ना को पार्टी के एक कार्यकर्ता से दुराचार करने के आरोप में सुबह गिरफ्तार किया गया था। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के एक कार्यकर्ता के साथ कुछ दिन पहले दुराचार करने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत शनिवार को मामला दर्ज किया गया था। पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कार्यालय से पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) एसं पुलिस अधीक्षक को भेजे गए संदेश में कहा गया है, हासन जिले के होलेनरसीपुर ग्रामीण पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 377, 342, 506, 34 के तहत दर्ज मामले की जांच तत्काल प्रभाव से सीआईडी को सौंपी जाती है। सीआईडी को मामले की फाइल सौंपी जानी चाहिए। इसमें कहा गया है कि हासन जिले के पुलिस अधीक्षक को मामले की फाइल संबंधित जांच अधिकारी के पास भेजकर व्यक्तिगत रूप से सीआईडी के जांच अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया जाता है। गृहमंत्री परमेश्वर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शिकायत मिलने पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है, सूरज रेवन्ना को हिरासत में ले लिया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जांच सीआईडी को सौंपी जा रही है। परमेश्वर ने कहा, इसी प्रकार के कई मामले सीआईडी को सौंपे गए हैं और इसे भी सीआईडी को सौंपा जा रहा है। शिकायत आई है और उसके आधार पर कानून के अनुसार जो भी कार्वाई होनी चाहिए वह की जा रही है।




## संक्षेप

### वेस्टइंडीज और द.अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड। मेजबान वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। सुपर आठ चरण के पहले मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका को नौ विकेट से हराया। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं लेकिन उसे भी जीत की जरूरत है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी बाकी मैचों के नतीजों और नेट रनरेट पर टिका होगा। दोनों टीमों के सामने हालांकि मैच से पहले तस्वीर साफ होगी।

### कमिंस ने टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी हैट्रिक लगाई

किंग्सटाउन। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिये। कमिंस ने पारी के ब्रेक में कहा, आस्ट्रेलिया के लिये सौ से ज्यादा मैच खेलने के बाद लगातार दो हैट्रिक लगाना सुखद है। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद ह्रदय के विकेट लिये थे। आस्ट्रेलिया को हालांकि अफगानिस्तान ने 21 रन से हरा दिया।

### शिक्षा केंद्र का शुभारंभ खेलों के लिए अच्छी पहल: उषा

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होंने लावड स्थित आरआरयू परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उषा ने कहा कि यह केंद्र ज्ञान के भंडार के रूप में काम करेगा, जिसमें ओलंपिक से जुड़े डेटा, प्रशिक्षण पद्धतियों, खेल विज्ञान और खिलाड़ियों के विकास से जुड़ी जानकारी होगी। राज्यसभा की सांसद उषा ने कहा, हम एक साथ काम करने के साथ ज्ञान साझा करके और नवाचार को अपनाकर मजबूत खेल संस्कृति बना सकते हैं। यह जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक प्रतिभाओं को पोषित करेगी। हमें अपने खिलाड़ियों को समर्थन और प्रेरणा देना जारी रखने के साथ, उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रोत्साहन देते रहना होगा।

### ईंट का जवाब पत्थर से देना जरूरी : कुलदीप

ग्रोस आइलेट। कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते।

# अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

एजेंसी



किंग्सटाउन। अफगानिस्तान ने गुलबदिन नायब के चार विकेट की मदद से टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को 21 रन से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए अपने क्रिकेट इतिहास का एक और सुनहरा अध्याय लिख डाला। पैट कमिंस का लगातार दूसरी हैट्रिक लेने का कारनामा भी बेनूर हो गया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाये और जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम 19 . 2 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है।

आस्ट्रेलिया को अब सोमवार को हर हालत में भारत को हराना होगा और यह दुआ करनी होगी कि अगले मैच में बांग्लादेश अफगानिस्तान को हरा दे। अफगानिस्तान के लिये सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) ने 118 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। कमिंस ने हालांकि लगातार दूसरे मैच में दो ओवरों में हैट्रिक पूरी करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। आस्ट्रेलिया के पावरप्ले में तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने 41 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को मैच में बनाये रखा। नायब ने गेंदबाजी का जौहर दिखाते हुए 2021 की चैम्पियन टीम पर दबाव बना दिया। इसके साथ ही अफगानिस्तान ने पिछले साल वनडे विश्व कप में मुंबई में मिली हार का बदलाव भी चुकता कर दिया। उस समय मैक्सवेल ने अफगानिस्तान से जीत छीन ली थी और एक बार फिर वह ऐसा ही करते दिख रहे थे लेकिन नायब ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। अफगानिस्तान के खिलाड़ी जीत के बाद खुशी से उछलते नजर आये और यही हाल उनके सहयोगी स्टाफ का भी था। इस मैच के बाद अब आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान दोनों ने एक एक मैच जीता है जबकि भारत दोनों मैच जीतकर ग्रुप एक में शीर्ष पर है। स्पिनरों की मददगार विकेट पर 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरूआत परफेक्ट रही। नवीनुल हक ने नयी गेंद से दो विकेट लेकर आस्ट्रेलिया पर दबाव बनाया। उन्होंने पहले ट्रेविस हेड को खाता खोले बिना रवाना किया जबकि आस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श को नबी के हाथों लपकवाया। मैक्सवेल ने अजमतुल्लाह को दो चौके लगाकर दबाव तोड़ने की कोशिश की लेकिन नबी ने दूसरे छोर पर डेविड वॉर्नर (तीन) को आउट कर दिया जो स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में नूर अहमद को कैच दे बैठे। आस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में सिर्फ 33 रन बनाये और तीन विकेट गंवा दिये।

पिछले साल विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे मैक्सवेल ने नांगेयालिया खारोटे को एक चौका और एक छक्का लगाया। नायब ने इसके बाद मार्कस स्टोइनिस को बाउंसर पर गुरबाज के हाथों लपकवाया। वहीं टिम डेविड को भी आउट करके आस्ट्रेलिया को एक और झटका दिया। आस्ट्रेलिया का स्कोर 13वें ओवर में पांच विकेट पर 85 रन था। मैक्सवेल ने राशिद खान को 12वें और नायब को 13वें ओवर में छक्का लगाया। नायब ने 15वें ओवर में मैक्सवेल को और राशिद ने अगले ओवर में मैथ्यू वेड को आउट करके आस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नायब ने इसके बाद कमिंस को आउट किया जबकि नवीनुल ने एश्टोन एगर को पवेलियन भेजा। इससे पहले गुरबाज और इब्राहिम ने इस टी20 विश्व कप में तीसरी बार शतकीय साझेदारी करते हु 118 रन जोड़े। दोनों ने जीवनदानों का पूरा फायदा उठाते हुए 16वें ओवर तक बल्लेबाजी की।

# आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम, बांध सकती हैं ऑस्ट्रेलिया का बोरिया बिस्तर



ग्रोस आइलेट । आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह करो या मरो का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ज षभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा। इस टूर्नामेंट में भारत के लिये सबसे सकारात्मक बात हार्दिक पंड्या का हरफनमौला प्रदर्शन रही है जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के जौहर दिखाये हैं। कुलदीप यादव की फिरकी भी कैरेबियाई पिचों पर असरदार साबित हो रही है। तीन सुपर आठ मैच एक एक दिन के अंतर पर खेलने की दशा में टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट कर सकता था लेकिन इसकी संभावना नहीं दिख रही। शनिवार की रात यहां पहुंची भारतीय टीम ने अभ्यास नहीं किया। डेरेन सैमी स्टेडियम पर यह दूसरा दिन का मैच होगा। दिन रात के मैचों में बड़े स्कोर बने हैं लेकिन पिछले मैच में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 164 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी थी।

# तीरंदाजी विश्व कप में भारत को चार पदक



एजेंसी

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

मिश्रित युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। धीरज ने इसके बाद व्यक्तिगत वर्ग के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने के बाद देश को एक और पदक दिलाया। उन्होंने इटली के नौवें वरीय मार्को नेस्पोली को 7-3 (28-27, 29-28, 27-28, 28-28, 30-29) से हराया। यह विश्व कप में उनका दूसरा कांस्य पदक है।

उन्होंने पिछले साल इसी स्थान पर प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में अपना पहला पदक जीता था। धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के तीसरे नंबर के पूर्व ओलंपिक टीम पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम वूजिन से हार गए थे। सेना के इस जवान को अंतिम चार मैच में 2-6 (29-29, 27-30, 29-29, 27-29) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। क्वालीफिकेशन में 45वें स्थान पर रहने वाली अंकिता ने सेमीफाइनल तक का सफर कर प्रभावित किया लेकिन यांग के खिलाफ दबाव के क्षणों में लय बरकरार नहीं रख सकी और 2-6 (26-30, 28-27, 26-27, 27-28) से हार गयी। कांस्य पदक मैच में अंकिता के सामने दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेजांद्रा वालेंसिया की चुनौती थी। वालेंसिया के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी को 3-7 (27-29, 26-27, 29-27, 29-29, 27-29) से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।

**भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में कांस्य पदक जीता**

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं। धीरज और अंकिता भक्त को अभी अपने व्यक्तिगत सेमीफाइनल में भाग लेना है। भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका का किया सूपड़ा साफ

एजेंसी



बेंगलुरु। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की।

उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। वोलवार्ट ने 57 गेंद की पारी में सात चौकों लगाने के अलावा तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। शानदार लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले। अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पूनिया ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका लगाने के बाद भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। वह खाका की गेंद पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटी। पूनिया ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मंधाना कुछ शानदार चौके लगाकर तेजी से लगातार तीसरे शतक की ओर बढ़ रही थी लेकिन नॉनकुलुलेको म्लाबा (55 रन पर एक विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट को फाइन लेग पर खड़ी पर खाका के हाथों में खेल गयी।

# यूरो 2024 : बेल्जियम ने रोमानिया को हराया

एजेंसी



कोलोन (जर्मनी)। पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2 . 0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने के लिये पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। इस जीत के बाद अब ग्रुप ई की चारों टीमों के तीन तीन अंक है और बुधवार को उन्हें आखिरी ग्रुप मैच खेलना है। बेल्जियम का सामना यूक्रेन से और रोमानिया का स्लोवाकिया से होगा।

**रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की घटना के बाद यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा**

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी।

यूएफा ने कहा, पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा, टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की जायेगी। पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान शनिवार को चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गये थे। मैच खत्म होने के बाद और भी खेल प्रेमियों ने सेल्फी लेने की कोशिश की। हालांकि वे सिर्फ सेल्फी लेना चाहते थे लेकिन टूर्नामेंट सुरक्षा योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को किसी भी नुकसान से बचाना भी शामिल है।

## फ्रांस में भारत ने जीते रिकॉर्ड 32 पदक

नयी दिल्ली। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल मलिक ने 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, क्रॉस कंट्री और चार गुणा 100 मीटर रिले में पांच स्वर्ण पदक जीते जबकि मेजर जॉर्ज ने विभिन्न स्पर्धाओं में चार स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किये। पेशेवर चिकित्सकों के ओलंपिक खेल माने जाने वाले इन खेलों में कैप्टन सेबेस्टियन ने छह स्वर्ण पदक जीते। मंत्रालय ने कहा कि कैप्टन जेम्स ने महिला वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, चार गुणा 100 रिले, भाला, चक्का फेंक, गोला फेंक, बैडमिंटन एकल, बैडमिंटन युगल और पावरलिफ्टिंग में चार स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते।

# इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में



एजेंसी

ब्रिजटाउन। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अमेरिका को 10 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने 116 रन का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इस जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई हो गई। इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। ऐसे में ग्रुप-2 आखिरी मैच नॉकआउट हो गया है। इसे जीतने वाली टीम टॉप-4 में पहुंच जाएगी। ब्रिजटाउन में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने कप्तान बटलर के फैसले को सही साबित करते हुए अमेरिकी टीम को 18.5 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट की ओपनिंग जोड़ी ने 116 रन का टारगेट महज 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में कोरी एंडरसन, अली खान, नोशतुश केंजीगे और सौरभ नेत्रवल्कर के विकेट लिए। वे इस वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले पैट कमिंस दो बार यह कारनामा कर चुके हैं। रन चेज में कप्तान जोस बटलर ने 38 बॉल पर 6 चौके और 7 छक्कों के सहारे नाबाद 83 रन बनाए, जबकि फिल सॉल्ट ने 21 बॉल पर दो चौकों की मदद से नाबाद 25 रन बनाए। दोनों के बीच 59 बॉल पर नाबाद 117 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। जोस बटलर ने 9वां ओवर डालने हरमीत सिंह के ओवर में 5 छक्के मारे। उन्होंने 4 छक्के लगातार गेंदों पर लगाए। बटलर और सॉल्ट की जोड़ी ने इस ओवर में 32 रन बनाए। 116 रन का आसान सा टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने तेज शुरूआत की है।

**इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हराया**

टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना नुकसान के 60 रन बना लिए हैं। जोस बटलर और फिल सॉल्ट नाबाद हैं। इंग्लैंड की टीम ने 5वें ओवर में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। फिल सॉल्ट ने नोशतुश केंजीगे की दूसरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम के लिए 50वां रन बनाया। इसी के साथ सॉल्ट और बटलर के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी हुई।

# शाह ने परखी बाढ़ से निपटने की तैयारी

## शाह ने पूर्वोत्तर में बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़े तालाब बनाने, इसरो के डेटा के प्रयोग का सुझाव दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बाढ़ से निपटने और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन को विकसित करने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने के लिए पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाए जाने चाहिए। शाह ने मानसून के दौरान बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बाढ़ और जल प्रबंधन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा उपलब्ध कराए गए उपग्रह चित्रों के अधिकतम इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) से निपटने की तैयारियों का भी जायजा लिया।




शाह ने कहा कि बाढ़ के बेहतर प्रबंधन के लिए नदियों के जलस्तर की पूर्वानुमान प्रणाली को उन्नत करने के प्रयास किए जाने चाहिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाए जाने चाहिए ताकि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़कर इन तालाबों में संग्रहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे उन क्षेत्रों में कम लागत पर कृषि, सिंचाई और पर्यटन को विकसित करने में मदद मिलेगी तथा बाढ़ से निपटने में भी मदद मिलेगी, जिससे अंततः स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। ब्रह्मपुत्र नदी में बार-बार आने वाली बाढ़ असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक बड़ी समस्या है, क्योंकि इससे हर साल कई लोगों की जान जाती है और हजारों हेक्टेयर भूमि जलमग्न हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में हिमनद झील के फटने से आई बाढ़ के कारण सिक्किम और उत्तराखंड में कई लोग मारे गए, सैकड़ों लोग बेघर हो गए और संचार लाइन तथा सड़क नेटवर्क टूटने जैसी घटनाएं हुई हैं। मानसून के दौरान सरकार के लिए यह एक और बड़ी चिंता बन गई है।

गृह मंत्री ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में सड़क निर्माण के डिजाइन में प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि बाढ़ की स्थिति में जलभराव की स्थिति से निपटा जा सके। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन शून्य हताहत दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन करने और केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़ निगरानी केंद्र आवश्यकताओं और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होने चाहिए।

# हरियाणा सरकार ने बैराज के सभी फाटक किए बंद : आतिशी

नयी दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।



आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन कल (शनिवार) जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं। उन्होंने कहा, मैं हरियाणा सरकार से हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए। जब तक हरियाणा सरकार उनके हक का पानी नहीं देती, हथिनीकुंड बैराज के फाटक नहीं खोले जाते, तब तक यह भूख हड़ताल जारी रहेगी।

शनिवार को अपने जल सत्याग्रह के एक वीडियो संदेश में आतिशी ने कहा था कि दिल्ली के 28 लाख लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं और जब तक हरियाणा शहर के लिए और पानी नहीं छोड़ता, वह कुछ नहीं खायेंगी। मंत्री ने कहा, आज मेरे अनिश्चितकालीन अनशन का तीसरा दिन है। मैं इस अनशन पर इसलिए बैठी हूं, क्योंकि दिल्ली में पानी का बहुत बड़ा संकट है।

संक्षेप

## दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर इंटरचेंज सुविधा मिलेगी

नयी दिल्ली। इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक ग्रीन लाइन के विस्तार के साथ नयी दिल्ली मेट्रो स्टेशन ट्रिपल इंटरचेंज सुविधा (तीन लाइन पर मेट्रो ट्रेनें बदलने की सुविधा) के रूप में उभरने के लिए पूरी तरह तैयार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 12.37 किलोमीटर लंबा इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर पहले से संचालित ब्रिगेडियर होशियार सिंह-इंद्रलोक ग्रीन लाइन कॉरिडोर (28.78 किमी) का ही विस्तार है। अधिकारियों ने कहा कि इस नए विस्तार से नयी दिल्ली स्टेशन को एक इंटरचेंज सुविधा के रूप में विस्तारित किया जाएगा जहां तीन लाइनें (येलो, ऑरेंज और अब ग्रीन लाइन) एक दूसरे से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इससे पूरे शहर के लिए कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि अब बहादुरगढ़ के साथ-साथ पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्सों जैसे नांगलोई, राजधानी पार्क, उद्योग नगर आदि से आने वाले यात्री सीधे नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे नयी दिल्ली स्टेशन तक पहुंचना अधिक सुविधाजनक हो जाएगा और स्टेशन के पास भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी क्योंकि अधिक लोग सड़क मार्ग की तुलना में मेट्रो से यात्रा करना पसंद करेंगे। मौजूदा नयी दिल्ली स्टेशन की तरह ही ग्रीन लाइन का नया विस्तार भी भूमिगत होगा।

# हिज्बुल्ला में सम्मिलित होंगे हजारों लड़ाके, की पेशकश

एजेंसी

बेरूत। पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित समूहों के हजारों लड़ाकों ने इजराइल के खिलाफ लड़ाई के लिए चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला में शामिल होने की पेशकश की है। ईरान समर्थित गुटों के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने यह जानकारी दी।

लड़ाकों का कहना है कि वे हिज्बुल्ला का साथ देने के लिए लेबनान आने को तैयार हैं। अक्टूबर की शुरुआत में हमास नियंत्रित गाजा पट्टी के लड़ाकों द्वारा दक्षिणी इजराइल पर हिंसक हमला करने के बाद से उत्तरी इजराइल के साथ लगी लेबनान की सीमा पर लगभग रोजाना गोलीबारी हो रही है। इस महीने उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तब और खराब हो गई जब दक्षिणी लेबनान में इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर की मौत हो गई। हिज्बुल्ला ने जवाबी कार्वाई करते हुए उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट दागे थे। पिछले दशक के दौरान लेबनान, इराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ईरान समर्थित लड़ाकों ने सीरिया के 13 साल के संघर्ष में एक साथ लड़ाई लड़ी है।

# अमेरिकी पोत सैन्य अभ्यास के लिए पहुंचा द. कोरिया

एजेंसी



सियोल। परमाणु ऊर्जा चालित अमेरिकी विमानवाहक पोत शनिवार को जापान के साथ त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचा। दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका, उत्तर कोरिया से लगातार मिल रही धमकियों के बीच यह सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। उत्तर कोरिया और रूस के बीच हाल में हुए नए समझौते ने इन देशों की चिताएं बढ़ा दी हैं। विमानवाहक पोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट के बुसान पहुंचने से एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब कर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच हुए एक बड़े समझौते पर आपत्ति जताई थी। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों ने इस माह की शुरुआत में सिंगापुर में मुलाकात की थी तथा साथ मिलकर फ्रीडम एड्ज अभ्यास की घोषणा की थी। दक्षिण कोरिया की सेना ने फिलहाल इस अभ्यास के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी है। कैरियर स्ट्राइक ग्रुप नाइन के कमांडर रियर एडमिरल क्रिस्टोफर अलेक्जेंडर ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य जहाजों की सामरिक दक्षता को बढ़ाना और देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बेहतर बनाना है।

# नीट घोटाले की जिम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की नौकरशाही में फेरबदल को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को खुद लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को एक स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भारतीय जनता पार्टीराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटिल हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया।



उन्होंने एक्स में एक पोस्ट में कहा, नीट घोटाले की जिम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। नौकरशाही में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद की गयी शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। केंद्र सरकार ने शनिवार को एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में अनियमितताओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। शिक्षा मंत्रालय ने नीट-पीजी परीक्षा भी स्थगित कर दी है जो हाल के दिनों में स्थगित होने वाली चौथी प्रतिस्पर्धी परीक्षा है। खरगे ने कहा कि नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गयी है और पिछले 10 दिनों में सभी चार परीक्षाएं या तो रद्द कर दी गयीं या स्थगित कर दी गयीं। उन्होंने आरोप लगाया, पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया हमारी शिक्षा प्रणाली में घुस गया है। खरगे ने कहा, देर से की गयी इस कवायद का कोई परिणाम नहीं निकलेगा क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं। नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की आलोचना करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पेपर लीक गिरोह और शिक्षा माफिया के आगे बेबस हैं। राहुल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अब नीट-पीजी भी स्थगितउ यह नरेन्द्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है।

# चीन के साथ झड़प, युद्ध शुरू नहीं करेगा फिलीपीन

एजेंसी

मनीला। फिलीपीन के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपीन की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह वहां उन नौसेना कर्मियों से मिलने और उन्हें पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपीन के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपीन के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्वाई करनी पड़ी।



पीछे नहीं हटेंगे : फिलीपीन

# हूती विद्रोहियों का लाल सागर में जहाज पर ड्रोन से हमला

एजेंसी

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक जहाज पर ड्रोन से हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में किया गया यह नवीनतम हमला है।

यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका ने लाल सागर में आठ महीने तक तैनात रखने के बाद अपने युद्ध पोत यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर को वापस बुला लिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए इन हमलों के कारण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोपीय बाजारों तक समुद्र के रास्ते वस्तुओं की आपूर्ति करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हूतियों का कहना है कि गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी रहने तक वे हमले करना जारी रखेंगे। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने बताया कि ड्रोन हमला विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट पर तड़के हुआ था। इसने कहा कि ड्रोन हमले से जहाज क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि उसपर सवार नाविक सुरक्षित हैं।

इंटरटेनमेंट...

# 'रौतू का राज' में पुलिस ऑफिसर बन लौटे नवाजुद्दीन

**मुंबई।** कहानी, रईस और रात अकेली है के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर पुलिस ऑफिसर के किरदार में फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 28 जून से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अलावा राजेश कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर नवाजुद्दीन और राजेश ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान दिलचस्प बातों का खुलासा किया।

नवाज ने बताया कि एक बार कमल हासन ने एक ऐसा टास्क दे दिया था कि उनकी रातें खराब हो गईं थी। लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उनके टास्क के वजह से एक ही किरदार को अगल- अलग तरीके से निभाने की प्रेरणा मिली। वहीं, राजेश ने बताया कि नवाज के साथ अपनी परफार्मेंस को मैच करने में थोड़ा सा नर्वस थे। सबसे बड़ी बात की 'हड्डी' के बाद एक बार फिर नवाज भाई के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिल रहा था। जब आपको एक अच्छे कलाकार के साथ काम करने का मौका मिले तो उसे नहीं छोड़ना चाहिए। फिल्म की कहानी और किरदार बहुत अच्छे हैं। मेरी पढ़ाई देहरादून में हुई है। फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड में हुई है। पहली बार लंबे आउटडोर शूटिंग करने का मौका मिल रहा था। यह सब कारण रहे हैं, फिल्म में काम करने का। इस फिल्म का किरदार मुझे काफी अलग लगा।



# 2025 में शुरू होगी 'डॉन 3' की शूटिंग

**मुंबई।** फरहान अख्तर ने कन्फर्म किया है कि रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म डॉन 3 की शूटिंग 2025 में शुरू हो जाएगी। खबरें ये भी थीं कि कटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म जी ले जरा ठंडे बस्ते में जा गिरी है। इस पर भी बात करते हुए फरहान ने कहा कि ये फिल्म बनेगी और इसे वे ही डायरेक्ट करेंगे।



18 जून को फरहान द्वारा निर्देशित फिल्म लक्ष्य के बीस साल पूरे हुए। इस मौके पर फरहान ने पिंकविला से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म डॉन 3 और जी ले जरा के बारे में बात की। फरहान ने कहा- हम अगले साल फिल्म डॉन 3 की शूटिंग करेंगे। मैं खुद इसका इंतजार कर रहा हूं। हमने फिल्म जी ले जरा की भी अनाउंसमेंट की है। इसका भी डायरेक्शन मैं ही करूंगा। मुझे किसी फिल्म का डायरेक्शन किए काफी समय हो गया है। मुझे इन फिल्मों का डायरेक्शन करने का बहुत मन करता है। फरहान से आगे सवाल किया गया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग डेट लॉक कर ली है या नहीं। इस पर उन्होंने कहा- यह बात सिर्फ मेरी तारीखों के बारे में नहीं है। प्रोजेक्ट में कई लोग शामिल हैं।

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में सान्या मल्होत्रा को अवॉर्ड

मुंबई। एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। एक्ट्रेस ने हाल ही में न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में 'मिसेज' में अपनी भूमिका के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है। खास बातचीत के दौरान सान्या ने अवॉर्ड मिलने पर अपना पहला रिएक्शन शेयर किया।



एक्ट्रेस ने कहा- सुबह सात बजे मैं उठी थी। देखा मेरे डायरेक्टर आरती और प्रोड्यूसर हरमान बावेजा का मैसेज आया था। मैंने तो सोचा भी नहीं था कि मुझे अवॉर्ड मिलेगा। मैं वहां फिल्म की स्क्रीनिंग के समय नहीं जा पाई थी। मेरे दिमाग में यही चल रहा था।

# 'इश्क विश्क रीबाउंड' की 1.20 करोड़ की ओपनिंग

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन, रोहित सराफ, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल स्टारर फिल्म 'इश्क विश्क रीबाउंड' रिलीज हो चुकी है। इस टीनएज रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म ने थिएटर्स में पहले दिन 1 करोड़ 20 लाख रुपए का कलेक्शन किया। ओपनिंग डे पर इस फिल्म की ओवरऑल ऑक्यूपेंसी 15.37% रही। यह 2003 में रिलीज हुई शाहिद कपूर और अमृता राव स्टारर सुपरहिट फिल्म 'इश्क विश्क' की स्पिरिचुअल सीक्वल है। इसे मराठी एक्टर-डायरेक्टर निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने डायरेक्ट किया है। बतौर डायरेक्टर यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है। वहीं दूसरी तरफ हॉरर-कॉमेडी 'मुंज्या' ने 15वें दिन 'मुंज्या' ने 3.31 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसकी ऑक्यूपेंसी 14.40% रही। इसके साथ ही फिल्म का टोटल कलेक्शन 74.31 करोड़ रुपए हो चुका है। शरवरी, अभय और मोना सिंह स्टारर 'मुंज्या' ने पहले हफ्ते में 36.50 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 34.50 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com